राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड, अभी आराम देने का कोई ...

हमास की सीज फायर पर सहमति को इजराइल ने ठुकराया, राफा में ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 28 | नई दिल्ली, बुधवार, 08 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी के फर्जी हस्ताक्षर वाला पत्र वायरल, चुनाव आयोग पहुंची बंगाल कांग्रेस

कोलकाता,एजेंसी। कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी के फर्जी हस्ताक्षर वाला एक पत्र वायरल किया गया है। कांग्रेस ने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। चुनाव आयोग को दिए अपने पत्र में कांग्रेस ने कहा है कि टीएमसी ने राहुल गांधी के हस्ताक्षर की नकल की और पश्चिम बंगाल के मालदा दक्षिण लोकसभा क्षेत्र में मतदान से पहले मतदाताओं को भ्रमित करने के लिए फर्जी पत्र जारी किया। यह फर्जी पत्र पुलिस द्वारा कांग्रेस के बहरामपुर उम्मीदवार अधीर चौधरी के एक वीडियो क्लिप के साथ छेड़छाड़ किए जाने के कुछ दिनों बाद सामने आया। राज्य कांग्रेस के एक नेता ने शिकायत में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि राहुल गांधी के हस्ताक्षर को टीएमसी के बदमाशों द्वारा नकली बनाया गया है और मालदा दक्षिण संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के बीच गलत सूचना फैलाने के लिए बंगाली भाषा का उपयोग करके एक फर्जी बयान जारी किया गया है, जो लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के खिलाफ है।

### लोस चुनाव: तीसरे चरण में 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद

# बिहार की 5 सीटों पर 60 फीसदी मतदान

## सुपौल में सबसे अधिक 62 फीसदी और झंझारपुर में सबसे कम 55 प्रतिशत वोटिंग



**तीसरा चरण का मतदान**

| | |
|---|---|
| सुपौल | 62.00 प्रतिशत |
| मधेपुरा | 61. 00 प्रतिशत |
| अररिया | 62. 50 प्रतिशत |
| खगड़िया | 58.00 प्रतिशत |
| झंझारपुर | 55.50 प्रतिशत |

प्रात : किरण

पटना। बिहार में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में मंगलवार को वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक राज्य में 60 फीसदी मतदान हुआ। अररिया में सर्वाधिक 62.80 और सुपौल में 62.40 फीसदी वोट डाले गए। मधेपुरा में 61 प्रतिशत तो खगड़िया में 58.20 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे कम झंझारपुर में 55.50 प्रतिशत वोट पड़े। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक फाइनल आंकड़े में बढ़ोतरी संभव है। बिहार के सीईओ एचआर श्रीनिवास के मुताबिक तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे दो कर्मचारियों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अररिया में होमगार्ड जवान तो सुपौल में पीठासीन अधिकारी की जान चली गई। बेलदौर के दो बूथों पर ईवीएम में छेड़छाड़ और मतदान को बाधित करने की कोशिश की गई। अन्य सभी जगहों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सुपौल में बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने भी अपने मतधिकार का प्रयोग किया और वोट डाला। साथ ही लोगों से भी मतदान की अपील की। तीसरे चरण में एनडीए समर्थित जदयू के तीन और भाजपा एवं लोजपा- आर के एक-एक प्रत्याशी तथा इंडिया गठबंधन समर्थित राजद के तीन और भाकपा व वीआईपी के एक-एक उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, बसपा के पांच उम्मीदवार एवं 19 निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है। संसदीय क्षेत्रों से लगी भारत और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा को 48 घंटे पहले ही सील कर दी गई। इस चरण के सभी 9848 बूथों पर चाक-चौबंद सुरक्षा को लेकर हथियारबंद अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई।

पिछले दोनों चरणों में कम वोटिंग को भी बेहतर करने के लिए चुनाव आयोग की कोशिश काम आई। जिससे इस बार बेहतर वोटिंग हुई है। हालांकि 2019 की तुलना में इस बार वोटिंग परसेंट कम रहा है।

तीसरे चरण में 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इनमें 51 पुरुष और 3 महिलाएं चुनाव मैदान में हैं। झंझारपुर में 10, सुपौल में 15, अररिया में 9, मधेपुरा में 8 और खगड़िया में 12 उम्मीदवार मैदान में है। बिहार में 98 लाख 60 हजार 397 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 51 लाख 29 हजार 473 पुरुष तो 47 लाख 30 हजार 602 महिला मतदाता थे।

### गृह मंत्री अमित शाह समेत सात मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद

## तीसरे दौर में 93 सीटों पर हुई वोटिंग

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को खत्म हो गया। तीसरे दौर में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर वोटिंग हुई है। गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया समेत सात मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में कैद हो गया। दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान समेत पांच पूर्व मुख्यमंत्री भी इस चरण में चुनाव में मैदान में रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की किस्मत भी इसी चरण में ईवीएम में बंद हो गई। जिन 93 सीटों पर वोटिंग हुई है उनमें 2019 में 66.89% मतदान दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा 90.66% मतदान असम की धुबरी सीट पर हुआ था। वहीं सबसे कम 54.53% मतदान मध्य प्रदेश की भिंड सीट पर हुआ था।

## 2019 की तुलना बिहार में इस बार 1.22 प्रतिशत मतदान कम

राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक बिहार की पांच लोकसभा सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में शाम 6 बजे तक औसत 60.00 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि 2019 में ओवर ऑल प्रतिशत 61.22% था। 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना इस बार 1.22% कम वोटिंग हुई। बता दें कि तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान मौसम सुहाना हो गया था। जिसके चलते लोग बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। तीसरे चरण के चुनाव में पिछले दो चरणों के चुनाव से अधिक वोटिंग हुई है लेकिन 2019 के चुनाव से 1.22 प्रतिशत वोटिंग कम हुआ। हालांकि मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए चुनाव आयोग ने सभी तरह की जरूरी इंतजाम कर रखा था। बात पहले चरण के मतदान की करें तो गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई लोकसभा सीट पर भीषण गर्मी के कारण उत्साह में थोड़ी कमी देखने को मिली थी। इसी वजह से बिहार के इन चार लोकसभा सीटों पर ओवरऑल मतदान प्रतिशत 48.23 प्रतिशत रहा। औरंगाबाद में 50 प्रतिशत, गया में 52 प्रतिशत, नवादा में 41.50 प्रतिशत और जमुई में जमुई 50 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गयी। जबकि बिहार में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में 5 सीटों पर मतदान हुआ था। इस चरण में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर एवं बांका सीट पर वोटिंग हुई। शाम 6 बजे तक राज्य में कुल 58.58 फीसदी मतदान हुआ। पहले चरण से 10 फीसदी ज्यादा मतदान दूसरे चरण में हुआ। पहले चरण में 48.23 प्रतिशत ही मतदान हुआ था जबकि दूसरे चरण से 58.58 फीसदी ओवरओल दर्ज किया गया। 07 मई को तीसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ जिसमें 60 प्रतिशत मतदान ओवरओल हुआ।

## कांग्रेस छोड़ आए नेता का खुलासा, 'शहजादे' का इरादा राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने का : मोदी



प्रात : किरण

खरगोन/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को जम कर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस छोड़ चुके लोगों की बातों से पार्टी के खतरनाक इरादों के बारे में सुनने को मिल रहा है और ऐसे एक नेता ने खुलासा किया है कि कांग्रेस के 'शहजादे' का इरादा राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है। श्री मोदी यहां खरगोन और खंडवा संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी उपस्थित थे। इस संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। मतदान के दिन सुबह सुबह यहां पहली सभा को संबोधित करने पहुंचे श्री मोदी ने कांग्रेस पर ताबड़तोड़ हमले बोले। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले किसके लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वो अपनी अपनी विरासत बचाने, अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंप कर जाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत इतिहास के अहम मोड़ पर खड़ा है, अब ये जनता को तय करना है कि भारत में 'वोट जेहाद' चलेगा या रामराज्य। पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जेहाद की धमकी दे रहे हैं और यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है कि मोदी के खिलाफ वोट जेहाद करो, यानी मोदी के खिलाफ खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। क्या संविधान 'वोट जेहाद' की अनुमति देता है। कांग्रेस छोड़ने वाले लोगों का संदर्भ देते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, ये समझने के लिए उन लोगों की बात सुननी होगी जो 20-20 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं। ऐसे लोग अब लगातार कांग्रेस छोड़ रहे हैं। ऐसी ही एक महिला ने कहा कि वे राममंदिर गई तो उन्हें इतना टॉर्चर किया गया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। एक और व्यक्ति ने कहा कि कांग्रेस पर मुस्लिम लीग और माओवादियों ने कब्जा कर लिया। तीसरे ने एक और साजिश से पर्दा हटाया और कहा कि 'शहजादे' का इरादा राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है। इसके साथ ही उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जैसे 'शहजादे' के पिता ने शाहबानो केस में फैसला पलटा था, वैसे ही कांग्रेस राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की सोच रही है। चौथे ने कहा कि पिछले दो साल से कांग्रेस बड़ी साजिश में जुटी है।

## बिहार में लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी

पटना/एजेंसी। बिहार में लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण की आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम (सु.), काराकाट और जहानाबाद के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई।निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, लोकसभा की आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम (सु.), काराकाट और जहानाबाद में के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से इन संसदीय क्षेत्रों में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सातवें चरण के चुनाव वाली इन आठ सीटों के लिए उम्मीदवार उम्मीदवार 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल करेंगे और इन पत्रों की जांच 15 मई को होगी तथा 17 मई तक नाम वापस लिया जा सकेगा।

## अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान किया, लोगों से स्थिर सरकार चुनने की अपील की

प्रात : किरण

अहमदाबाद,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के तहत अहमदाबाद के एक मतदान केंद्र पर मंगलवार को सुबह अपने मताधिकार का उपयोग किया और मतदाताओं से देश को समृद्ध बनाने के लिए समर्पित स्थिर सरकार चुनने की अपील की। गांधीनगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार शाह ने यहां नारणपुरा इलाके में मतदान केंद्र पर जाते हुए लोगों का अभिवादन किया, उनसे बातचीत की और ऑटोग्राफ दिए।

शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, पुत्र जय शाह और परिवार के अन्य सदस्य भी थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने मतदान केंद्र से बाहर निकलकर लोगों के सामने अपनी स्याही लगी उंगली



दिखाई।केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, मैं देश के और गुजरात के सभी मतदाताओं से अपील करना चाहूंगा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में उत्साह से भाग लें। एक स्थिर सरकार चुनें जो देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए समर्पित हो, जो गरीबों के कल्याण के लिए तथा भारत के गौरव के लिए काम करती हो। उन्होंने लोगों से ऐसी सरकार चुनने की भी अपील की जो भ्रष्टाचार के खिलाफ हो और गरीबी समाप्त करना चाहती हो, देश को आत्म-निर्भर, विकसित तथा दुनिया में हर क्षेत्र में अव्वल बनाना चाहती हो। शाह ने कहा कि गुजरात में आज सुबह मतदान की रफ्तार बहुत उत्साहजनक थी।उन्होंने विश्वास जताया कि लोग ऐसी सरकार चुनेंगे जो स्थिरता और सुरक्षा प्रदान करेगी तथा भारत को गरीबी से मुक्त बनाएगी। गृह मंत्री ने कहा, मैं लोकतंत्र के इस उत्सव पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। और मैं एक बार फिर उनसे उत्साह के साथ मतदान करके लोकतंत्र के इस उत्सव में सहभागी होने की अपील करता हूं।

## आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है : लालू

प्रात : किरण



पटना । राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। श्री लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। पीएम को इतनी सी भी समझ नहीं है। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या नरेंद्र मोदी ने कभी मंडल कमीशन और उसकी सिफारिशें बढ़ा दी है? मंडल कमीशन में 3500 से अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है जिसमें अन्य धर्मो की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

ये हमसे बड़े और असली ओबीसी नहीं ना है? हमसे ज्यादा गरीबों, पिछड़ों और दलितों की इनको समझ नहीं है। ये लोग बस एक-दूसरे को लड़ाते है। बाबा साहेब के संविधान और जननायक कपूरी ठाकुर जी द्वारा दिए गए आरक्षण को खत्म करने की संघियों और भाजपाइयों की पुरानी ख्वाहिश और साजिश रही है। सन् 2000 में एनडीए की भाजपाई सरकार ने तो बाजाब्ता संविधान समीक्षा आयोगह्व ही गठित कर दिया था। ये लोग संविधान को मानते ही नहीं, अगर संविधान को मानते तो नफरत फैलाने वाली विभाजनकारी भाषा का प्रयोग नहीं करते।

## बीजेपी विशुद्ध रूप से आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि बीजेपी विशुद्ध रूप से आरक्षण विरोधी है। बिहार में मात्र 17 महीनों में हमारी सरकार ने राजद के सामाजिक न्याय, नीतियों एवं प्रतिबद्धता के चलते देश में प्रथम बार जातिगत गणना करवाने तथा आरक्षण सीमा बढ़ाकर 75% करने का ऐतिहासिक कार्य किया।

कहा कि हमारी पहल पर ही बिहार कैबिनेट ने राज्य सरकार की नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में वंचित जातियों का आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए जाने संबंधी संशोधित प्रावधानों को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार से बारम्बार अनुरोध किया लेकिन आरक्षण विरोधी बीजेपी सरकार ने गलत मंशा के चलते अभी तक इसे 9वीं अनुसूची में नहीं डाला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि

मोदी सरकार ने देशभर में जातिगत जनगणना कराने के हमारे प्रस्ताव को कभी भी स्वीकृति ही नहीं दी बल्कि जातिगत जनगणना रुकवाने के लिए अर्थात देश के ह्वसॉलिसिटर जनरलह्व को भी सुप्रीम कोर्ट में खड़ा किया।

इससे स्पष्ट होता है की बीजेपी और मोदी सरकार एकदम आरक्षण, वंचित वर्गो के उत्थान एवं उत्थान दलित, पिछड़ा, आदिवासी, गरीब और बहुजन विरोधी है।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
नई दिल्ली, बुधवार, 08 मई, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### आंधी-तूफान ने स्कूटी सवार 2 लोगों की ली जान, खौफनाक मंजर देख सहमे लोग

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सोमवार को आंधी-तूफान के दौरान एक दोपहिया वाहन पर एक पेड़ गिर गया जिससे उस पर सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिला आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने यहां बताया कि घटना मोरी मोटर मार्ग पर हिसरा बैंड के पास करीब साढ़े तीन बजे हुई जब आंधी-तूफान के दौरान चीड़ का पेड़ स्कूटी पर गिर गया। स्कूटी सवार दोनों मृतकों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी। उनकी पहचान मोरी के रहने वाले प्रकाश नौटियाल (54) और मोहम्मद शाहिद (50) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान एक और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी लेकिन उस पर सवार लोग बाल-बाल बच गए।

### खेल विभाग के हॉस्टल तक पहुंची जंगल की आग, छात्र-छात्राओं ने भागकर बचाई जान

**पौड़ी , एजेंसी।** कंडोलिया-टेका मार्ग पर लगी आग की चपेट में खेल विभाग का हॉस्टल भी आ गया। आग लगती देख हॉस्टल में छात्र-छात्राएं तुरंत बाहर भागे। इसके बाद आग हॉस्टल के कमरे तक जा पहुंची। पौड़ी मुख्यालय के पास के जंगलों में लगी आग खेल विभाग के हॉस्टल तक जा पहुंची। आग लगता देख सभी 11 छात्र-छात्राएं हॉस्टल से बाहर भागे। वह सुरक्षित बच गए लेकिन हॉस्टल का कमरा और यहां रखी खेल सामग्री व दस्तावेज आग में जल गए। सूचना पर पहुंचे डीएम डॉ. आशीष चौहान ने नुकसान का जायजा लिया। डीएम ने वनों की सुरक्षा के लिए कूड़ा व अन्य अपशिष्ट पदार्थों एवं कृषि भूमि पर पराली जलाने पर एक सप्ताह तक प्रतिबंध लगाने के निर्देश दे दिए हैं। बीते रविवार को कंडोलिया-टेका मार्ग पर लगी आग की चपेट में खेल विभाग का हॉस्टल भी आ गया। आग लगती देख हॉस्टल में छात्र-छात्राएं तुरंत बाहर भागे। इसके बाद आग हॉस्टल के कमरे तक जा पहुंची। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे डीएम ने विभाग को तत्काल नुकसान के सामान की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि खेल के सामान की जो भी क्षति हुई है उसका मुआवजा दिया जाएगा। डीएम ने लोगों से वनाग्नि की घटनाओं की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के टोल फ्री नं. 18001804141 पर देने की अपील की है। इस मौके पर प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संदीप डुकलान आदि शामिल रहे। ब्लॉक पाबौ के चोपड़ा गांव के जंगल में लगी आग गांव तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाई। ग्रामीण मनोज रावत ने बताया की वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जंगलों की आग अब गांव तक पहुंचने लगी है। आग से आधा हेक्टेयर जंगल जल चुका है।

### सूर्य पर उभरा पृथ्वी से दस गुना बड़ा सनस्पॉट, लगातार हो रही हलचल

**नैनीताल, एजेंसी।** सूर्य की सतह पर इन दिनों सनस्पाट (सौर कलंक) उभर रहे हैं। खतरनाक सनस्पाट (एआर-3663) पृथ्वी से दस गुना बड़ा आकार ले चुका है और यह अब तक का सबसे बड़ा सनस्पाट है। सौर विज्ञानियों ने इस सप्ताह इसमें जबरदस्त विस्फोट की आशंका जताई है। नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर विज्ञानी डा. वहाबउद्दीन के अनुसार एआर-3663 अप्रैल की शुरुआत में अस्तित्व में नहीं आया था। इसके बाद इसने तेजी से उभरना शुरू किया और यह सूर्य की सतह पर जबरदस्त ढंग से विशाल आकार के साथ फैल चुका है। इस सनस्पाट का विकास अप्रत्याशित तरीके से हुआ है। इसमें लगातार विस्फोट भी हो रहे हैं और यह ज्वालाओं के साथ चटक रहे है।

# टैंकर से पानी भरने के लिए बच्चे, महिलाएं लगा रही हैं दौड़

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
तापमान बढ़ने के साथ जिले के विभिन्न हिस्सों में पेयजल संकट गहरा गया है। गुरुड़ाबांज, गुणादित्य, मेलगांव, मोतियापाथर, वैचना, वाड़ तल्ला, सन्याड़ी, धौलादेवी, डीनापानी सहित अन्य हिस्सों में जलापूर्ति ठप रही और नल सूखे रहे। ऐसे में क्षेत्र की 14 हजार से अधिक की आबादी को पानी के लिए तरस रही है।

लोग प्राकृतिक जल स्रोतों और गधेरों की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं। सूचना के बाद जल संस्थान ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पानी बांटा। टैंकर देखते ही बच्चे और महिलाएं खाली बर्तनों के साथ दौड़ पड़ीं। पानी मिलने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। जल संस्थान के जेई विरेंद्र मेहता ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर, पिकअप वाहनों से लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। संवाद

चौखुटिया(अल्मोड़ा)। नगर पंपिंग पेयजल योजना के गनाई टैंक की पाइप लाइन में खराबी आने से मुख्य बाजार सहित आसपास के हिस्सों में जलापूर्ति ठप रही, इससे आठ हजार से अधिक की आबादी को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बाजार सहित




गनाई, दिगौत और ग्वेलचोड़ा के लोगों को पानी के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जल संस्थान के अधिकारियों के मुताबिक लाइन ठीक करने में समय लग सकता है। ऐसे में सोमवार को भी जलापूर्ति ठप रहेगी। जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता सोनू भट्ट ने कहा कि पाइप लाइन में खराबी के चलते जलापूर्ति प्रभावित हुई है। जल्द आपूर्ति बहाल होगी।

## युवती को भगाकर की शादी तो युवक के पिता को लड़की के घरवालों ने पीटकर मार डाला, हत्या का केस दर्ज

**नारसन (हरिद्वार) , एजेंसी।** एसएसपी ने बताया कि मृतक के पुत्र ने युवती से शादी कर ली है। इस मामले में राजन और हरिओम, निवासी तांशीपुर और चार अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

हरिद्वार के नारसन में युवक ने प्रेमिका को भगाकर शादी की तो इससे नाराज युवती के परिजनों ने उसके पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। साथ ही एक युवक को भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए। सूचना मिलते ही एसएसपी, एसपी देहात समेत भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और जानकारी ली। इस मामले में राजन और हरिओम, निवासी तांशीपुर और चार अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार सहारनपुर जिले के थाना नागल क्षेत्र के एक गांव के युवक की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार को दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली। इस बात से नाराज लड़की के परिवार वाले युवक के घर पहुंचे और दोनों के बारे में पूछताछ की। युवक के पिता ने जानकारी होने से इनकार कर दिया।

इस पर युवती के परिजन युवक के पिता को साथ लेकर दोनों की तलाश में निकल पड़े। उनके साथ एक और युवक भी था। रविवार की शाम पुलिस के पास एक नंबर से कॉल पहुंची थी कि कुछ लोगों ने सकौती मार्ग पर उनके साथ मारपीट की है। सूचना मिलते ही मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक ने पुलिस को बताया कि युवती के परिजनों ने रास्ते में प्रेमी के पिता और उसके साथ मारपीट की है।

## बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी का टिहरी राजपरिवार ने किया पट्टाभिषेक, 47 साल बाद ऐतिहासिक परंपरा पुनर्जीवित



**नई टिहरी, एजेंसी।** उत्तराखंड के टिहरी राजवंश ने नरेंद्रनगर राजमहल में बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी का सोमवार को पट्टाभिषेक करके इस ऐतिहासिक परंपरा को 47 साल बाद पुनर्जीवित किया।

जानकारी के अनुसार, इससे पूर्व आखिरी बार बदरीनाथ धाम के रावल टी केशवन नंबूदरी का 1977 में पट्टाभिषेक किया गया था। बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जा रहे हैं। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की पहल पर टिहरी राजदरबार में राज पुरोहित कृष्ण प्रसाद उनियाल के विधि-विधान से पूजा करने के बाद बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल नंबूदरी का महाराजा मन्युजेंद्र शाह, महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह और राजकुमारी श्रीजा ने पट्टाभिषेक किया। इस दौरान राज परिवार ने रावल को हाथ में सोने का कड़ा धारण करवाया और अंग वस्त्र भी भेंट किए। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी मौजूद थे।

वहीं मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पूर्व में महाराजा टिहरी द्वारा रावल की नियुक्ति करके यह परंपरा निभाई जाती थी। पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा रावल को धारण करवाना उसी परंपरा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 1977 तक यह परंपरा निभाई जाती रही और आखिरी बार धाम के रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था। इसके बाद यह परंपरा रुक गई थी।

## जरूरत पड़ी तो उत्तराखंड यूसीसी में किया जा सकता है संशोधन : विधानसभा अध्यक्ष

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने कहा कि लोगों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर राज्य में हाल ही में लागू समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में जरूरत पड़ने पर बदलाव किए जा सकते हैं।

भूषण ने भारतीय महिला प्रेस कॉर्प में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह उम्मीद भी जताई कि अंकिता भंडारी की हत्या के मामले में न्याय जरूर मिलेगा। यूसीसी के बारे में पूछे जाने पर राज्य विधानसभा की अध्यक्ष ने कहा कि कानून में महिला सशक्तीकरण के प्रावधान हैं। उन्होंने कहा, जहां तक यूसीसी का सवाल है, महिलाएं समाज की सबसे कमजोर कड़ी हैं। अगर मैं कहती हूं कि महिलाओं को संपत्ति का अधिकार मिलना चाहिए, तो इसमें गलत क्या है? वे इसकी हकदार हैं। सहजीवन संबंध में रहने वाले प्रेमी जोड़ों को रिश्ते का पंजीकरण करवाने की जरूरत वाले राज्य के यूसीसी के विवादास्पद प्रावधान का बचाव करते हुए भूषण ने कहा कि प्रेमी जोड़ों को अपना निर्णय स्वयं



लेने की आवश्यकता है। भूषण ने कहा, अगर 18 साल का कोई व्यक्ति सहजीवन संबंध में रहना चाहते हैं, तो क्या उन्हें इसकी जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए? यह 21वीं सदी है, अगर आप इतना बड़ा निर्णय ले रहे हैं, तो इसे स्वीकार भी करें।

भूषण ने यह भी कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं के साथ बातचीत के दौरान सहजीवन संबंध का मुद्दा नहीं उठा और यह उनके लिए यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, यह कानून (यूसीसी) दो साल के विचार-विमर्श के बाद लाया गया है। अगर समाज को लगता है कि इसमें संशोधन की जरूरत है तो हम ऐसा करेंगे। यह यूसीसी का अंत नहीं है, यह वह नहीं है, जो देश में सामने आने वाला है। उन्होंने कहा, सरकार देखेगी कि क्या हमें किसी संशोधन की जरूरत है।

## कुमाऊं में 482 जगह लगी आग; 36 दिन रहे भारी...लगातार जलते रहे जंगल

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जंगल की आग की दृष्टि से 36 दिन भारी रहे हैं। इस दौरान कुमाऊं में चार सौ से अधिक वनाग्नि की घटनाएं हुईं। इसमें सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

जंगल की आग की दृष्टि से 36 दिन भारी रहे हैं। इस दौरान कुमाऊं में चार सौ से अधिक वनाग्नि की घटनाएं हुईं। इसमें सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। वन मुख्यालय ने वनाग्नि नियंत्रण के लिए जनपदवार नोडल अधिकारी भी नामित किए हैं।

जंगल में आग की घटनाएं सर्दियों में शुरू हो गईं थीं लेकिन, इनकी संख्या कम थी। पर बर्फबारी, बारिश न होने से जंगल शुष्क हो गए। नवंबर 2023 से एक अप्रैल



2024 तक कुमाऊं में जंगल की आग की 9 घटनाएं जंगलात ने रिपोर्ट की थी। इसके अलावा गढ़वाल मंडल में 15 और वन्यजीव क्षेत्र में 15 घटनाएं हुईं थीं।

कुमाऊं मंडल में वनाग्नि की घटनाओं में 11.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनों को नुकसान पहुंचा। इसके बाद जंगल की आग की घटनाएं बढ़ गईं। छह मई तक कुमाऊं में वनाग्नि की संख्या 482 हो गई। इन घटनाओं में 663 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा।

जंगल की आग को बुझाने के लिए एयर फोर्स का हेलीकाप्टर भी अप्रैल माह में पहुंचा था और उसने नैनीताल जनपद में जंगल की आग बुझाने के लिए पानी की बौछार की थी। इसके अलावा नैनीताल वन प्रभाग में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची। इसके अलावा फारेस्ट ट्रेनिंग अकादमी के प्रशिक्षु रेंजरों को भी वनाग्नि नियंत्रण के कार्य में सहयोग के लिए भेजा गया।

प्रदेश में नवंबर-2023 के बाद से छह मई तक जंगल की आग की 930 घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें गढ़वाल में 365, कुमाऊं में 491 और वन्यजीव क्षेत्र में 74 घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में 1196.48 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनों को नुकसान हुआ है।

## सिर्फ घोषणा तक सिमट गया सिमतोला पार्क का सौंदर्यीकरण

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सिमतोला ईको पार्क का सौंदर्यीकरण कर पर्यटकों को लुभाने की योजना परवान नहीं चढ़ सकी है और यह सिर्फ घोषणा तक ही सिमटकर रह गई है। पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए भेजा गया 62 लाख रुपये का प्रस्ताव छह माह से शासन में धूल फांक रहा है।

नगर से करीब 12 किमी दूर पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिमतोला ईको पार्क 2010 में अस्तित्व में आया। 64 एकड़ आरक्षित वन भूमि में फैले देवदार, बबूल, चीड़ के पेड़ों से घिरे इस पार्क में सुविधाओं का विस्तार कर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वन विभाग ने इसके सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की। बकायदा यह योजना सीएम घोषणा में शामिल है और बीते वर्ष अक्तूबर माह में 62.42 लाख का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। छह महीने बाद भी प्रस्ताव फाइलों में ही सिमटकर रह गया है। सुविधाओं के अभाव में गिने चुने पर्यटक ही पार्क का रुख करते हैं।

## सूखने लगीं जल संस्थान की योजनाएं, गहराया पेयजल संकट

**मौलेखाल (अल्मोड़ा), एजेंसी।** गर्मी का असर पेयजल योजनाओं पर पड़ने लगा है। जलस्तर कम होने से योजनाएं सूखने लगी हैं और लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। सल्ट विकासखंड के 50 गांवों की प्यास बुझाने वाली क्षेत्र की सबसे बड़ी गुलार-करगेत पेयजल योजना ने जवाब दे दिया है। हालात यह हैं कि इस योजना से किसी तरह तीसरे दिन सिर्फ 40 से 50 लीटर पानी ही लोगों को मिल रहा है। ऐसे में 15 हजार से अधिक की आबादी जल संकट से जूझ रही है। सल्ट विकासखंड के मौलेखाल, शशिखाल, पोखरी, बैला, देवायल, हिनौला, करगेत, कपरढैया, जालीखान सहित 50 गांवों को जलापूर्ति करने के लिए 1965 में गुलार-करगेत पेयजल योजना का निर्माण किया गया था जो क्षेत्र की सबसे बड़ी योजना है। गर्मी बढ़ने के साथ गुलार गधेरे का पानी 90 प्रतिशत से अधिक घट गया है और इससे संचालित योजना जवाब देने लगी है। बीते एक माह से इस योजना से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही और इन गांवों की 15 हजार से अधिक की आबादी जल संकट से जूझ रही है। योजना से एक परिवार को तीसरे दिन सिर्फ 40 से 50 लीटर पानी मिल रहा है जो की काफी नहीं है। ऐसे में जल संस्थान टैंकरों से लोगों को पानी उपलब्ध कराने की कठिन चुनौती से गुजर रहा है। सड़क से सटे गांव के लोगों को पानी मिल रहा है, लेकिन दूरस्थ गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। संवाद गुलार-करगेत पेयजल योजना से सीएचसी देवायल में जलापूर्ति होती है।

### जौलीग्रांट पहुंचा एमआई-17 हेलीकॉप्टर, बदरी-केदार की हेली सेवा 15 जून तक फुल

**जौलीग्रांट (ऋषिकेश)। , एजेंसी।** आगामी 10 मई से यह 18 सीटर हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर पहले केदारनाथ के लिए उड़ान भरेगा। उसके बाद 12 मई को बदरीनाथ के कपाट खुलने पर यह दोनों धामों बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए उड़ान भरेगा।

बदरीनाथ और केदारनाथ की हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने के लिए रुद्राक्ष एविएशन का एमआई-17 ट्विन इंजन हेलीकॉप्टर जौलीग्रांट पहुंच चुका है। यह दोनों धामों की यात्रा कराएगा। फिलहाल, जौलीग्रांट से बदरी-केदार की हेलिकॉप्टर सेवा 15 जून तक फुल हो गई है। आगामी 10 मई से यह 18 सीटर हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर पहले केदारनाथ के लिए उड़ान भरेगा। उसके बाद 12 मई को बदरीनाथ के कपाट खुलने पर यह दोनों धामों बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए उड़ान भरेगा।

## बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे और मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी न होने से संगत में आक्रोश

**नानकमत्ता, एजेंसी।** धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के सवा महीने बीतने के बाद हत्याकांड के मास्टर माइंड व फरार हत्यारे कि अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी हहै। इससे आक्रोशित संगत ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर हत्या के षड्यंत्र में शामिल मास्टरमाइंड की शीघ्र गिरफ्तारी व कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। रविवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में संगत डेरा कार सेवा परिसर में एकत्रित हुई। संगत ने डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने हरबंस सिंह चुघ पर हत्या के षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद से तत्काल हटाने की मांग की। कहा कि हत्याकांड के षडयंत्र में शामिल नामजद आरोपी को इतने सम्मानित पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है, न ही संगत उनको इस पद पर स्वीकार करेगी। अध्यक्ष की ओर से स्वयं पद से इस्तीफा देने व वापस लेने के नाटक की निंदा की। संगत ने पुलिस की अब तक की जांच व एक हत्यारोपी के एनकाउंटर करने के कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि निष्पक्ष होकर हत्याकांड की जांच करते हुए नामजद हरबंस सिंह चुघ , प्रीतम सिंह संधू, बाबा अनुप सिंह और हत्यारे सर्बजीत के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे। वहां भूपेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, दर्शन सिंह, बलविंदर सिंह, हरमेल सिंह, गुरनाम सिंह, दलजीत सिंह, मुख्तियार सिंह आदि थे।

## चमोली में अलकनंदा का जलस्तर बढ़ने से कच्चे तटबंध बहे, श्रमिकों ने भागकर बचाई जान

**चमोली, एजेंसी।**
उत्तराखंड के एनटीपीसी की निर्माणाधीन तपोवन-विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना की हेलंग स्थित पावर हाउस साइट पर सोमवार को अचानक अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे वहां बनाए गए कच्चे तटबंध बह गए और एक दर्जन से अधिक श्रमिकों ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई।

नदी का जलस्तर बढ़ने से सुरक्षा निर्माण कार्यों के साथ ही संबंधित कंपनी की मशीनों व अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचा है। नदी के जलस्तर में वृद्धि सीमांत नीती व माणा घाटी में वर्षा होने के कारण हुई।

520 मेगावाट की निर्माणाधीन तपोवन-विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना के हेलंग अणिमठ पावर हाउस के ठीक नीचे अलकनंदा नदी तट




पर एनटीपीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण करा रही है। पावर हाउस के नीचे भू-कटाव न हो, इसके लिए कच्चे तटबंध भी बनाए गए हैं। ताकि नदी के तेज बहाव से आरसीसी दीवार को नुकसान न हो।

सोमवार को सीमावर्ती नीती व माणा घाटी में वर्षा होने से अलकनंदा व धौलीगंगा का जलस्तर बढ़ गया। इससे परियोजना के कच्चे तटबंध बह गए और अलकनंदा तट की निर्माण साइट पर कंपनी की मशीन भी नदी में डूब गईं। हालांकि, जेसीबी पोकलैंड मशीनों को समय पर किनारे कर दिया गया था।

एनटीपीसी के प्रबंधक मानव संसाधन राजेंद्र जयाड़ा ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने से कच्चे तटबंध बहे हैं। कंपनी की कुछ मशीन व अन्य सामान को भी क्षति पहुंची है। वहीं, चमोली के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। निर्माण कार्य में लगे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं।

# दिल्ली में कांग्रेस की नैया पार लगाएंगे सचिन पायलट, बिजेंद्र सिंह और सीपी जोशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव आगामी 25 मई को होने जा रहे हैं। चुनावों से पहले कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है लेकनि अब पार्टी ने इसको थामने और पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की कवायद तेज कर दी है। कांग्रेस ने राजस्थाअन के पूर्व डप्टिी सीएम और वरष्ठिह नेता सचनि पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सहि और डॉ. सीपी जोशी को दल्लिीर की तीन लोकसभा सीटों पर बड़ी जम्मिनदारी देते हुए आब्जधर्वर नियुक्त5 कयिा है। सचनि पायलट को नॉर्थ ईस्टर लोकसभा क्षेत्र का ऑब्जरर्वर नियुक्ती कयिा है। हालांकि, पार्टी ने उन नेताओं को बड़ी जम्मिेद्वारी सौंपी है, जो कि खुद के राज्यों में वर्चस्वप की लड़ाई लड़ते रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्री य महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी नयिुक्कि यों को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए इस दशिा में काम करने के नर्दिेश भी दए िहैं। इन सभी नयिुक्कि यों को अखलि भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की मंजूरी दी गई है। नॉर्थ ईस्टए के अलावा नॉर्थ वेस्टी और चांदनी चौक सीट पर ऑब्जगर्वर नयिुक्त् कए िगए हैं। नॉर्थ वेस्टक संसदीय क्षेत्र (एससी) पर चौधरी बीरेंद्र सिंह को पर्यवेक्षक नयिुक्तन कयिा गया है जबकि राजस्था न वधिानसभा के पूर्व अध्यरक्ष रहे कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता डॉ. सीपी जोशी को चांदनी चौक लोकसभा सीट का ऑब्ज र्वर बनाया गया है।

इस बीच देखा जाए तो दल्लिी की सातों लोकसभा सीटों पर इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मलिकर चुनाव लड़ रहे हैं। इंडयिा गठबंधन के सीट शेयरगि फॉर्म्युनला के तहत कांग्रेस ने तीन सीटों पर अपने प्रत्याजशी उतारे हैं। नॉर्थ ईस्टश, नॉर्थ वेस्टा और चांदनी चौक सीट प्रमुख रूप से शामलि हैं। नॉर्थ ईस्टत लोकसभा सीट से कांग्रेस ने कन्हैरया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, नॉर्थ वेस्टा (एससी) सीट से डॉ. उदति राज को टकिट दयिा गया है। कांग्रेस के बुजुर्ग नेता जेपी अग्रवाल पर एक बार फरि दांव लगाते हुए पार्टी ने उनको चुनावी मैदान में उतारा हुआ है। तीनों प्रत्यारशयिों की ओर से नामांकन पर्चे दाखलि कए िजा चुके हैं।

लवली, चौहान समेत कई नेता छोड़ चुके कांग्रेसः बताते चलें कि दल्लिील की सातों लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिनया कल सोमवार को समाप्ता हो गई है। इसके बाद आज मंगलवार को नामांकन जांच का कार्य कयिा जाएगा। वहीं, नामांकन वापस लेने की आखरिी तारीख 9 मई है। नामांकन दाखलि करने से पहले कांग्रेस पार्टी में कन्है या कुमार और उदति राज की सीट को लेकर नेताओं में बड़ी नाराजगी खुलकर सामने आई है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यजक्ष रहे अरवदिंर सहि लवली ने इस नाराजगी के बीच पद और पार्टी दोनों को ही छोड़कर बीजेपी ज्वाइन कर ली है। दल्लिी के पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के अलावा पूर्व वधिायक नसीब सहि और नीरज बसौया भी कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थाम चुके हैं। यूथ कांग्रेस के अध्य क्ष रहे अमति मलकि भी बीजेपी में चले गए हैं। कन्हैसया व उदति राज की सीट पर है सबसे ज्यामदा नाराजगीः इस सब राजनीतकि उथल पुथल के बीच अब नामांकन पर्चा दाखलि करने के बाद अब पार्टी चुनाव को मजबूती से लड़ने की रणनीति बनाने में जुट गई है। कांग्रेस में और बगावत पैदा नहीं हो इसको लेकर कई बड़े नेताओं को इन तीनों सीटों पर ऑब्जुर्वर के तौर पर नयिुक्तर कयिा गया है। सचनि पायलट की युवाओं के बीच में एक अच्छीट पकड़ मानी जाती है। वह राहुल गांधी के काफी करीबी नेताओं में माने जाते हैं। नॉर्थ ईस्ट.सीट से कांग्रेस प्रत्याहशी कन्हैीया कुमार भी राहुल गांधी के करीबी नेता बन चुके हैं। वह कांग्रेस की स्टूडेंट वगि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्य क्ष की जम्मिेदारी भी संभाल रहे हैं। कन्हैया कुमार की सीट पर सबसे ज्या दा असंतोष बना हुआ है। इस सभी को थामते हुए अब चुनाव में आगे बढ़ने की रणनीतपिर काम कयिा जा रहा है।

हाल में बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में आए थे चौधरी बीरेंद्र सहिः इसके अलावा चौधरी बीरेंद्र सिंह को डॉ. उदति राज की नॉर्थ वेस्ट सीट पर ऑब्जार्वर नयिुक्त कयिा गया है। बीरेंद्र सहि कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता और हरयिाणा के बड़े चेहरे के रूप में भी जाने जाते हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में चौधरी बीरेंद्र सहि केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं लेकनि इस बार वह हाल ही में बीजेपी छोड़कर फिर से कांग्रेस में आ गए हैं। इसके बाद उनको यह बड़ी जम्मिेदारी कांग्रेस पार्टी ने दल्लिी में दी है। हालांकि, उनके बेटे को कांग्रेस ने हरयिाणा की किसी सीट से टकिट नहीं दी है। राजस्थान के बड़े चेहरे और कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में डॉ. सीपी जोशी का नाम शामलि है। उनको पार्टी ने चांदनी चौक लोकसभा सीट की जिम्मे दारी दी है। हालांकि, जेपी अग्रवाल को टकिट देने को लेकर कार्यकताओं में कोई नाराजगी नहीं है। इस बार वह 80 साल की उम्र में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

इन चार सीटों पर लड़ रही आम आदमी पार्टीः दल्लिी की सात सीटों में से आम आदमी पार्टी जनि चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है उनमें ईस्टम दल्लिीी, वेस्टी दल्लिीा, नई दल्लिीै और साउथ दल्लिीह लोकसभा सीट प्रमुख रूप से शामलि हैं। वेस्टट दल्लिीर से कांग्रेस के पूर्व सांसद महाबल मश्रिा आम आदमी पार्टी के टकिट पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, बाकी तीन सीटों पर आप पार्टी ने अपने तीन मौजूदा वधिायकों को लोकसभा टकिट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। सचनि पायलट और चौधरी बीरेंद्र सहि कांग्रेस के उन नेताओं में भी शुमार रहे हैं जनिकी अपने गृह राज्यों की कांग्रेस सरकार में हमेशा टकराव की राजनीति चरम पर रही है। सचिन पायलट भले ही गहलोत सरकार में डप्टिी सीएम रहे थे लेकनि उनका पूर्व सीएम अशोक गहलोत के साथ छत्तीस का आंकड़ा रहा। इस तरह से हरयिाणा के कद्दावर नेता माने जाने वाले बुजुर्ग नेता भूपेन्द्र सहि हुड्डा के नेतृत्वय वाली सरकार में टकराव रहा। दोनों नेताओं के बीच सूबे में वर्चस्वे की लड़ाई रही। वहीं, अब इन नेताओं को कांग्रेस में उठे राजनीतकि घमासान के बीच दल्लिीन चुनाव की बड़ी जम्मि दारी सौंपी है।

# आम आदमी पार्टी पर आतंकी संगठन से फंड लेने का आरोप, भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

- वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया, क्योंकि उन्होंने इस मामले में जांच कराने के आदेश दिए हैं।
- दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के दुश्मन से 134 करोड़ रुपये लेकर आम आदमी पार्टी ने देशद्रोह का काम किया है



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आतंकवादी संगठन से आम आदमी पार्टी द्वारा फंड लिये जाने के आरोप पर दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीकेड को तोड़कर आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद दूसरे बेरीकेड्स के सामने उन्हें रोका गया और पुलिस ने उन्हें हिरासत में थाना आई.पी. एक्सटेंशन ले गई, जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जग जाहिर है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार एवं दलाली में लिप्त हैं लेकिन इससे अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता कि जो लोग देश को तोड़ेने की बात करते हैं आज आप उसी टुकड़े-टुकड़े गैंग का साथ देती है और जो आतंकी संगठन बैन है, उससे चंदा लेने का काम करती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया, क्योंकि उन्होंने इस मामले में जांच कराने के आदेश दिए हैं।

सचदेवा ने कहा कि राजनीति में मनभेद या मतभेद हो सकता है लेकिन देश की सुरक्षा के साथ कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए। आज आम आदमी पार्टी के राजनीतिक चरित्र को इसी से समझा जा सकता है कि वह आतंकी संगठन से चंदा लेने से भी पीछे नहीं हटे। उन्हें शहीद-ए-आजम भगत सिंह का नाम लेने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री को शर्म आनी चाहिए कि वह देश के दुश्मनों के साथ मिलकर शहीदों की शहादत को शर्मसार कर रहे हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के दुश्मन से 134 करोड़ रुपये लेकर आम आदमी पार्टी ने देशद्रोह का काम किया है, इसके लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपना शीशमहल खड़ा करने के लिए आम आदमी पार्टी के नेता देश के दुश्मनों के एजेंट बन गए, इससे शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता।

दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस दोनों पार्टियां माओवादी विचारधारा की हैं और उसी के अनुसार काम करती हैं। ये सिर्फ जातीय हिंसा फैलाने का काम करती हैं। यह फंड लेकर राष्ट्रविरोधी काम तो कर ही रहे हैं लेकिन साथ ही इन्होंने भ्रष्टाचार का काम भी किया है। आम आदमी पार्टी इकलौती पार्टी है, जिसमें भ्रष्टाचार और देश विरोध दोनों एक साथ भरा हुआ है।

सरदार आरपी सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार के जनक हैं, दिल्ली सरकार के हर भ्रष्टाचार का उनसे सीधा रिश्ता है और आतंकवादी संस्था तक से पैसे लेकर केजरीवाल ने दिखा दिया कि उनके नैतिक मूल्यों का पूरी तरह पतन हो चुका है।

# एम्स में कार्डियो-न्यूरो के मरीजों को अब नहीं करना होगा इंतजार, कैथलैब की संख्या बढ़ाने के निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




देश के सबसे बड़े अस्पताल दिल्ली एम्स में कार्डियो न्यूरो के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखकर कैथलैब की संख्या बढ़ाने का फैसला किया गया है। कैथलैब की संख्या कम होने के कारण कई क्रिटिकल मरीजों के इलाज में भी अनावश्यक देरी होती है। इमरजेंसी में अलग से कैथलैब की सुविधा नहीं होने पर डायरेक्टर प्रो. एम श्रीनिवास के संज्ञान में इसे लाया गया तो उन्होंने तत्काल इसे गंभीरता से लेते हुए नए कैथलैब की संख्या बढ़ाने का निर्देश जारी कर दिया है।

एम्स के फैकल्टी भी इस समस्या की ओर डायरेक्टर का ध्यान बार-बार ला रहे थे। इस संबंध में डायरेक्टर ने सोमवार को संबंधित विभाग के फैकल्टी के साथ मीटिंग बुलाई और उसमें कैथलैब की समस्या को देखते हुए इसकी संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। कार्डियो न्यूरो डिपार्टमेंट के फैकल्टी की यह शिकायत थी कि कैथ लैब की जितनी आवश्यकता है उतनी है नहीं। इसके कारण न्यूरो-कार्डियो के गंभीर और क्रिटिकल मरीजों के भी प्रोसिजर करने के लिए काफी लंबी प्रतीक्षा सूची में रखा गया था। हैरानी की बात है कि इमरजेंसी के मरीजों के लिए अलग से कोई कैथलैब की सुविधा नहीं है। इससे यहां आने वाले मरीजों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। इन समस्याओं को देखते हुए कार्डियो न्यूरो सेंटर में जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी आवश्यकता के अनुसार कैथलैब की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इमरजेंसी विभाग के लिए समर्पित अलग कैथलैब की व्यवस्था करने को कहा गया है ताकि इमरजेंसी के मरीजों को कोई परेशानी ना हो। डायरेक्टर ने मीटिंग में इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर की कि इमरजेंसी में कर्डियो न्यूरो के वैसे मरीज इलाज के लिए आते हैं। जिन्हें शुरूआती जांच के लिए ही कैथलैब की आवश्यकता होती है।

उनके इलाज में थोड़ी देरी भी घातक हो सकती है। न्यूरो कार्डियो और इंडोवैस्क्यूलर इंटरवेंशन के लिए शुरूआती कुछ समय ही गोल्डन ऑवर होते हैं। समय पर इलाज मिलने पर ही उन्हें लाभ मिल सकता है। इसलिए इसकाम को प्राथमिकता स्तर पर पूरा करने को कहा गया है।

# तिलक नगर के कार शोरूम में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, सात लोग घायल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार देर शाम कई राउंड फायरिंग की गई। इस तड़तड़ाहट फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, तिलक नगर में एक कार के शोरूम पर गोलियां चलाई गई हैं। बदमाशों ने शोरूम को निशाना बनाकर कई राउंड गोलियां चलाई। इस गोलीकांड घटना में सात लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि फायरिंग की वारदात 5 करोड़ की फिरौती के लिए किया गया था।

वेस्ट जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया की बाइक सवार 3 से 4 बदमाश आए थे और उन्होंने कार शोरूम के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इस दौरान शोरूम का शीशा टूट गया। शीशे के टुकड़े लगने से सात लोग घायल हो गए। जिनका अलग-अलग अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस गोलीबारी की घटना में घायल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास त्यागी का इलाज जयपुर गोल्डन अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि वह शोरूम के अंदर मौजूद थे। वे अपने बेटे के जन्मदिन पर उसे गिफ्ट देने के लिए कार खरीदने गए थे। विकास त्यागी के अनुसार पहले दो बदमाश शोरूम के अंदर आते हैं और चारों तरफ देखते हैं। फिर अचानक गेट के पास जाकर वह गोलियां चलाने लगता है। इस दौरान उन्हें भी एक गोली लगी। डीसीपी से मिली जानकारी के अनुसार गोली शोरूम में मौजूद किसी भी व्यक्ति को नहीं लगी, बल्कि शीशे का टुकड़ा लगने के कारण लोग घायल हुए। उस दौरान अंदर और बाहर पूरी तरह से अफरा तफरी मच गई थी। मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम देने से पहले शोरूम के एक स्टाफ को चिट्ठी दी थी। जिसमें नवीन वाली उर्फ भाऊ गिरोह का नाम लिखा हुआ था और 5 करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कुछ नहीं बताया है। इस भाऊ गिरोह के कई बदमाश दिल्ली और हरियाणा में सक्रिय है और उस पर इनाम भी घोषित है। पुलिस का कहना है की क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने मौके का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। साथ ही शोरूम के मालिक से भी बात की जा रही है।

## पुलिस ने कुख्यागत स्नैकचर को किया गिरफ्तार, स्नैचिंग सहित 45 से ज्यादा मामला दर्ज

नई दिल्ली। दल्लिीी पुलसि के शाहदरा जलिे के मानसरोवर पार्क थाना अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में दो अपराधयिों को धर-दबोचने में कामयाबी हासलि की है। इलाके की नाइट पेट्रोलगि टीम को इन अपराधयिों के बारे में गुप्त सूचनाएं मलिी थी, जसिके बाद इनको गिरफ्तार कयिा गया। इनमें एक क्रिचमनलि कुख्यात स्नैचर हैं, जसिकी पहचान नंद नगरी नवािसी अमरीश के रूप में की गई है। इसके खिलाफ पहले से ही स्नैचिंग, चोरी और ऑर्म्स एक्टा से जुड़े करीब 45 से ज्याकदा मामले दर्ज हैं। वहीं, दूसरे आरोपी की पहचान शाहदरा नवािसी रक्षित कुमार वर्मा उर्फ राजा के रूप में हुई, जसि पर ऑर्म्सव एक्टत और स्नैचिंग के तीन मामले दर्ज हैं। शाहदरा डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि एमएस पार्क की नाइट पेट्रोलगि की टीम को 5 मई को रात में सूचना मलिी थी कि चेन स्नैचगि के बड़े मामलों में संलप्तिम एक अपराधी इलाके में वारदात को अंजाम देने की फराक में है। उसके पास हथयिार भी हैं। सूचना मलिी थी कि क्रिदमनिल वारदात को अंजाम देने के लिए स्कूटी पर सवार होकर नत्थूय कॉलोनी फ्लाईओवर से नंद नगरी की ओर जाएगा। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी वहां पहुंचा तो पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलसि ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से एक चाकू बरामद किया। पूछताछ के दौरान उसने जुर्म कबूल कर लयिा और कहा कि मानसरोवर पार्क में दर्ज सोने की चेन स्नैचिंग के दो मामलों में उसकी संलप्तिता रही है।

# नामी कंपनी में काम करने वाला ग्रेजुएट निकला ऑटो लिफ्टर, रिसीवर के साथ गिरफ्तार



- आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चुराई गई तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।
- डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान शकरपुर निवासी 37 वर्षीय सुरेंद्र के तौर पर हुई है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली की लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को मंगल बाजार से एक ऑटो लिफ्टर और कृष्णा नगर से रिसीवर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान शकरपुर निवासी 37 वर्षीय सुरेंद्र के तौर पर हुई है। जबकि, रिसीवर की पहचान कृष्णा नगर निवासी 45 वर्षीय नवीन कुमार के तौर पर हुई है।

डीसीपी ने बताया कि एक मई को लक्ष्मी नगर इलाके की एक कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिससे आरोपी सुरेंद्र की पहचान हो गई और उसे लक्ष्मी नगर के मंगल बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चोरी किए वाहन को कृष्णा नगर के स्कूट मार्केट इलाके में रहने वाले नवीन कुमार को बेचता था। इस खुलासे के बाद इस टीम ने आरोपी नवीन को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चुराई गई तीन स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बता दें, आरोपी सुरेंद्र पढ़ा लिखा है, वह ग्रेजुएट है और एक नामी प्राइवेट कंपनी में काम भी करता है। आरोपी के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि आरोपी नवीन अपने घर के पास ही वाहनों के स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाता था।

# मादक पदार्थ तैयार करने वाली अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में अवैध तरीके से दवा बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। इस फैक्टरी में साइकोट्रोपिक पदार्थ को अवैध तरीके से तैयार किया जाता था। स्पेशल सेल की टीम ने यहां से बड़ी मात्रा में कच्चा माल भी बरामद किया है। स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज के हाथ ये बड़ी कामयाबी लगी है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज ने अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थ के उत्पादन में शामिल एक अवैध फैक्टरी का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है और बड़ी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया है। इस बरामद रॉ मैटेरियल के जरिए करीब 700 किलोग्राम अल्प्राजोलम साइकोट्रोपिक पदार्थ को तैयार किया जा सकता था। स्पेशल सेल की टीम ने अब तक 3 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान उत्तराखंड निवासी रचित कुमार (22), बिजनौर (उप्र) निवासी नमित चौधरी (34) और तेलंगाना निवासी वंगा राजेंदर गौड (49) के रूप में हुई है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस के नॉर्थ ईस्ट जिला पुलिस की टीम ने भी पिछले दिनों सोनिया विहार पुश्ता रोड स्थित एमसीडी टोल चेकिंग प्वाइंट पर बड़ी मात्रा में अल्प्राजोलम की टैबलेट्स बरामद की थीं। साइकोट्रॉपिक दवा की अवैध थोक सप्लाई करने वाले इंटरस्टेट सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए जिले के स्पेशल स्टाफ ने अल्प्राजोलम दवा की 7 लाख 33 हजार 650 टैबलेट्स बरामद की थी, जिनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में करीब 28 लाख रुपये आंकी गई थी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

## दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट के लिए 36 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया खत्म हो गई है। नामांकन में बढ़ चढ़कर प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया है और बड़े दलों के साथ ही छोटे दल और निर्दलीयों द्वारा भी नामांकन किया गया है। इस दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट पर 36 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है, जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार शामिल है। इसके अलावा बहुजन समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार ने भी अपना पर्चा भरा है। दक्षिणी दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल से लेकर 6 में तक हुए नामांकन के दौरान दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में कुल 36 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा है ।राजधानी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई थी

# अंबेडकर और आईपीयू में खेल कोटा से भी दाखिला

## अंबेडकर में एक और आईपीयू में दो फीसदी सीटें की गई आरक्षित

नई दिल्ली । विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए एक अच्छी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डा.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयूद्ध) ने खेल कोटा से भी दाखिला लेने का निर्णय लिया है। इसके तहत अंबेडकर विश्वविद्यालय खेल कोटा में एक फीसद और आईपीयू दो फीसद सीटों पर दाखिला देगा। आईपीयू के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रावधान किया गया है, ताकि खेल के प्रतिभावान छात्र दाखिला ले सकें। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रोग्राम के लिए निर्धारित यह दो फीसदी सीटें दाखिला ब्रोशर में अधिसूचित सीटों के अलावा होगी। बिना ट्रायल के स्पोर्ट्स कोटा में आवेदन के लिए आवेदक को किसी स्पोर्ट्स में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए। उस प्रतिनिधित्व का दस्तावेज आवेदन के समय जमा कराना होगा। समर ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, साउथ एशियन गेम्स, पारा ओलंपिक इत्यादि जैसे स्पोर्ट्स इसमें शामिल हैं। इससे कम स्तर के स्पोर्ट्स स्पर्धा में भाग लेने वाले आवेदकों को ट्रायल देना होगा। दाखिला में 25 फीसदी अधिभार संबद्ध प्रवेश परीक्षा के लिए, 25 फीसदी स्पोर्ट्स से जुड़े जमा कराए दस्तावेज और शेष 50 फीसदी स्पोर्ट्स ट्रायल का होगा। एयूडी ने अनाथ बच्चों के लिए सीट आरक्षित की अंबेडकर विश्वविद्यालय अपने यहां प्रत्येक प्रोग्राम में अनाथ कोटा के तहत भी एक-एक सीट के आरक्षण का प्रावधान रखा है। इनके लिए पूरी फीस माफ होगी। दाखिले में अन्य आरक्षण को लेकर कुलपति ने बताया कि स्पोर्ट्स और सीसीए कोटा के तहत प्रत्येक प्रोग्राम में एक-एक सीट के आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। इनके अतिरिक्त डिफेंस, कश्मीरी विस्थापित, पीडब्ल्यूडी और सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए भी आरक्षण का प्रावधान रखा गया है।

# दिल्ली पुलिस ने लॉन्च किया वॉट्सऐप चैनल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को आम लोगों के लिए एक वॉट्सऐप चैनल लॉन्च किया। इसके जरिए लोग घटनाओं, सलाह और सुरक्षा युक्तियों पर वास्तविक समय अपडेट प्राप्त कर सकेंगे। पुलिस ने कहा कि यह नई पहल लोगों के साथ उनकी साझेदारी को और मजबूत करेगी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि हमारा मानना है कि इससे आम लोगों के साथ हमारा जुड़ाव बढ़ेगा और समय पर और कुशल तरीके से महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार होगा। वॉट्सऐप चैनल पुलिस विभाग और जनता के बीच संचार की एक सीधी रेखा प्रदान करेगा

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पहला शुद्धिपत्र

टेंडर नं. 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 कार्य का नामः दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं. 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 | | |
|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%), स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | Rs. 599.57 लाख | |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | Rs. 449800.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 29.05.2024, 12.00 Hrs. | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1373/24

# दिल्ली में 25 मई को होगा मतदान, सुचारु प्रक्रिया के लिए एक लाख से ज्यादा अधिकारी होंगे तैनात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। इस चरण में डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 13 हजार 667 मतदान केन्द्र बनाए हैं। सुचारु मतदान के लिए एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों की तैनाती की गई है और शांतिपूर्ण मतदान के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयुक्त पी कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। 265 उम्मीदवारों ने 367 नामांकन दाखिल किए हैं। आज नामांकन की जांच होगी और 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनावी स्थिति स्पष्ट होगी।

मतदाताओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल 1 करोड़ 52 लाख 01 हजार 936 मतदाता हैं। 2019 के मुकाबले इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता हैं। इनमें से 82 लाख 72 हजार 794 पुरुष और 69 लाख 87 हजार 940 महिला और 1228 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। महिला पुरुष अनुपात में भी इस बार सुधार हुआ है और यह एक हजार पुरुषों पर 818 महिलाओं से बढ़कर 851 महिला हो गया है। इसके अलावा आबादी और मतदाता अनुपात में भी सुधार हुआ है। चुनाव आयोग के प्रयास से ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 669 से बढ़कर 1228 हुई है।

चुनाव तैयारियों की जानकारी देते हुए कृष्णमूर्ति ने बताया कि दिल्ली में 2627 स्थानों पर 13637 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए चार अतिरिक्त मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। करीब 1.03 लाख कर्मचारियों की चुनाव तैनाती की गई है। इसमें मतदान और मतगणना दोनों से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। 6833 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 8 हजार अतिरिक्त स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यह दिव्यांग और उम्रदराज मतदाताओं की सहायता करेंगे।

दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बलों की 46 कंपनियां तैनात की जायेंगी। 19 हजार दिल्ली और आसपास के राज्यों से होमगार्ड की तैनाती होगी और 78 हजार दिल्ली पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे। इनमें से 33 हजार सक्रिय तौर पर मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

# यातायात व्यवस्था में बदलाव से कश्मीरी गेट पर जाम हुआ कम

नई दिल्ली। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रिंग रोड पर कश्मीरी गेट से हनुमान मंदिर के बीच किए गए बदलाव से जाम में कमी देखने को मिल रही है। ट्रैफिक पुलिस ने एक सप्ताह से चल रहे ट्रायल में पाया कि व्यस्त समय में यह बदलाव काफी कारगर साबित हो रहा है। वहीं, सुबह से दोपहर तक इसकी आवश्यकता नहीं है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार कश्मीरी गेट बस अड्डे से लेकर यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर और आगे की तरफ कश्मीरी गेट से चंदगीराम अखाड़े तक सुबह शाम लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा था। जाम से निजात दिलाने के लिए मध्य रेंज की ट्रैफिक पुलिस ने अस्थाई रूप से तीन बदलाव करते हुए 10 दिन का ट्रायल शुरू किया था। बीते 30 अप्रैल से चल रहे इस ट्रायल में कश्मीरी गेट बस अड्डे का गेट 30 मीटर आगे खोला गया है। साथ ही बस अड्डे के लिए निगमबोध घाट की तरफ से आते समय इस्तेमाल होने वाले यू-टर्न को बंद कर सलीमगढ़ बाईपास से यू टर्न दिया गया है। इसके अलावा कश्मीरी गेट से निगमबोध घाट की तरफ जाने के लिए बनाए गए यू-टर्न को बंद कर उसकी जगह मॉनेस्ट्री से यू-टर्न दिया गया है। यह व्यवस्था पुलिस ने फिलहाल केवल शाम के व्यस्त समय में कर रखी है। ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन बदलावों के चलते शाम के समय यहां लगने वाले जाम में काफी कमी देखने को मिली है। दोपहर के समय वाहनों का दबाव कम रहता है। इसके चलते वाहन चालकों को सुविधा देने के लिए यह बदलाव नहीं रखा गया है, लेकिन शाम के समय जब वाहनों का दबाव काफी अधिक हो जाता है तो ऐसे समय में इन बदलावों से काफी मदद मिल रही है। अधिकारी ने बताया कि शाम 6 बजे से लेकर रात लगभग 10 बजे तक इस बदलाव से वाहन चालकों को बड़ी राहत मिल रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन दिल्ली भटिंडा खंड पर जुलाना स्टेशन पर 3.0 मीटर चौड़े एफ0ओ0बी0 का प्रावधान हेतु कार्य। (निविदा संख्या 04-W-IV-24-25)<br>2. सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन नांगलोई और घेवरा में अतिक्रमण और सीआरओ की रोकथाम के लिए चारदीवारी का निर्माण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 15-W-IV-24-25) |
| अनुमानित लागत | (1) Rs.2,37,61,351.22 (2) Rs. 2,06,80,338.65 |
| धरोहर राशि | (1) Rs.2,68,800.00 (2) Rs.2,53,400.00 |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 14.05.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 28.05.2024 को 15.00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 04&15-डब्लू-4-24-25
दिनांकः 06.05.2024
1377/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 08 मई, 2024

## दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर के खराब हाल के लिए एलजी जिम्मेदार : सौरभ भारद्वाज

● दिल्ली में एक लाख की आबादी पर 1832 क्राइम रोज हो रहे हैं जो देशभर के कुल आंकड़ों से 7 गुना ज्यादा है।




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में बढ़ते क्राइम के मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि आए दिन दिल्ली में क्राइम के मामले बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस की इस पर कोई लगाम नहीं है। उन्होंने अखबारों में आई क्राइम की खबरों को दिखाते हुए कहा कि इन सब के लिए दिल्ली के एलजी जिम्मेदार हैं।

सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था बिल्कुल चौपट हो गई है। एनसीआरबी का डाटा अगर हम देखें तो हाईएस्ट रेट है दिल्ली में क्राइम का। दिल्ली में एक लाख की आबादी पर 1832 क्राइम रोज हो रहे हैं जो देशभर के कुल आंकड़ों से 7 गुना ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि जब मामले दर्ज होते हैं तो उन्हें चार्जशीट में बदलकर कोर्ट तक पहुंचाया नहीं जाता। ऐसे मामलों की संख्या महज 30 प्रतिशत है। जब किसी को सजा नहीं होगी और किसी को न्याय नहीं मिलेगा तो क्राइम रेट अपने आप ही बढ़ेगा, यह सीधे-सीधे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की इनएफिशिएंसी को दिखाता है, जिसे हिंदी में निकम्मापन भी कहते हैं। एलजी एक दम इनएफिशिएंट नजर आ रहे हैं।

सौरभ भारद्वाज ने एलजी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके पास जो काम है, वह खुद नहीं कर पा रहे और दूसरे के गिरेबान में बहुत झांकते हैं। एक स्कूल के प्रिंसिपल की तरह उपदेश देते हैं। मंत्रियों को चिट्ठियां लिखते हैं। लेकिन अपना काम ढंग से नहीं कर पाते।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को एलजी काम नहीं करने दे रहे हैं। दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों पर एलजी का अपना कमांड है। दिल्ली पुलिस में रिक्त स्थानों के मामले पर भी सौरव भारद्वाज ने बताया कि 2014 में जब केंद्र की सरकार बनी थी, तब पुलिस में साढ़े 5 हजार पद रिक्त थे। अब बढ़ कर 13 हजार हो गए हैं। जब पुलिस ही नहीं होगी तो क्राइम कंट्रोल कैसे होगा। ऊपर से केंद्र सरकार ने पुलिस का पिछले साल बजट 4.50 परसेंट कम कर दिया है।

सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि पूरे देश में महिलाओं के साथ हो रहे क्राइम के मामलों में अकेले दिल्ली में ही 30 प्रतिशत क्राइम हो रहा है। एलजी साहब ने दो ऐसे काम किए जो इन क्राइम को और बढ़ावा देने वाले हैं। 8000 बस मार्शल को निकाल दिया गया। अब इन 8000 बस मार्शल का घर नहीं चल रहा है और बसों में जो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अन्य अपराध रुके हुए थे, वह फिर शुरू हो जाएंगे। एलजी ने दिल्ली वीमेन कमीशन से भी 223 कर्मचारियों को निकाल दिया ताकि यह भी पूरी तरीके से बंद हो जाए। सौरभ भारद्वाज ने पुलिस पर भी आरोप लगाते हुए कहा है कि बीते 2 साल में पुलिस में भ्रष्टाचार बढ़ा है। जहां एक रिक्शा वाले से पुलिस वाला 300 रुपए ले रहा था, अब 500 रुपए लेता है।

## दिल्ली में पांच करोड़ से ज्यादा की हेरोइन जब्त, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करोड़ों की कीमत की हेरोइन जब्त की है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त हेरोइन की कीमत पांच करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महीनों तक चले ऑपरेशन के बाद आरोपियों को उत्तर प्रदेश के बरेली और झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार किया। उनके पास से कुल 2.269 किलोग्राम हेरोइन और 1.053 किलोग्राम क्रूड (हेरोइन) बरामद की गई। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, अली उर्फ रुखसार उर्फ राजू और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि हाल ही में विशेष जानकारी मिली थी कि एक ड्रग तस्कर आतिफ अपने एक रिसीवर को भारी मात्रा में ड्रग देने के लिए छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर इलाके के पास आएगा।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा, जाल बिछाया गया और आतिफ को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान एक बैग के अंदर से एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि बरामद हेरोइन उसे बरेली के अशरफ ने दी थी। इसे अनाज मंडी (नरेला) में उसके रिसीवर तक पहुंचाना था। डीसीपी ने कहा, बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन वह वहां से फरार मिला। बाद में उसे 5 फरवरी को बरेली के ध्रुव अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया गया। अशरफ की निशानदेही पर उसके बरेली स्थित घर के लॉकर के अंदर से 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ करने पर अशरफ ने खुलासा किया कि तस्करी का सामान बरेली के राजू और आरिफ से लिया गया था। उसे जहांगीरपुरी के इस्लाम और बवाना स्थित जेजे कॉलोनी निवासी अरमान को सौंपना था। 23 मार्च को जांच के दौरान आरिफ अली को बरेली में उसके किराए के घर से गिरफ्तार किया गया। उसके घर से 202 ग्राम हेरोइन और 201 ग्राम मिश्रित ठोस पदार्थ बरामद किया गया था। उन्होंने प्रतिबंधित हेरोइन के एक अन्य स्रोत का नाम रुखसार उर्फ राजू बताया। पुलिस ने राजू को 12 अप्रैल को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था। उसके घर से 200 ग्राम हेरोइन के अलावा कच्चे माल से हेरोइन तैयार करने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने झारखंड से कच्चे माल के एक और स्रोत के नाम का खुलासा किया, जो आमतौर पर अपना नाम बदलता था।

डीसीपी ने कहा, अंसारी को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान उसके घर से कुल 1,035 ग्राम क्रूड, 359 ग्राम हेरोइन, 1914 ग्राम कट/केमिकल, पांच किलो सोडा और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन बरामद की गई।

## भगवान हनुमान को सह-वादी बनाने पर अदालत ने एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है जिसने भगवान हनुमान के मंदिर वाली एक निजी भूमि पर कब्जे के संबंध में एक याचिका में उन्हें भी सह-वादी बनाया है। याचिका किसी अन्य पक्ष को भूमि के हस्तांतरण के संबंध में उनकी आपत्ति याचिका को खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील के रूप में दायर की गई थी।

याचिका में दावा किया गया था कि चूंकि संपत्ति पर एक सार्वजनिक मंदिर है, इसलिए जमीन भगवान हनुमान की है और अपीलकर्ता अदालत के समक्ष उनके निकट मित्र और उपासक के रूप में उपस्थित है।

इसे संपत्ति को कब्जाने के इरादे से सांठगांठ का मामला बताते हुए न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने अपील को खारिज कर दिया और फैसला सुनाया कि अपीलकर्ता व्यक्ति ने जमीन के मौजूदा कब्जाधारकों के साथ मिलीभगत की ताकि एक अन्य पक्ष को मुकदमे के बाद दोबारा कब्जा हासिल करने से रोका जा सके।

अदालत ने छह मई को पारित आदेश में कहा, प्रतिवादियों (मौजूदा कब्जाधारकों) ने वादी (अन्य पक्ष) की जमीन पर कब्जा कर लिया। वादी ने कब्जा पाने के लिए मुकदमा दायर किया था। अंततः प्रतिवादियों ने वादी से जगह खाली करने के लिए 11 लाख रुपये मांगे। उन शर्तों पर फैसला सुनाया गया। इसके बाद वादी ने वास्तव में छह लाख रुपये का भुगतान किया लेकिन प्रतिवादियों ने फिर भी जमीन खाली नहीं की। अदालत ने कहा, वादी ने निष्पादन के लिए आवेदन किया। निष्पादन में, वर्तमान अपीलकर्ता, जो तीसरा पक्ष है, ने यह कहते हुए आपत्ति दर्ज की कि जमीन पर भगवान हनुमान का सार्वजनिक मंदिर है और इसलिए, वह भूमि भगवान हनुमान की है और वह भगवान हनुमान के निकट मित्र के रूप में उनके हित की रक्षा करने का हकदार है। अदालत ने कहा कि जनता के पास निजी मंदिर में पूजा करने का अधिकार होने की कोई अवधारणा नहीं है, जब तक कि मंदिर का मालिक ऐसा अधिकार उपलब्ध नहीं कराता या समय बीतने के साथ निजी मंदिर सार्वजनिक मंदिर में तब्दील नहीं हो जाता।

## राममन्दिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने का कांग्रेसी मंसूबा पूरा नहीं होंने देंगे: विहिप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आज कहा कि राम मन्दिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने का कांग्रेसी दिवास्वप्न साकार नहीं होने दिया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा है कि कांग्रेस के एक पुराने वरिष्ठ नेता ने यह खुलासा किया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सत्ता में आने के बाद राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाएंगे चाहे उसके लिए उच्चतम न्यायालय के निर्णय को बदलने के लिए शाहबानो मामले की तरह संविधान में संशोधन करना पड़े। उनका यह इरादा काफी चिंताजनक है। इसका अभी तक किसी ने खंडन नहीं किया है। इसका मतलब उन्होंने इस आरोप को स्वीकार कर लिया है। डॉ जैन ने कहा कि इंडी गठबंधन का यह निर्णय विश्व के करोड़ों राम भक्तों के लिए एक बड़ी चुनौती है। राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने के इरादों का राम भक्त हमेशा की तरह मुंह तोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का सनातन विरोधी एवं राम विरोधी चरित्र बार-बार सामने आता रहा है। इस अपवित्र गठबंधन के सदस्यों ने ही अयोध्या में कारसेवकों का नरसंहार किया था और गोधरा में 59 कारसेवकों को जिंदा जलाने वालों का साथ दिया था। कांग्रेस ने तो राम मंदिर के निर्णय को लटकाने व भटकाने के लिए वरिष्ठ वकीलों की एक फौज ही खड़ी कर दी थी। तब भी राम भक्तों के संकल्प के सामने इनमें से किसी के राम मंदिर विरोधी षड्यंत्र सफल नहीं हो सके और भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया तो इन्होंने यह नया प्रपंच रचा है।

उन्होंने कहा कि ये सत्ता में आने पर संविधान को बदल देना चाहते हैं और राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाना चाहते हैं। इन्होंने अपने इरादे मुस्लिम समाज को पहले ही बता दिए हैं। इसलिए ऐसे असदुद्दीन ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता बार-बार बाबरी की बात करके मुस्लिम समाज को भड़काते हैं। इनके भड़काने पर ही कुछ लोग वक्त आने पर बाबरी मस्जिद बनाने की धमकी देते हैं। छोटे-छोटे बच्चे भी यही जहर भरे हुए नारे लगा रहे हैं। ऐसा लगता है वे भारत को 1946 की स्थिति में लाना चाहते हैं।

डा. जैन ने कहा, विहिप राम भक्तों का आह्वान करती है कि अपने मतदान के द्वारा इन राम विरोधी और राष्ट्र विरोधी षडयंत्रों को सफल करें। वे मतदान अवश्य करें। शत प्रतिशत मतदान और राष्ट्र के हित में मतदान, हमारा यही संकल्प इन राष्ट्र विरोधी तत्वों को मुंहतोड़ जवाब देने में सफल होगा।

## आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

● पार्टियों के बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया। उन्होंने कहा कि पार्टियों के बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

सचदेवा ने मांग की, देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाने वालों पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

उपराज्यपाल ने उस शिकायत पर केजरीवाल के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराए जाने की सिफारिश की है जिसमें कहा गया है कि आप को कथित तौर पर सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से धन मिला था।

आप ने आरोप को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि यह सिफारिश केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ रची गई एक और साजिश का हिस्सा है।

## उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई शुरू की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई शुरू की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को ईडी की ओर से पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से एक नोट दिया गया जिसमें उन्होंने केजरीवाल की इस दलील का विरोध किया कि जांच एजेंसी ने सरकारी गवाहों के बयानों को दबाया है।

न्यायालय ने ईडी से दिल्ली आबकारी नीति घोटाले पर पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से पहले और बाद की केस फाइलों को पेश करने को कहा। न्यायालय ने ईडी से केजरीवाल की गिरफ्तारी से पहले की केस फाइल भी मांगीं। केजरीवाल को इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरुद्ध उनकी याचिका पर जवाब मांगा था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है और केजरीवाल के बार-बार समन की अवहेलना करने के बाद ईडी के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं।

## मनीष सिसोदिया को कोर्ट से नहीं मिली राहत, 15 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी। आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में सिसोदिया को 24 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को नौ मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं। 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को ही देर शाम को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## राजधानी में धूल भरी आंधी का पूवार्नुमान

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मंगलवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर पचास प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी और गरज के साथ बौछार पड़ने तथा बादल छाए रहने का पूवार्नुमान जताया है। शहर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 20 मई तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने श्री केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। राजधानी में राउस एवेन्यू की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने श्री केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया। मुख्यमंत्री की हिरासत की अवधि समाप्त हो रही थी। इस बीच, आप के संयोजक को अंतरिम जमानत पर छोड़ने की एक याचिका उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है।

## आबकारी घोटाला मामला: दिल्ली की अदालत ने कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने शराब नीति से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद (एमएलसी) के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 14 मई तक बढ़ा दी। तेलंगाना की एमएलसी कविता को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को बताया कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और वह एक हफ्ते में कविता के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर सकती है।

## कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित आरोपी गिरफ्तार




संवाददाता

द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने लूट, स्नेचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के पांच मामलों में शामिल और कोर्ट के द्वारा भगोड़ा घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रदीप उर्फ गोलू उर्फ दीपक के रूप में हुई है। इसे द्वारका कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार मोहन गार्डन थाना में चार साल पहले 2020 में दर्ज मामले में इसे भगोड़ा घोषित किया गया था। तब से यह फरार चल रहा था। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम ने पता लगाया और इसे धर दबोचा।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के प्रयास लाए रंग



● स्योहारा के चिकित्सा नोडल अधिकारी ने भी दी ओपीडी में अपनी चिकित्सा सेवा

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। मुकेश चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के प्रयास रंग लाने शुरू हो चुके हैं इसी क्रम मे स्योहारा के सरकारी अस्पताल में भी इसका असर दिखाई दिया। चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने की बनाई गई। नीति के तहत मंगलवार को डिप्टी सीएमओ बिजनौर डॉक्टर राहुल ने सीएचसी स्योहारा पर ओपीडी में मरीजों को दी अपनी सेवाएं।जिलाधिकारी द्वारा ज़िला स्वास्थ्य समिति बिजनौर की बैठक में दिए गए आदेशों का पालन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी झोलाछाप डॉक्टर तहसील धामपुर के डॉक्टर के. के. राहुल की आज सामुदायिक स्वास्थ्य स्योहारा पर ओपीडी में मरीजों को चिकित्सा सेवाएं दिलवाई। डॉ राहुल के द्वारा आए मरीजो को उपचारित किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने अपने आदेशों में हफ्ते में दो दिन जिले के समस्त एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ को ब्लॉक बार ओपीडी करने के आदेश जिलाधिकारी के ज़िला स्वास्थ्य समिति की मीटिंग के आदेश के बाद दिए थे।इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही भी मौजूद रहे और उनके द्वारा भी मरीजो को ओपीडी में मरीजों को देखा गया। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर के राहुल द्वारा समस्त स्टाफ की मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए ताकि समस्त जनमानस को समय पर समस्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर /आईओ वीर सिंह, बीपीएम प्रमोद कुमार, बी सीपीएम सुधीर कुमार, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर हरिओम ,फार्मासिस्ट हरीश रोहियाल , वॉर्ड बॉय रामकुमार, बाबू जवर पाल,डाटा ऑपरेटर अनम और राशि प्रजापति भी उपस्थित रही।

## दिल्ली में भाजपा के मनोज तिवारी सबसे अमीर उम्मीदवार, बिधूड़ी दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में लोकसभा चुनाव के प्रमुखउम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मनोज तिवारी सबसे अमीर हैं। गायक और अभिनेता से नेता बने 53 वर्षीय तिवारी के पास कुल 28.05 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी 21.08 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। साल 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार 71 वर्षीय बिधूड़ी की वार्षिक आय 14.93 लाख रुपये है। चुनावी दावेदारों में तीसरे सबसे अमीर उम्मीदवार पश्चिमी दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) के महाबल मिश्रा (69) हैं। उन्होंने 19.93 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। मिश्रा के पास बिहार के मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज से प्री-यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट है। इसे उन्होंने 1971 में हासिल किया था।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने वाली वकील बांसुरी स्वराज (40), दिवंगत पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी हैं। वह कुल 19 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं। पहली बार चुनाव लड़ रही स्वराज के पास दो एक मर्सिडीज बेंज सहित दो कर हैं।

उनके पास हरियाणा के पलवल में 99.34 लाख रुपये मूल्य की संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं। इनमें दो जंतर-मंतर पर और एक हेली रोड पर है। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई है। उन्होंने 2007 में लंदन स्थित इन्स ऑफ इनर टेम्पल से बैरिस्टर-एट-लॉ की डिग्री हासिल की और 2009 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सेंट कैथरीन कॉलेज से मास्टर ऑफ स्टडीज पूरा किया।

आय और संपत्ति के मामले में स्वराज के बाद आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता राज कुमार आनंद हैं। आनंद के पास 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वे अब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ हैं।

मनोज तिवारी उत्तर पूर्वी दिल्ली से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। तिवारी ने 2022-23 के लिए दाखिल आयकर रिटर्न में अपनी आय 46.25 लाख रुपये घोषित की है। उन्होंने कहा कि उनकी आय का स्रोत गायन, अभिनय और संसद सदस्य के रूप में है। भोजपुरी गायक और अभिनेता ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से बीए (ऑनर्स) किया है। उन्होंने 1994 में वहां से शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर की डिग्री भी हासिल की। उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के पास 10.65 लाख रुपये की संपत्ति है। उन्होंने 2019 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से पीएचडी की है। दिल्ली में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी, जबकि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई है। देशभर में इस बार कुल 7 चरणों में लोकसभा चुनाव कराए जा रहे हैं।

## द्वारका की सबसे सुरक्षित सोसायटी की हुई पहचान

### स्पेशल पुलिस कमिश्नर ने दिया ट्रॉफी देकर सम्मान




संवाददाता

राजधानी दिल्ली के द्वारका उपनगरी में तीसरी बार दिल्ली पुलिस के द्वारा सुरक्षा ऑडिट को लेकर कार्यक्रम किया गया। इसमें द्वारका की 400 सोसाइटी के अलग अलग कैटेगरी में से तीन टॉप सोसायटी को चुना गया। जिसका चयन फिजिकल रूप में स्क्रीनिंग कमेटी ने जांच करके फैसला लिया था। इसमें पुलिस, पब्लिक, फेडरेशन, इत्यादि की जॉइंट कमेटी ने बेस्ट सिक्योर सोसायटी के रूप में चिन्हित किया। स्पेशल पुलिस कमिश्नर मधुप तिवारी ने द्वारका सेक्टर 7 स्थित सीसीआरटी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में अवार्ड दिया। जिसमें कोपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी की कैटेगरी में नंबर वन पर द्वारका सेक्टर 4 स्थित साउथ दिल्ली अपार्टमेंट रहा। इसके अध्यक्ष महेश पोद्दार को स्पेशल कमिश्नर ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। दूसरे नंबर पर द्वारका सेक्टर 4 के इस्पतिका अपार्टमेंट और नंबर 3 पर राजस्थान अपार्टमेंट को अवार्ड दिया गया। उ‌‌ऊअ फ्लैट्स की कैटेगरी में प्लेटिनम हाइट्स सोसायटी को सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रथम स्थान मिला। इस अवसर पर जॉइंट पुलिस कमिश्नर विक्रमजीत सिंह और डीसीपी द्वारका अंकित सिंह भी मौजूद रहे।

## बाईक चुराकर, सस्ते कीमत पर बेचने वाले दो गिरफ्तार




संवाददाता

द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मनीष उर्फ मन्नू और श्रीनिवास के रूप में हुई है। यह दोनों मोहन गार्डन के रहने वाले हैं। इनके पास से चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद की गई है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया की इनकी गिरफ्तारी से द्वारका नॉर्थ और उत्तम नगर थाना के दो मामलों का खुलासा किया गया है। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में एएसआई तोपेश, हेड कांस्टेबल रामरई की टीम को इनके बारे में इंफॉर्मेशन मिली थी। मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो ऑटो लिफ्टर विपिन गार्डन के छठ पूजा पार्क के पास आने वाले हैं।

उस सूचना पर ट्रैप लगाकर इन दोनो को रात में दबोचा गया। जब ये खेड़ी बाबा पुल की तरफ से आ रहे थे। जिस बाइक से जा रहे थे, वह द्वारका नॉर्थ इलाके से चोरी की गई थी। फिर इनकी निशानदेही पर एक और मोटर साइकिल बरामद की गई। जो उत्तम नगर इलाके से चोरी की गई। पुलिस के द्वारा पकड़े गए आरोपी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली , बुधवार, 08 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल हुआ तीसरे चरण का मतदान संपन्न

मुरलीगंज (मधेपुरा) लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान हुआ। प्रखंड क्षेत्र भर में सुबह छह बजे से हीं मतदान केंद्र पर वोटर पहुंचने लगे थे। हालांकि पिछले दो दिनो से जारी तेज हवा और बादल के कारण मौसमी तापमान सामान्य रहा। जिस कारण मतदाताओ को परेशानी नहीं हुई। छिटपुट बूथो को छोड़कर लगभग सभी जगहों पर मतदाताओ में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी बूथो पर मतदाता हेल्पडेक्स तैनात थे। सीसीटीवी केमरा से बूथो की निगरानी हो रही थी। जहां सीसीटीवी नही था वहां कैमरामैन तैनात किए गए थे। मेडिकल टीम भी पूरे दिन मुस्तैद नजर आए।

# लोकतंत्र के उत्सव में गांव से शहर तक मतदाताओं में दिखा उत्साह

- सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लगी लंबी लंबी कतार

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा लोकतंत्र के उत्सव में गांव से लेकर शहर तक में वोटरों ने जमकर मतदान किया। मंगलवार को सुबह छह बजे से ही वोटरों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। गांव में वोट देने को लेकर सुबह से लंबी लंबी कतार लगी हुई थी। वहीं शहर में भी इस बार सुबह से हीं मतदाता जागरूक दिखे। खासकर महिला मतदाताओं की लंबी कतार शहर के कई मतदान केंद्रों पर देखा गया। इसकी बड़ी वजह मौसम का सुहाना होना के साथ साथ चुनाव आयोग की ओर से वोट देने को लेकर लगातार लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाना माना जा रहा है। मौसम की मेहरबानी की वजह से दिन चढ़ने के साथ ही मतदाताओं की कतार बूथों पर लंबी होती चली गई। यही वजह है कि घर घंटे मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा। जबकि चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं में कोई खास उत्साह नहीं देखा जा रहा था। इस वजह से मतदान प्रतिशत को लेकर

राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ी हई थी। लेकिन मतदाओं ने जहां चुनाव प्रचार के दौरान खामोशी की चादर ओढ़ रखी थी। वहीं मतदान के दिन बूथ पर पहुंच कर मतदान किया। मतदान केंद्रों पर लगी मतदाताओं की लंबी कतार की वजह से राजनीतिक दलों के नेताओं ने राहत की सांस ली। मतदान केंद्र के बाहर राजनीतिक दल के नेता मतदाओं के उत्साह का आपस में आंकलन करने में जुटे रहे। तीसरे चरण में मतदाताओं को जागरूक करने का परिणाम बूथ पर स्पष्ट रूप दिख रहा था। निवार्चन आयोग की ओर से प्रत्येक दो घंटे ।पर विधानसभा वार जारी किए जा रहे आंकड़ों पर गौर करें तो सुबह सात बजे मतदान शुरू होने के दो घंटे सुबह नौ बजे पहला मत प्रतिशत जारी किया गया। सुबह नौ बजे तक मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं 11 बजे तक 23.2 प्रतिशत मतदान हुआ। दिन के एक बजे जारी किए गए आंकड़े में 36.84 प्रतिशत मतदान हो चुका था। मत प्रतिशत बढ़ने का यह सिलसिला मतदान होने तक जारी रहा।

## विकास मुद्दे को ले किया था मतदान का बहिष्कार, मान मनोबल के बाद शुरू हुआ मतदान



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के तीन बूथो पर विकास मुद्दो को ले नाराज मतदाताओ ने मतदान बहिष्कार करने पर अड़ गए लेकिन प्रशासनिक पहल पर काफी मान मनोबल के बाद वोटिंग शुरू हुई। इस दौरान दिनापट्टी सखुआ पंचायत के बूथ संख्या 73 पर लगभग साढ़े ग्यारह बजे तक एक भी मतदान नहीं हुआ था। जबकि मतदान कर्मी सुबह सात बजे से मतदान कराने को तैयार बैठे थे। कुछ देर तक जब एक भी मतदाता बूथ पर नहीं पहुंचे तब पता चला कि लोग विकास के विभिन्न को लेकर नाराज है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम ने लोगो को काफी समझा बुझाकर मतदान के लिए तैयार किया। एसडीएम के आश्वाशन पर लगभग साढ़े चार घंटे बाद मतदान प्रारंभ हुआ। बताया गया कि बूथ 73 पर कुल 1168 मतदाता है। मतदान बहिष्कार की सूचना मिलने के बाद बीडीओ आशा कुमारी, थाना प्रभारी मंजू कुमारी, सीओ किसलय कुमार समेत अन्य समाजसेवी के द्वारा भी मतदाताओ को मनाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का मांग था कि जब तक डीएम मतदान केंद्र पर पहुंचकर आश्वाशन नहीं देंगे तब तक वे लोग मतदान नहीं करेंगे। अंततः एसडीएम संतोष कुमार ने मतदान केंद्र पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुनने के पश्चात समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां अपराध चरम पर है। कानून व्यस्था सही नहीं है इसके कारण लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर है। पंचायत में अस्पताल नहीं हैं। इसके कारण 15 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। दीनापट्टी सखुआ पंचायत में पंचायत सरकार भवन का कार्य चार वर्षों से अधूरा है। नल जल की स्थिति बद्तर है। पंचायत में किसी भी विद्यालय के पठन पाठन की व्यवस्था सही नहीं है। वर्षो से एक ही विद्यालय में पढ़ा रहे शिक्षकों की तबादले की मांग किया गया। कहा कि स्थानीय शिक्षक के गांव में होने से पठन पाठन सही से नहीं हो पाता है। पंचायत में राशन कार्ड के नाम पर जनता से उगाही किया जाता है। वही राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय तिनकोन्मा के मतदान केंद्र संख्या 41, 42 तथा 43 पर भी तिनकोनमा के ग्रामीणों ने भी शिक्षा, सड़क तथा अन्य मुद्दों को लेकर नाराज दिखे इसके कारण एक घंटे बाद मतदान प्रारंभ किया गया। वही साहेबगंज इटहरी 48 नम्बर बूथ पर पुलिस द्वारा एक मतदाता के साथ मारपीट किया गया। जिस कारण कुछ देर तक काफी गहमा गहमी बनी रही। पुलिस पदाधिकारी के कार्यशैली से आक्रोशित ग्रामीण एकजुट होकर मतदान केंद्र से बाहर निकल गए। और मतदान का बहिष्कार कर दिया था। हालांकि सूचना पर पहुंचे वरीय पदाधिकारी द्वारा लोगों को समझाने बाद पुनः मतदान प्रारंभ हुआ। उक्त पुलिस पदाधिकारी को लेकर चले गए।

# जमुई सिविल कोर्ट परिसर में पत्नी ने खोई आपा और पति की कर दी धुनाई



- पति ने कर ली है दुसरी शादी, जमानत के लिए आये थे जमुई कोर्ट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले में सिविल कोर्ट परिसर में सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई जब महिला अपने पति का कॉलर पकड़कर धुनाई करने लगी। मुकदमे की सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे पति-पत्नी के बीच हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक महिला किस तरह अपने पति का कॉलर पकड़कर पिटाई कर रही है। हालांकि मौके पर मौजूद वकील और लोगों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। दरअसल महिला दूसरी शादी कर लेने के कारण पति से नाराज है और केस लड़ रही है. उसी मुकदमे को लेकर सुनवाई के लिए जब सोमवार को दोनों कोर्ट पहुंचे पति को सामने देख महिला अपनी आपा खो दी और पति की पिटाई करने लगी। जानकारी के अनुसार महिला की शादी 7 साल पहले विकास कुमार से हुई थी, संतान नहीं होने के कारण विकास चोरी छिपे दूसरी शादी कर चुका है। दूसरी शादी कर लेने की जानकारी के बाद महिला ने अपना हक और मेंटेनेंस की मांग करते हुए अपने पति पर मुकदमा दर्ज कर केस लड़ रही है। विकास कुमार देवघर में एक दुकान में काम करता है। पहली पत्नी से बच्चा नहीं होने के कारण वह दूसरी शादी कर चुका है। इस शादी को लेकर महिला विकास से नाराज है। सोमवार को विकास जमानत के लिए जमुई कोर्ट पहुंचा था जहां उसे उसकी पहली पत्नी ने देख ली. पति को देखते ही महिला खुद पर काबू नहीं कर पा सकी और वह अपने पति का कॉलर पकड़कर उसकी धुनाई करने लगी। महिला के साथ जो युवक मौजूद था वह भी विकास पर घूंसे चलाए। मारपीट और हंगामा को देखते हुए वहां मौजूद एडवोकेट और लोगों ने दोनों को अलग-अलग कर मामला का शांत कराया। इसी बीच वहां मौजूद किसी शख्स ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# विद्यार्थी परिषद की पहल से अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को मिल रहा पानी,जनप्रतिनिधि मौन : सूरज

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/झाझाः वर्तमान समय में गर्मी अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका है, जिससे जल संकट गहराता जा रहा है। झाझा प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बाराकोला पंचायत के मयूरनाचा गांव के लगभग छः दर्जन से अधिक जनजातीय समुदाय के परिवारों को जल संकट जैसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी विकट परिस्थिति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मसीहा बनकर पदाधिकारियों से वार्ता स्थापित कर उक्त गांव में पानी मुहैया कराने का कार्य कर रहे हैं। सोमवार की संध्या 07 बजे जैसे ही एबीवीपी के कार्यकर्ता पानी के टैंकर के साथ गांव पहुंचे,महिला बूढ़े बच्चे सभी के चेहरे पर मानो उम्मीद की किरण जाग गई और बाल्टी, तसला, तथा अन्य बर्तन पात्र के साथ नंबर लगाकर पानी लेने की अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। दक्षिण बिहार प्रांत एसएफडी सह संयोजक सूरज बरनवाल ने कहा कि जब आजादी का 76 वर्ष पूर्ण कर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं परंतु फिर भी इस गांव में अब तक पानी की सुविधा नहीं मिल पाना सरकार की सारे दावों को विफल होता दशार्ता है। इस गांव में अबतक नलजल योजना भी नहीं पहुंची है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि जी एवं पीएचईडी विभाग का धन्यवाद जो एबीवीपी के आग्रह पर इस पहल को हरी झंडी दिखाया।साथ ही तेज तर्रार जिलाधिकारी राकेश कुमार को ध्यावद ज्ञापित करता हूं कि इस चिलचिलाती धूप में भी जिले के सुदूर वर्ती इलाकों में जाकर नायक की शैली में लोगों की समस्या का समाधान कर रहे है। एबीवीपी जिला सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक कुसुम यादव ने कहा कि एक तरफ जहां इसरो के चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की खोज की है। यह देश की वैज्ञानिक प्रगति और मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वहीं दूसरी तरफ हमारे देश के कई सुदूरवर्ती इलाकों में लोग पानी की बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मयूरनाचा जैसे इलाकों में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। यह विरोधाभासपूर्ण तस्वीर देश के लिए चिंताजनक है। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य चिंटू कुमार,मीना देवी, छोटकी मुर्मू, बड़की सोरेन, रमेश हस्दा, राजू हस्दा, वासुदेव हस्दा,मंझली बेसरा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## सचिन को डिप्लोमा इन इंजिनियरिंग में गोल्ड मेडल मिलने पर इलाके में हर्ष का माहौल



प्रात : किरण संव ाददाता

महुआ महुआ प्रखंड क्षेत्र के मधौल पंचायत के बाली बथना गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र सचिन कुमार प्रकाश ने मध्य प्रदेश में रह कर राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल से इंजीनियरिंग की पढाई करने के बाद कॉलेज मे हुई फाइनल परीक्षा में कॉलेज में टॉप किया है। सचिन के डिप्लोमा इन इंजिनियरिंग में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के द्वारा गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सचिन के टॉप करने और गोल्ड मेडल मिलने के बाद उसके परिजनों के साथ साथ उसके रिश्तेदारों और दोस्तों में भी खुशी का माहौल बना हुआ है। गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद अपने पैतृक गांव पहुंचने के बाद उसके माता पिता ने अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर अनेकों लोग भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सचिन की प्रारंभिक शिक्षा हाजीपुर के संतपॉल स्कूल से हुई थी।सचिन के पिता स्थानीय चौक पर एक दवा की दुकान चलाते हैं और सचिन की मां गृहणी है। सचिन दो भाई बहनों में सबसे छोटा है।सचिन के पिता जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सचिन बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रहा है और अपने मेहनत के बल पर इंजीनियरिंग की पढाई लिखाई करते हुए परीक्षा पास कर कॉलेज में टॉप किया है। सचिन के गोल्ड मेडल हासिल करने पर स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। सचिन को गोल्ड मेडल मिलने पर पूर्व जिला परिषद अशोक कुमार अकेला स्थानीय मुखिया जवाहर राय, सरपंच मोहम्मद मुस्लिम, रंजित कुमार आदि ने जयप्रकाश सिंह को घर पहुंच कर बधाई देते हुए सचिन के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# निलगाए को बचाने में बाइक बिजली के खंभे से टकराई, युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ थाना क्षेत्र के रामपुर चंद्रभान उर्फ डगरु पंचायत में नीलगाय को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर बिजली ' खंभे से टकरा गई। जिससे बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना मंगलबार की दोपहर की बताई जाती है। वही घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सभी चित्कार मारकर रोने पीटने लगे जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया। वही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। वही घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कागजी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिय सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के डगरु पंचायत के मूकसुदपुर ताज गांव निवासी उपेंद्र सिंह के 21 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार मंगलवार की सुबह 10 बजे के आसपास आधार कार्ड का फोटो कॉपी कराने के लिय बाइक से गांव के चौक पर गया था।जहां से एक घंटे बाद घर लौटने के दौरान सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और बिजली खंभे से जा टकराई। जिससे युवक के सिर में जोरदार चोट लगने से उसका सर फट गया और घटनास्थल पर ही युवक ने दम तोड़ दिया।युवक की मौत की सूचना घर पहुंचते ही पिता उपेंद्र सिंह माता रीता देवी के साथ अन्य परिजनों की चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। सभी रोने पीटने लगे। घटनास्थल पर पल भर में हजारों लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना महुआ थाना को दी।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुभाष प्रसाद ने सब इंस्पेक्टर पुष्पा कुमारी को दल बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं पहुंची पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया।युवक की मौत पर ग्रामीण उमेश प्रसाद सिंह कुशवाहा,अशर्फी दास, महेश सिंह,अरुण अलबेला मनीष कुमार,अकीलदेव सिंह के साथ साथ अनेकों लोगों ने अपनी संवेदना प्रकट की है।

# मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर बुलाकर मतदान के महत्व एवं सुविधाओं से अवगत कराया गया



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।लोक सभा आम निर्वाचन,2024 के मद्देनजर जिलान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर वीटीआर 70 पार ले जाने, मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने, मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने हेतु सम्बद्व बी0एल0ओ0, ऑगनवाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, विकास मित्र एवं किसान सलाहकार के द्वारा दो दिवसीय महा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा आज सुबह वैशाली जिला के कई चुनावी महा पाठशाला का भ्रमण किया गया। वहां की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कई घरों पर जाकर उन्होंने लोगों से वीटीआर बढ़ाने की अपील की। राह चलते राहगीरों से बात की। उनसे मतदान का समय पूछा, तिथि पूछा, अन्य जानकारियां ली गई। उद्देश्य यह जानना रहा कि लोगबाग चुनाव की जरूरी सूचनाओं से लैश हैं या नहीं ।उन्होंने इस बार बूथ पर मिलने वाली सुविधाओं से भी लोगों को अवगत कराया। महा चुनाव पाठशाला के अन्तर्गत आगामी लोक सभा चुनाव की पूर्वाभ्यास की गयी। मतदान का निर्धारित समय 07:00 बजे सुबह से 06:00 बजे शाम के अनुसार ही पाठशाला अन्तर्गत सभी मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर बुलाकर मतदान के महत्व एवं मतदान के दिन उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया। इस पाठशाला का अनुश्रवण सभी ए0आर0ओ0, सभी प्रखंड विकास विकास पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी जिलास्तर के पदाधिकारी के द्वारा मतदान केन्द्र पर घूम-घूमकर की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से भी संबंधित पदाधिकारी से मतदान केन्द्र पर उपस्थित हुए मतदाता से संबधित आकड़े भी प्राप्त किए गए एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

## 13 मधेपुरा लोक सभा क्षेत्र में 7 बजे मतदान की प्रक्रिया हुई प्रारंभ



- डीएम विजय प्रकाश मीणा ने अपने परिवार के साथ किया पहला मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा तीसरे चरण चुनाव के लिए मंगलवार सबेरे 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। डीएम विजय प्रकाश मीणा ने मधेपुरा जिला मुख्यालय के जगजीवन आश्रम स्थित आदर्श मतदान बूथ पर अपने परिवार के साथ मतदान किया। डीएम विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि हम अपने परिवार के साथ जिले में पहला मतदान किया है पूरे जिले वासी से बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील भी की। वहीं शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान के लिए पूरे लोक सभा क्षेत्र में करीब 30 बटालियन पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 16 हजार 180 है। वहीं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 27 हजार 805 है। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में इस बार मतदाताओं की संख्या 20 लाख 73 हजार 587 है। जिसमें पुरुष मतदाता 10 लाख 74 हजार 243, महिला मतदाता 9 लाख 96 हजार 852, और थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या 50 है।

# शिकायत के बावजूद कर रहे कुआं की जमीन पर शौचालय टंकी का निर्माण, अवैध निर्माण से आक्रोशित है वार्ड 11 वासी

- वार्ड वासियों ने कहा अवैध निर्माण से कुआं का अस्तित्व खतरे में

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर पतसंडा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 11 के वार्ड वासियों ने अपने वार्ड में बचे एकलौते कुआं पर किए जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की लिखित गुहार सीओ व थानाध्यक्ष गिद्धौर से लगाई है। बताया जाता है की वार्ड नंबर 11 में आम गैर मजरूआ जमीन पर करीब चार से पांच दशक पूर्व कुआं का निर्माण कराया गया था। उस वक्त वार्ड वासी अपनी प्यास इसी कुआं के पानी से बुझाते थे। एक ओर जहां जल संरक्षण को ले मनरेगा योजना के तहत अभियान चला प्रखंड भर में जीर्ण शीर्ण पड़े कुएं का मरम्मती करण कार्य करवा जीवित किया जा रहा है। तो दूसरी ओर वार्ड 11 के कुछ मनबढ व दबंग प्रवृति के लोग कुआं की सरकारी जमीन को खोद कर शौचालय की टंकी का निर्माण कार्य कर रहे है ।जिससे अब कुआं का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर आ पहूंचा है। कुआं के चारो तरफ जबरन किए जा रहे अतिक्रमण से वार्ड वासियों ने अविलंब कुआं के अगल बगल चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग स्थानीय वार्ड के ग्रामीण ने लिखित आवेदन दे कर प्रशासन से की है। वार्ड वासी सुमंत्री देवी,गीता देवी,रबिंद्र यादव,नीतीश कुमार,सुधीर यादव,गुड्डू कुमार ने बताया की पचास वर्ष पूर्व से यह कुआं हम वार्ड वासियों की प्यास बुझाता आ रहा है ।और आज वार्ड 11 के ही प्रमोद यादव,दिनेश यादव व तलेवर यादव जो दबंग प्रवृति के लोग है ।जबरन कुआं के अगल बगल शौचालय की टंकी का निर्माण कार्य करा रहे है। जिसकी वजह से कुआं का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा ।जबकि शादी ब्याह के मौसम में इस कुआं के पानी से वार्ड वासी देवी देवताओं की पूजा करते है ।हम सभी वार्ड वासियों द्वारा कुआं पर चल रहे अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष गिद्धौर से गुहार लगाई गई है। कहते है अंचलाधिकारी इस संबंध में पुछे जाने पर अंचलाधिकारी आरती भूषण ने बताई की निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया,नापी कराने का निर्देश दिया गया।

## प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा माहौल में चुनाव संपन्न



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा माहौल में संपन्न हो गया। मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सभी मतदान केंद्र पर पुलिस बल के साथ अर्ध सैनिक बल की भी तैनाती की गई थी। लगातार दंडाधिकारी के साथ पुलिस प्रत्येक मतदान केंद्र पर ग्रस्त लगा रही थी। मतदान के शुरूआत दौर में सपरदह पंचायत के जयलाल उच्च विद्यालय सपरदाह बूथ संख्या 98, 99 पर ईवीएम खराब हो जाने के कारण एक घंटा देरी से मतदान शुरू किया गया।

# मुखिया कला देवी की मनायी गयी पहली पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- प्रखंड के पतसंडा पंचायत मुखिया कला देवी की 01 पहली पुण्यतिथि सादे समारोह में श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस मौके पर दिवंगत मुखिया कला देवी के तैल चित्र तस्वीर पर उनके पुत्र सह पतसंडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव व पुत्रवधु पतसंडा पंचायत के वर्तमान मुखिया ललिता देवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मोके पर पुत्रवधु पतसंडा मुखिया ललिता देवी ने अपने दिवंगत सास कला देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर पंचायत के अधुरे पड़े कार्य को पुरा करने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर पतसंडा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव,रंजन कुमार साव,गोपाल साव सोनी कुमारी भाजपा नेता शंभू केशरी,समाजसेवी कुणाल सिंह,शंकर यादव,महेश रावत आदि ने उनके तैल चित्र तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया व दिवंगत पतसंडा मुखिया कला देवी के प्रति अपने उद्गार को व्यक्त करते हुए कहा कि कला देवी एक सामाजिक संघर्षशील महिला इंसान थी। उन्होंने समाज के शोषित वंचित गरीब गुरबों की मदद को ले सरकार व प्रसासन को उनकी समस्या से अपने जीवंत काल मे अवगत कराकर उनके नैतिक मूल्यों का समर्थन किया व सामाज सुधार से जुड़े कार्यों में बढ़ चढ़कर जीवन हिस्सा लिया,उनकी कमी समाज को आज खल रही है। वहीं इस पहली पुण्यतिथि के अवसर पर क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी अरूण साव,विनोद यादव,काजू सिंह,नवल सिंह,मयंक मधुकर,शुभम कुमार,संजना कुमारी,सत्यम कुमार,अनुराग कुमार,आर्यन कुमार,अजीत ठाकुर,सुबोध केशरी सहित कई बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने इस पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

सम्पादकीय

## किसी भी दल के साथ पक्षपात नहीं करेगा

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक क्लिप काफी चर्चा में थी। क्लिप में दिखाया गया कि तेलंगाना राज्य में एक गरीब सब्जी विक्रेता सड़क के किनारे अपनी छोटी सी दुकान लगाए बैठी थी। तभी एक रईसजादे ने उसके पीछे अपनी महंगी गाड़ी को कुछ इस तरह से पार्क कर दिया कि महिला की साड़ी का पल्लू गाड़ी के पिछले पहिये के नीचे दब गया। कुछ ही क्षण बाद जैसे ही महिला को इस बात का पता चला, तो वो गाड़ी मालिक से दुहाई करने लगी पर उसने एक न सुनी और एक भवन के अंदर चला गया। मजबूरी में उस महिला ने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने भी काफी प्रयास किया कि उसकी साड़ी का पल्लू किसी तरह से पहिये से मुक्त हो जाए। लेकिन पुलिस जो उपाय खोजा वह काफी सराहनीय है। पुलिस ने एक मिस्त्री बुलाया और गाड़ी में जैक लगा कर महिला के पल्लू को मुक्त करवा दिया। परंतु तेलंगाना की पुलिस ने इस मनचले को सबक सिखाने की भी सोची। पुलिस वाले उस गाड़ी के पहिये को उतरवा कर अपने साथ पुलिस थाने ले जाने लगे। जैसे ही गाड़ी का पहिया उतारा जा रहा था तभी वो मनचला हड़बड़ाता हुआ बाहर आया। पुलिस के इस एक्शन पर घबराहट में उनके पैरों में गिरने लगा। माफी मांगने लगा। परंतु पुलिस ने उसकी एक न सुनी और पहिया उतार कर अपने साथ थाने ले गई। इस बिगड़े मनचले के पास सिवाय अपना सर खुजाने के और कोई उपाय न था। शायद वो इस तरह से गाड़ी पार्क करने से पहले इंसानों की तरह सोचता तो ऐसा न होता। परंतु पैसे के घमंड में चूर इसे कुछ दिखाई नहीं दिया। यदि यहां पुलिस उस व्यक्ति से उलझती तो वो अवश्य अपने पैसे और रु तबे की धौंस दिखाता। गौरतलब है कि इस पूरे वीडियो को सोशल मीडिया पर स्क्रिप्टेड वीडियोइ या नाटकीय वीडियो कहा जा रहा है। परंतु जो भी हो वीडियो डालने वाले ने जो संदेश देना चाहा वह देश के अन्य राज्यों की पुलिस के लिए एक अच्छा उदाहरण बना। चुनावों के मौसम में तेलंगाना के इस वीडियो क्लिप से भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। सोशल मीडिया पर शायद ही कोई राजनैतिक पार्टी होगी जिसने अपने चुनावी भाषण में किसी न किसी तरह से आचार संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के नियमों का उल्लंघन न किया हो। परंतु जिस तरह चुनाव आयोग एकतरफा कार्रवाई करते हुए दिखाई दे रहा है, उससे तो यही लगता है कि दोहरे मापदंड अपना रहा है। ईवीएम और वीवीपैट को लेकर चुनाव आयोग पहले से ही विवादों में है। चुनावी भाषणों को लेकर आयोग की एकतरफा कार्रवाई एक बार फिर से पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषण और उनके बाद नियुक्त हुए कुछ चुनाव आयुक्तों की याद दिलाती है, जो नियम-कायदों के पक्के माने जाते थे। चुनावों के मौसम में कोई राजनैतिक दल, चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, चुनाव आयोग से कभी नहीं उलझता था। परंतु बीते कुछ वर्षों में जिस तरह चुनाव आयोग की जगहंसाई हुई है उससे प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं रहा। फिर वो चाहे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों की अनसुनी हो या किसी बड़े राजनैतिक दल द्वारा किए गए उल्लंघन की अनदेखी हो। चुनाव आयोग विवादों में बना ही रहा। जब भी कभी कोई प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, तो उसका संचालन करने वाले शक के घेरे में न आएं इसलिए प्रतियोगिता के हर कृत्य को सार्वजनिक किया जाता है। आयोजक इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उन पर पक्षपात का आरोप न लगे। इसीलिए जब भी कभी आयोजकों को किसी कमी की शिकायत की जाती है या उन्हें कोई सकारात्मक सुझाव दिए जाते हैं तो यदि वे उन्हें सही लगें तो वे उन्हें स्वीकार लेते हैं। उन पर पक्षपात का आरोप भी नहीं लगता। ठीक उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव हैं। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग को उन सभी सुझावों और शिकायतों को खुले दिमाग से और निष्पक्षता से लेना चाहिए।

## आखिर किसका राम नाम सत्य होगा?

राकेश अचल

नई लोकसभा के लिए चल रहे चुनाव के बाद किस पार्टी का राम नाम सत्य होगा, ये कहना कठिन है? इस समय देश में जनता से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सरकार की उपलब्धियों पर कोई चर्चा नहीं हो रही। केवल और केवल राम विमर्श के केंद्र में हैं। सत्तारूढ़ भाजपा राम की हिजगरी है और पूरे दमखम से दूसरे राजनीतिक दलों को राम विरोधी बता रही है। मजे की बात ये है कि राम जी खामोश के साथ मंदिर से ही तमाशा देख रहे हैं। देश में तीसरे चरण का मतदान आसमान से बरसती आग के बीच हुआ है। पहले दो चरणों के मतदान से निराश सत्तारूढ़ दल ने मतदान का प्रतिशत बढ़ने के लिए अपने तमाम मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के साथ ही पदाधिकारियों की कान-कुच्ची की थी लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। देश के दो-दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने के बाद भी हालात बदलते नहीं दिखाई दे रहे। सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ असंतोष अब खुलकर प्रकट हो रहा है, हालाँकि आज भी झारखंड में मंत्री के कारिंदों के घर से करोड़ों रुपया बरामद हो रहा है। मध्यप्रदेश में जब शिवराज सिंह चौहान की सरकार थी तब इसी तरह जल संसाधन विभाग के एक प्रमुख सचिव के घर से भी नोटों की बरामदगी हुई थी। एक मंत्री के बच्चे के स्कूली बस्ते से नोटों की बरसात सबने देखी थी, लेकिन किसी का कुछ नहीं बिगड़ा। कम से कम मंत्री और मुख्यमंत्री तो जेल नहीं गए।

इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ये है कि सत्तारूढ़ दल की और से ये चुनाव संघ परिवार के बजाय मोदी परिवार लड़ रहा है। मोदी परिवार अचानक संघ परिवार से बड़ा हो गया है। पार्टी का संघ दीक्षित कार्यकर्ता भी अब अपने आपको संघ परिवार का सदस्य कहने के बजाय मोदी परिवार का सदस्य कहने में गर्व अनुभव करता है। अचानक बौने हुए संघ परिवार ने इसी हताशा की वजह से अगले साल होने वाले संघ की स्थापना के शताब्दी समारोह का आयोजन रद्द कर दिया है। अब संघी घर बैठे हैं या संघ छोड़कर मोशा के तलवे सहला रहे हैं। खुद संघ प्रमुख को समझ में नहीं आ रहा कि वे इस स्थिति में क्या करें? संघ भाजपा के कांग्रेसीकरण को लेकर भी खिन्न है, लेकिन करे तो क्या करे? इस समय देश चौराहे पर खड़ा है। मुद्दे नदारद हैं और चारों तरफ सिर्फ रामलीला दिखाई जा रही है। सवाल किये जा रहे हैं की किसने रामलीला देखी और किसने नहीं। किसने मंदिर जाकर लंबलेट होकर तस्वीर खिंचवाई और किसने नहीं। अब तिरंगे राष्ट्रिय ध्वज की नहीं केसरिया या भगवा ध्वज की फिक्र की जा रही है। राम को लेकर इतनी दुकानदारी तो त्रेता में भी नहीं की गयी थी। राम का जिस तरह से वनवास हुया था, उसी तरह राजतिलक भी हो गया था। कोई हल्ला-हंगामा नहीं हुआ था। किसी को राम भक्त होने या न होने का प्रमाण-पत्र नहीं दिया गय। लेकिन कलियुग के मौजूदा कालखंड में राम मंदिर के बजाय भाजपा की मुठ्ठी में कैद हो गए हैं। राम चरित गाने वाले गोस्वामी तुलसीदास और सबसे बड़े राम रसिया हनुमान जी भौंचक हैं राम के नए ठेकेदारों को देखकर। उन्हें लगता है कि जैसे भारत का मतदाता दस साल पहले भ्रमित हो गया था वैसे ही कहीं राम जी भी भ्रमित न हो जाएँ।

अजीब बात ये है कि जो सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ बोलने की हिमाकत दिखा रहा है उसे लगातार जेल में रखने के पुख्ता बंदोबस्त किये जा रहे है। मिस्टर अरविंद केजरीवाल पर अब आरोप है कि उन्होंने आतंकी संगठन से 134 करोड़ रुपए लिए। राजभवन ने इस शिकायत की जांच एनआईए से करने के लिए खतो-किताबत की है। मुमकिन है कि आरोप सच हों और मुमकिन है कि न भी सच हो। मनगढ़ंत हों ताकि केजरीवाल को जेल से बाहर आने से रोका जा सके। भाजपा झारखण्ड से लेकर पूरे देश में आलमगीर आलम और उनके सचिवों तथा उनके नौकरों की तलाश में लगी है। ताकि चुनाव के बाकी चार चरणों में कुछ खेला किया जा सके।

कांग्रेसी से भाजपाई हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम की मानें तो चार जून के बाद कांग्रेस का विभाजन हो जाएगा। आचार्य जी को कांग्रेस की बड़ी चिंता है। कांग्रेस विभाजित होगी, इसका इल्हाम उनके आराध्य ने शायद उन्हें कराया है। उन्हें ये पता नहीं है कि 4 जून के बाद संघ परिवार और मोदी परिवार का क्या होगा?दोनों का विलय होगा या विभाजन, प्रमोद सर नहीं बता सकते, क्योंकि वे सचमुच कुछ जानते ही नहीं है। वे अब राम से ज्यादा मोदी जी के भक्त हैं। मोदी भक्तों कि संख्या में इजाफा होने का मतलब ये बिलकुल नहीं है कि देश में राम जी की सेना भी बढ़ रही है। बल्कि राम जी चिंतित होंगे कि कहैं मोदी जी के साथ उनके भक्तों कि मण्डली भी तो कहीं 4 जून के बाद झोला उठाकर हिमालय न निकल जाये। आइए ये समय देश का भविष्य चुनने के लिए मतदान करने का है। मोदी जी को चुनने या न चुनने का नहीं। मोदी जी प्रधानमंत्री बनें या न बनें इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। आखिर कोई तो प्रधानमंत्री बनेगा ही? किसी और की किस्मत में भी राजयोग तो होगा ही। प्रधानमंत्री किसी दल का हो इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता। फर्क पड़ता है कि वो मोदी जी जैसा है या नेहरू जी जैसा। नायक होगा या अधिनायक? राम-राम ही जपेगा या कभी जन-गण-मन की भी बात करेगा।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्न को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने ह्यनाइंसाफीह्न के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है





ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्न को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने ह्यनाइंसाफीह्न के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दशार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का ह्यशहजादाह्न भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र

# अरविन्द केजरीवाल बाहर होगे या अन्दर ही रहेंगे?

आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा। क्या दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है। जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है। सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वाली है। चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है। तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है। जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है। जो केन्द्र शासित प्रदेश है, लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है। जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई। ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है।





विनोद ताकियावाला
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

अरविन्द केजरीवाल को राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा देशवासियों के लिए बदलते हुए पर्यावरण के मियाज प्रचंड गर्मी के मध्य में लोक सभा 2024 के साधारण चुनाव की सरगर्मी, राजनीति दलों के सिद्धान्त विहीन व दिशाहीन गतिविधियों से भारत राजनीति की चर्चा राजनीति के मनिषयों के संग अन्तराष्ट्रीय राजनीति पर पैनी नजर रखने चर्चा-चिन्तन व चिन्ता बन गई है। आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा। क्या दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है। जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है। सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वाली है। चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है। तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है। जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है। जो केन्द्र शासित प्रदेश है, लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है। जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई। ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है। लैकिन केन्द्र सरकार के रूप में एन डी ए की सरकार बनी-दिल्ली की जनता ने अरविन्द केजरीवाल को लगातार तीसरी अपना मुख्यमंत्री बनाया है। केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि वर्तमान राज्यपाल के ठकराव की ऐसी स्थिति बन गई ह्य दोनों की आपसी लड़ाई के मध्य दिल्ली की जनता परेशान है। ऐसे मामला इतना तुल पकड़ा कि मामला न्यायालय व जाँच ऐजेन्सी के चक्रबहू में फस गया है। सरकारी जाँच ऐजेन्सी की आँच में मंत्री उप मुख्य मंत्री व मुख्य मंत्री को जेल की चारदीवारी तक पहुँच गये। ऐसे ही दिल्ली की नई शराव नीति का मामला है। दिल्ली के मुख्य मंत्री व राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र के लेकर देश के न्याय मन्दिर में पहुंचा। जाँच ऐजन्सी के जाल विछा कर जेल के अन्दर डाल दिया, वही अरविन्द केजरीवाल नें उनकी गिरफ्तारी को न्यायलय में चुनौती दे डाली। इसी घटना में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने अपना फैसला 7 मई के लिए सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत दे सकते हैं या नहीं यह मामला माननीय न्यायलय को करना है, लेकिन देश में जब आचार संहिता लागू होने के दौरान उनकी गिरफ्तारी के तर्क पर सवाल उठाया। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की इस याचिका पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच ने कहा कि वे हो सकता है कि या तो 7 मई को उन्हें जमानत न दी जाएगी या न भी दी जा सकती है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक हफ्ते बाद, चुनाव के बीच में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के अपने कृत्य के पीछे के तर्क को सही ठहराना होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि चाहे कुछ भी हो प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक सप्ताह बाद 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की अपनी कार्रवाई को उचित ठहराना होगा।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को इस संभावना के लिए तैयार रहना होगा कि वास्तविक चुनावों के मद्देनजर दिल्ली के सीएम को जमानत मिल भी सकती है। हालाँकि, उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल जाएगी क्योंकि हम उन्हें जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते हैं। इस संदर्भ में न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह सोचना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल रही है, हालांकि अदालत इस संभावना पर खुली है। हालाँकि, हम किसी भी तरह से कुछ नहीं कह रहे हैं, कि हम जमानत देंगे या नहीं, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा। सर्वविदित रहे कि जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को विगत 21 मार्च को दिल्ली सरकार की नई आबकारी पुलिस द्वारा किए गए शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था। जांच पहले दिल्ली के सीएम को किंगपिन बताया था, जबकि जेल में बंद दिल्ली के सीएम ने अपनी गिरफ्तारी को पूरी तरह से मनमाना और अवैध बताया है, जो पहली बार लोकतंत्र के सिद्धांतों को नष्ट करने वाला था।

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं। दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं। जमानत पर बाहर आने के बाद उनका

# स्वरोजगार से बदल रही है महिलाओं की आर्थिक स्थिति

मोनिका

पहले मुझे हर चीज के लिए पति के सामने हाथ फैलाने पड़ते थे. छोटी से छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनसे पैसे मांगने पड़ते थे. इससे मेरे आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती थी. लेकिन मेरे पास ऐसा कोई माध्यम नहीं था जिससे मैं अपने पैरों पर खड़ी हो सकती और खुद का रोजगार कर पैसे कमा सकती. लेकिन आज मैं स्वरोजगार के माध्यम से प्रति वर्ष 40 से 50 हजार रुपए अर्जित कर लेती हूं. इसकी वजह से आज मैं न केवल आत्मनिर्भर बन चुकी हूं बल्कि मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ गया है. यह कहना है गडसीसर गांव की 30 वर्षीय महिला पूजा का. यह गांव राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 65 किमी की दूरी पर बसा है. पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 3900 है. यहां पुरुषों की साक्षरता दर 62.73 प्रतिशत महिलाओं में मात्र 38.8 प्रतिशत है. यहां पर सभी जातियों के लोग रहते है, परंतु सबसे अधिक राजपूत जाति की संख्या है. पूजा बताती हैं कि दो साल पहले गांव की एक सामाजिक कार्यकर्ता हीरा शर्मा ने मुझे स्थानीय गैर सरकारी संस्था उरमूल द्वारा प्रदान किये जा रहे स्वरोजगार के बारे में बताया. जहां महिलाएं कुरुसिया के माध्यम से उत्पाद तैयार कर आमदनी प्राप्त करती थीं. पहले मैं इससे जुड़ने से झिझक रही थी क्योंकि मुझे यह काम नहीं आता था. लेकिन संस्था द्वारा पहले मुझे इसकी ट्रेनिंग दी गई. जहां मुझे कुरुसिया के माध्यम से टोपी, जैकेट, दस्ताना, जुराब और मफलर इत्यादि बनाना सिखाया गया. संस्था में मेरे साथ साथ गांव की 30 अन्य महिलाओं को भी कुरुसिया के माध्यम से उत्पाद तैयार करने की ट्रेनिंग दी गई. इसके बाद संस्था की ओर से ही हमें सामान बनाने के ऑर्डर मिलने लगे और तैयार करने के बाद भुगतान किया जाने लगा है. अब मुझे पैसों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है. वह पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती है कि अब तो जरूरत होने पर पति मुझ से पैसे मांगते हैं. इससे जुड़ने के बाद मुझे अपने अंदर की प्रतिभा का एहसास हुआ है. अब मुझे लगता है कि हम महिलाएं भी बहुत कुछ कर सकती हैं. घर बैठे काम करके हम भी पैसा कमा सकती हैं. पूजा कहती हैं कि संस्था से जुड़कर मैंने जाना कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं. लेकिन जागरूकता के अभाव में हम इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाती हैं. दरअसल वर्तमान समय में रोजगार एक प्रमुख मुद्दा बन चुका है. खासकर उन ग्रामीण महिलाओं के लिए जिनके पास शिक्षा और जागरूकता का अभाव है. जिस कारण वे घर की चारदीवारी में बंद रहने को मजबूर हैं. महिलाओं की इस समस्या को दूर करने के लिए उरमूल संस्था द्वारा जिस प्रकार उन्हें ट्रेंनिंग दी जा रही है, वह महिला सशक्तिकरण का एक अच्छा उदाहरण है. कुरुसिया के माध्यम से जुराब बुन रही गांव की एक महिला विद्या कहती है कि जब से हम उरमूल संस्था के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़े हैं हमें अब अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं रह गई है. अब मैं पति के साथ मिलकर घर में बराबर के पैसे खर्च करती हूं. पहले हम सिर्फ घर का ही काम करती थी और पशुओं की देखरेख करती थी. हमारे घर वाले भी हमें घर से बाहर जाने नहीं दिया करते थे. महिलाओं के प्रति समाज की सोच भी संकुचित थी. लेकिन जब से हम इस संस्था से जुड़े हैं, तब से हमें कोई घर से बाहर जाने से भी नहीं रोकता है.विद्या के बगल में बैठी कुरुसिया पर मफलर बुन रही एक अन्य महिला सरस्वती देवी उनकी बातों को आगे बढ़ाते हुए कहती हैं कि मैंने संस्था को कुरुसिया से सामान बनाकर 25 से 30 हजार रुपए तक का काम करके दिया है. इससे मुझे बहुत लाभ हुआ है. अब न केवल मैं अपने अंदर की प्रतिभा को पहचान गई हूं बल्कि इसकी वजह से अब मैं आर्थिक रूप से सशक्त भी हो चुकी हूं. मैं पूरा दिन इस काम में व्यस्त रहती हूं. अब मैं अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी अब खुद उठाने लगी हूं. गांव की एक अन्य महिला लक्ष्मी का कहना है कि क्रोशिया के काम से पैसा कमा कर मैंने एक सिलाई मशीन भी खरीदी है. अब मैं बुनने के साथ साथ कपड़े सिलने का काम भी करती हूं. जिससे मेरी आमदनी और बढ़ी है.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 08 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### 165 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बनकटवा पु च, जोलगवा एसएसबी के जवानो ने मंगलवार की अहले सुबह गस्त के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर पीलर संख्या 367/1 के समीप से धेनुखी बलुआ गाँव के निकट से 165 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को दबोच लिया गया पकड़े गये तस्कर की पहचान जितना थाना क्षेत्र के जितपुर बेला गाँव निवासी गुलशन कुमार पिता अजय प्रसाद के रूप मे किया गया जिसे कागजी प्रकिया पूरा कर जितना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया. जानकारी कमाडेंट प्रफुल कुमार ने दी

### चोरी की मोटरसायकिल के साथ एक गिरफ्तार

लहलादपुरः जनता बाजार थाना की पुलिस ने चोरी की मोटरसायकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार व्यक्ति एकमा थाना क्षेत्र के एकमा चट्टी निवासी मुन्ना राम का पुत्र राजेश कुमार राम बताया जाता है. वह हीरो स्पलेंडर मोटरसायकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर बदलकर कर चला रहा था कि जनता बाजार थाना के एस आइ रामचंद्र तिवारी ने वाहन जांच के दरम्यान उसे पकड़ लिया. जिसे जेल भेज दिया गया.

### भूमि विवाद में पिता पुत्र जख्मी

परसा :-प्रखंड के अंजनी सिकट्टी में पूर्व से चल रहे पटीदारी भूमिविवाद को लेकर गांव से मकेर दूध देने जा रहे युवक को पटीदारो ने ईट पत्थर व भला से वार कर बाप बेटा को जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है । मामला सुबह ग्यारह बजे की है ।जख्मी अंजनी सिकट्टी निवासी उमेश राय व पुत्र बबलू राय बताए गए है । घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा जख्मी बाप बेटा को इलाज के लिए परसा सीएचसी लाया गया ।सूचना स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच घटना की विस्तृत जानकारी ली। जख्मी उमेश राय ने पुलिस को बताया कि बाइक से मकेर दूध देने जा रहे थे कि घर से कुछ ही दूरी पर मेरे चारो भाई कांग्रेस राय,सुनील राय,सुधीर राय,राजू राय सभी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर ईट, रोड़ा पत्थर से मारने लगा जब विरोध किया तो भाई राय ने भला से सीने में वार कर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर पुलिसिया करवाई तेज कर दी गई है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटर साईकिल सवार दो घायल

मशरक थाना क्षेत्र के दुरगौली नहर पर सोमवार को रात्रि में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों तथा 112 की टीम के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गनौली गांव निवासी स्वर्गीय सत्येंद्र सिंह का 21 वर्षीय पुत्र अभिनाश कुमार उर्फ बिकु कुमार तथा अमित कुमार के रूप में हुई है।

### विद्यालय का ताला तोड़कर सात पैकेट चावल, समग्री चोरी

बनियापुर। बनियापुर के मध्य विद्यालय धनगरहा मे अज्ञात चोरो द्वारा विद्यालय का ताला तोड़जर साथ पैकेट चावल सहित आठ नल का खोलकर चले गए है। मामले मे प्रधानाध्यापक ने स्थानीय थाना मे घटना की प्राथमिकी मे बताया है कि विद्यालय कैम्पस मे लगे नल के पितल के छ पीस नल तथा भंडार रूम से सात पैकेट चावल अज्ञात चोरी द्वारा चोरी कर्'ली गयी है घटना की सूचना नाईट गार्ड द्वारा दी गयी थी,मामले मे पुलिस अनुसंधान मे जुटी है।

### नामांकन पत्रों की गई जांच, 13 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, शेष 6 उम्मीदवार

छपरा। सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी द्वारा महाराजगंज लोकसभा के नामांकन पत्रों की संवीक्षा-स्क्रूटिनी की गई, जिसमें 13 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच का तिथि निर्धारित था, कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। स्क्रूटिनी के उपरांत विधिमान्यतः नाम निर्देशित अभ्यर्थियों की सूची इस प्रकार है।आकाश कुमार सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भारतीय जनता पार्टी, मधुसूदन सिंह बहुजन समाज पार्टी,अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन,त्रिभुवन राम पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक तथा लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी आदि प्रमुख हैं।

# कुलपति ने बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निर्देश के आलोक में पटना के मौर्या होटल में राज्य के सभी विश्ववविद्यालयों के माननीय कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय परामर्शी, वित्त पदाधिकारी, परीक्षा नियन्त्रकगण और शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के उच्चाधिकारीण की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने कई अहम मुद्दों को उठाया जिसे सभी कुलपतिगण और शिक्षा विभाग के अधिकारीगण ने काफी सराहना की। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई ने सबसे पहले अतिथि शिक्षकों के भुगतान का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा विश्ववविद्यालयों को पत्र भेजा गया कि अतिथि शिक्षकों का वेतन भुगतान आंतरिक स्त्रोत से कर दिया जाय जबकि बजट में आंतरिक स्त्रोत से वेतन भुगतान का कोई प्रावधान नहीं होता। ऐसे में यह फंड डायवर्सन का मामला हो जाता है जो सामान्य वित्तीय नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में उन्होंने अपने विश्ववविद्यालय के आंतरिक स्त्रोत से ही ऋण के रूप में राशि ली और उस राशि से अतिथि शिक्षकों के दो माह के बकाए वेतन का भुगतान किया ताकि वितीय नियमों की अवहेलना न हो। माननीय कुलपति ने सुझाव दिया कि राज्य शासन को पहले ही बता देना चाहिए कि किस तरह के शिक्षक/कर्मियों के वेतन का आंतरिक स्त्रोत से भुगतान किया जाएगा ताकि हम उसका पूर्व में ही बजटीय प्रावधान कर दें जिससे यह वित्तीय नियमों के विरुद्ध न हो। कुलपति ने आगे कहा कि कई महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। ऐसे में वर्ग संचालन के लिए तात्कालिक तौर पर अतिथि शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विगत 11 महीनों के अतिथि शिक्षकों के बकाए वेतन का भुगतान राज्य शासन करे और आगामी सत्र के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति विश्ववविद्यालयों द्वारा की जाय। इन अतिथि शिक्षकों के वेतन के लिए बजटीय आबंटन राज्य शासन करे। अगर ऐसा होता है तो सभी माहाविद्यालयों में नियमित वर्ग संचालन संभव हो सकेगा। कुलपति प्रो. बाजपेई ने अपने संबोधन में एक और अहम मुद्दे की तरफ राज्य शासन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से सभी वर्ग की छात्राओं और एससी/एसटी वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं से कोई शुल्क राज्यभर के विश्ववविद्यालय-माहाविद्यालयों द्वारा नहीं लिया जा रहा है। इसकी प्रतिपूर्ति राज्य शासन को करनी है लेकिन अबतक एक रुपये की प्रतिपूर्ति नहीं की गई है। हाल में शिक्षा विभाग द्वारा भागलपुर विश्ववविद्यालय को एक पत्र भेजा गया है जिसमें कहा गया है कि उपरोक्त सभी छात्र-छात्राओं से सिर्फ नामांकन शुल्क नहीं लेना है। इस बीच इन 8 वर्षों में यह काफी बड़ी राशि हो गई है और इस राशि की प्रतिपूर्ति राज्य शासन को करनी है। इस राशि के नहीं मिलने के कारण माहाविद्यालयों में विकास कार्य बाधित हो गए हैं। कुलपति ने एक और महत्वपूर्ण सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्ववविद्यालयों को प्रोफेशनल स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम प्रारंभ करने चाहिए ताकि बड़े स्तर पर आंतरिक निधि का सृजन किया जा सके। इसके लिए अच्छे रोजगारपरक कोर्सेज का चयन करना होगा और अच्छी फैकल्टीज लानी होगी ताकि इनमें नामांकन कराने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे इसके प्रति आकर्षित हों। उल्लेखनीय है कि जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई को राजभवन द्वारा राज्य के विश्ववविद्यालयों में पाठ्यक्रमों के निर्धारण हेतु करिकुलम एवं ड्राफ्ट कमिटी का चैयरमैन बनाया गया है। अपने उद्बोधन में कुलपति ने उदाहरण देते हुए कहा कि आज कानपुर विश्ववविद्यालय की आंतरिक निधि 2000 करोड़ रुपये की है। इसके पीछे की वजह गुणवत्तापूर्ण स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों का संचालन है। उत्तरप्रदेश के छह विश्ववविद्यालयों को नैक से ए++ का मूल्यांकन प्राप्त हुआ है। इन छह में से 4 विश्ववविद्यालयों के वे स्वयं कंसल्टेंट वीसी थे। इन सभी विश्ववविद्यालयों ने स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम प्रारंभ कर काफी बेहतर काम किया है और इसी कारण इस तरह का मूल्यांकन नैक से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य शासन से जो बजटीय निधि प्राप्त होती है उसका सबसे बड़ा हिस्सा वेतन-पेंशन मद में चला जाता है और मुश्किल से 5-10 प्रतिशत राशि आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए शेष बचती है जो बिल्कुल ही नाकाफी होती है।

# एचबीएल सुगौली के आरक्षित गांव रामगढ़वा में हुआ किसान संगोष्ठी का आयोजन

**सुगौली चीनी मिल अगले सत्र में मक्का व चावल से बनाएगा इथेनाल किसानों की बढ़ेगी आय**




प्रात : किरण संवाददाता

एच बी एल, सुगौली के आरक्षित गांव रामगढ़वा में आज एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इसमें चीनी मिल अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ लगभग एक सौ किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई। गोष्ठी में सुगौली इकाई के महाप्रबंधक श्री विजय कुमार दिक्षित ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गन्ने का समय से भुगतान व सही वजन किसानों को मिलता रहेगा। मकई, चावल से ऐथनाल बनाने का नया प्लान्ट भी लग रहा है जो अगले साल चालू हो जाएगा।इन्होंने कहा कि किसान लोगों का मक्का भी कंपनी खरीदेंगी।इस अवसर पर अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उत्तम प्रजाति का गन्ना लगाने का आह्वान किया।उप महाप्रबंधक गन्ना ने किसानो को गन्ना फसल में सुखा प्रबंधन, कीट प्रबंधन, रोग प्रबंधन एवम सम सामयिक प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों ने अपनी समस्याओं को भी प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया जिसका समाधान किया गया। किसानों ने शत प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान मिलने पर हे एच बी एल प्रबंधन एवम महाप्रबंधक को धन्यवाद दिया। सगोष्ठी मे संजीव कुमार, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव,रणजीत सिंह,सुजीत सिंह,ओम प्रकाश प्रसाद,वृदावन प्रमाणिक,बब्लू यादव, अभय नाथ पांडेय इत्यादि मौजूद रहे। आगामी बुवाई सत्र में गन्ना का रकबा व उत्पादन बढ़ाने का संकल्प किसानों ने लिया।

# छात्र समस्याओं को लेकर कुलपति प्रोफेसर से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।मंगलवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के पदाधिकारी अमित नयन के नेतृत्व में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रवीण कुमार बाजपेई से मिला। डिग्री सर्टिफिकेट, सत्र को नियमित करने, आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीर वार्ता की। जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि जेपीयू की सूरते हाल को बदलने के लिए मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। डिग्री सर्टिफिकेट जल्द से जल्द छात्रों को उपलब्ध हो इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कहा कि छात्रों को डिग्री समय पर मिले इसको लेकर आपसे युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा आशान्वित है। सभी महाविद्यालय में वर्ग का संचालन सही से हो इसकी हम आपसे अपील करते हैं । वही संगठन के पदाधिकारी सद्दाब मजहरी ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक स्थिति बेहतर हो इसका हम सभी प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर आपसी आसान्वित है। कुलपति महोदय से मिलने वाले शिष्टमंडल में अमित नयन, शादाब मजहरी,सिंपी कुमारी सिंह, नंदिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, सनी कुमार, विकी कुमारी, रजनी, प्रिया आदि मौजूद थे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैठक मे दिया टास्क

**बीडीओ ने पदधिकरियो के साथ चुनाव तैयारियों का किया समीक्षा बैठक**



प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर । प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे बीडीओ कपूर्री ठाकुर ने आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक कर तैयारियों का समीक्षा किया जहा सभी सेक्टर पदाधिकारियो कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया,जहा बीडीओ कपूर्री ठाकुर अंचलाधिकारी दीना नाथ कुमार सहित सभी सेक्टर पदाधिकारियो से एक एक बूथों पर तैयारियो की समीक्षा किया,उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी बिन्दुओ पर जानकारी लिया,जहा बीडीओ ने बूथों पर सभी तरह की सुविधाओं यथा रैम्प,बिजली,सकेट, शौचालय पेयजल ,पहुंच सड़क,विलचेयर,मतदान कर्मियों के ठहराव की सुविधा सहित भयमुक्त, निष्पक्ष एव पारदर्शी चुनाव के लिए सभी बिन्दुओ पर बूथ वार जानकारी लिया।वही,जहा उन्होंने मतदान 65 प्रतिशत मतदान बढ़े इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम पर बल दिया,वही बताया कि मतदान के दिन उपद्रव करने वाले व क्षेत्र मे मतदाताओं को भयभीत करने वालो के साथ सख्ती से काम लिया जाएगा,शांति सदभाव,और निष्पक्ष भयमुक्त चुनाव के लिए प्रशासन कृतसंकल्पित है।

# रक्सौल के आदापुर में विवाहिता की ससुराल वालों ने की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल के आदापुर थाना क्षेत्र में एक नव विवाहित श्रीमती कुमारी की हत्या कर उसके ससुराल वालों पर फरार हो जाने का आरोप लगा है। यह आरोप श्रीमती कुमारी के पिता रामानंद साह ने आदापुर थाना में इसकी प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में लगाया है।रामानंद साह नेपाल के बारा जिला अंतर्गत गम्हरिया फेटा गांव के रहने वाले हैं।उनके द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया गया है कि उनकी पुत्री श्रीमती कुमारी की शादी 7 वर्ष पहले आदापुर थाना क्षेत्र के राजकुमार साह से हुई थी।यह आदापुर के सिरसिया कला गांव के निवासी हैं।सुबह उनके मोबाइल पर फोन आया कि उनकी पुत्री श्रीमती कुमारी की मृत्यु हो चुकी है। इस सूचना पर वे घर के अन्य सदस्यों के साथ बेटी के घर आए तो वहां घर में उसकी बेटी के पड़े हुए शव को देखा और घर में केवल सोहन साह एवं उनकी पत्नी ही मौजूद थे। उक्त मृत महिला का पुत्र विशाल कुमार ने कहा, कि नाना जी घर के सभी लोग मिलकर उसकी मम्मी की हत्या कर दिए हैं।और घर के सदस्य घर से फरार हो चुके हैं।आवेदन में मृत महिला के पिता ने बताया है कि उसकी बेटी को उसके ससुराल वाले मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग शादी के समय से ही कर रहे थे। और इसके लिए उसको प्रताड़ित भी किया करते थे। इन लोगों ने पहले भी उनकी पुत्री को पेट्रोल छिड़कर हत्या करने का प्रयास किया है।इसकी की हत्या के मामले में इन्होंने अपने दामाद राजकुमार साह,उसकी बहन अंतिमा कुमारी सहित पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।

# एसएसबी ने पिस्टल के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल।नेपाल से हथियार लेकर आ रहे अपराधी को एसएसबी ने हिरासत में लिया है। पूरा मामला भारत-नेपाल सीमा पर स्थित कस्टम पुल के समीप का है। मिली जानकारी के अनुसार नेपाल के तरफ से दो अपराधी हथियार के साथ आ रहे थे। कस्टम पुल के पास एसएसबी के जवानों को देख दोनों असहज हो गये और भागने की कोशिश करने लगे। जिसके बाद हरकत में आयी एसएसबी की टीम ने एक अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा अपराधी ट्रांसपोर्ट एरीया के तरफ भागने में सफल रहा। भागने के दौरान एक पिस्टल का मैग्जीन व एक बैग छोड़ कर फरार हो गया। इधर, इस पूरे मामले की खबर मिलने पर रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा व हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। इस दौरान डंकन रोड में जलान कैंपस की झाड़ी से दो पिस्टल और दो मैग्जीन को बरामद किया गया है। गिरफ्तार किये गये अपराधी के संबंध में पूछे जाने पर हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि अभी वे छापेमारी में है, बाद में इस संबंध में जानकारी दी जायेगी। लोकसभा चुनाव के बीच नेपाल से अपराधी हथियार लेकर किस मंसुबे से भारत में आए थे, पुलिस इसकी वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान कर रही है। समाचार लिखे जाने तक एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दुसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी देर शाम तक जारी है।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया.बाल विकास परियोजना बेतिया के द्वारा मंगलवार को नगर के बानूछापर स्तिथ आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 03 पर सेविका और सहायिका द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गयी.महिला सुपरवाइजर माला कुमारी और प्रखंड समन्वयक नीतू कुमारी के नेतृत्व मे निकाली गयी रैली के माध्यम से लोंगो को 25 मई को अपने-अपने बूथों पर पहुंच कर वोट डालने की अपील की गयी. वही सेविकाओं द्वारा बैनर पर मतदान करने सम्बन्धी स्लोगन के माध्यम से विशेष रूप से मतदान करने की अपील की गयी.इस मतदाता जागरूकता रैली मे सेविका बबिता कुमारी,नीलिमा देवी,वेणु झा,पूनम कुमारी,गुड़िया कुमारी आदि उपस्थित रहीं।

# ट्रैक्टर चोरी का असफल प्रयास

**घटना स्थल से ट्रैक्टर चोर का बाइक हुआ बरामद**

● वार्ड सदस्य के पुत्र के जोखिम भरे प्रयास से ट्रैक्टर छोड़ भागे ट्रैक्टर चोर

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया.सोमवार की रात्रि मझोलिया पंचायत मुख्यालय के वार्ड नंबर 1 स्थित वार्ड सदस्य मंजू देवी के साहू ट्रेडर्स में रखें महिंद्रा 275 ट्रैक्टर को चोर स्टार्ट कर लेकर भागने लगा तभी आसपास के ग्रामीणों ने जब वार्ड सदस्य के पुत्र से रात्रि में ट्रैक्टर लेकर जाने की बात पूछी तब वार्ड सदस्य का पुत्र मनीष कुमार अपनी बाइक से आया तथा ट्रैक्टर का पीछा किया। यह देख चोर ट्रैक्टर को छोड़कर अपने साथ अपने दूसरे साथी के साथ आए बाइक पर सवार होकर भागने लगा।

मनीष कुमार ने दोनों का पीछा करते हुए धोकराहा मोड पर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर मनीष कुमार के मुंह पर कंबल फेंक कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए अपनी बाइक छोड़ भाग खड़े हुए। उक्त बाइक का नंबर बी आर 22 ए पी 4589 है जो सिरसिया थाना क्षेत्र के विश्वास वार्ड नंबर 5 गांव निवासी विजय रावत के पुत्र अभिमन्यु पाल के नाम रजिस्टर्ड है। बाइक की डिक्की से मोटरसाइकिल के कागजातों एवं जमीन का कागजात भी बरामद हुआ है।

साहू ट्रेडर्स के संचालक मनीष कुमार द्वारा रात्रि में ही 112 नंबर को सूचित किया गया। 112 नंबर के पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए मझौलिया थाना को सूचित कर दिया।

इधर संचालक मनीष कुमार द्वारा इस घटना से संबंधित एक आवेदन थाना को दिया गया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने ने बताया कि बरामद बाइक होंडा कंपनी की है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 22 ए पी 4589 है। बाइक के कागजातों एवं जमीन के कागजात के आधार पर पुलिस चोरों का पता लगाने एवं अपनी कार्यवाहीशुरू कर दी है।

## संपत्ति विवाद में चाकू मार सहोदर भाई पर जानलेवा हमला

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर(एकमा)-स्थानीय थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में संपत्ति की विवाद में सहोदर भाई ने बड़े भाई को चाकू मारकर घायल दिया।इस संबंध में एसपी के निर्देश पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई है।दर्ज प्राथमिकी में कौशलेन्द्र मिश्रा ने अपने अनुज धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा को आरोपित करते हुए कहा हि कि मैं राजस्थान में रहता हूं और एक मंदिर के पुजारी का काम करता हूं। जब मैं घर आया तो मेरे घर का ताला टूटा हुआ था मैने अपने भाई से ताला क्यों तोड़ने को पूछा तो गाली-गलौज कर चाकु से जानलेवा हमला कर दिया।पीड़ित ने घर का ताला तोड़कर बाईस हजार रुपए समेत लगभग एक लाख रुपए की ज्वेलरी चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जूटी है।

## युवक ने किया आत्म हत्या, खिड़की तोड़ छौड़ादानो पुलिस ने शव को घर से निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

मोतीहारी।।छौड़ादानो प्रखण्ड के फतुआ गांव में एक युवक ने घर बन्द कर आत्म हत्या कर लिया।स्थानीय मुखिया ने मंगलवार को फोन कर छौड़ादानो पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही छौड़ादानो पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घर की खिड़की तोड़कर युवक को घर से निकाला।मृतक युवक रणजी साह पिता स्व जगदीश साह घर मे अकेला था।बातया गया कि उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गयी थी।रात के समय वह अपनी पत्नी से वीडियो कॉलिंग बात चीत किया जिसमें पति पत्नी के बीच कड़क बातचीत हुई। प्रेसर में आकर युवक ने पंखे से लटक कर आत्म हत्या कर ली।मृतक को दो लड़का तथा एक लड़की है।मृतक की पत्नी 8 माह की गर्भवती बातया गया है।मृतक नेपाल में काम करता था।मंगलवार को ही नेपाल से काम कर घर लौटा था।अब घर का एकमात्र कमाऊ के चले जाने से बच्चों व उसकी पत्नी के ऊपर दुःख का पहाड़ गिर गया है।छौड़ादानो थानाध्यक्ष सरिता कुमारी ने बताया कि शव का पोष्टमर्तम हो गया है।शव परिजन को सौप दिया गया है।अब तक प्राथमिकी के लिए कोई आवेदन नही मिला है।

## अवध एक्सप्रेस से सैतिस बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर सहित कारतूस किया बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौली : रेल पुलिस ने सैंतीस बोतल विदेशी शराब व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। एएलटीएफ प्रभारी के निदेर्शानुसार विशेष चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन सगौली के प्लेटफार्म संख्या 01पर खड़ी गाडी संख्या-19037 अवध एक्सप्रेस के इंजन से दूसरा साधारण बोगी में रौशन कुमार ग्राम दिछौलिया, मुजफ्फरपुर, परसौनी पगहिया, थाना-कथैया, के पास से काले रंग के पिट्ठू बैग मे 09 बोतल ब्लेंडर प्राइड तथा एक स्क्रीन टच मोबाइल, हरि शंकर सा0- दिसतौलिया, थाना- कथईया, जिला -मुजफ्फरपुर के पास से 06 बोतल रॉयल स्टैग व एक स्क्रीन टच मोबाइल, राजन कुमार, सा0- दिसतौलिया, थाना- कथईया, जिला -मुजफ्फरपुर के पास से 12 बोतल व एक स्क्रीन टच मोबइल व चांद, थाना-कथैया, जिला- मुजफ्फरपुर के पास लाल रंग के पिट्ठू बैग मे 06 बोतल वाइट मिस्चिएफ वोडका व एक स्क्रीन टच मोबाइल एवं दो जिंदा कारतूस सहित कूल 17.910 लीटर अंग्रजी शराब बरामद हुआ है। इस बाबत रेल थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया की शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## क्रिकेट टीम के चयन के लिए कैम्प का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी।बिहार क्रिकेट एसोसिएशन(बीसीए) द्वारा आयोजित श्यामल सिन्हा(व-16) क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन(इसीडीसीए) ने जिला क्रिकेट टीम पू.च.(व-16) के चयन के लिए ट्रायल के उपरांत कैम्प के लिए 32 खिलाड़ियों की सूची इसीडीसीए द्वारा जारी कर दिया गया हैं।इसीडीसीए सचिव रवि राज के हवाले से जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने बताया कि स्थानीय स्पोर्ट्स क्लब मोतिहारी के क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह के सत्र में यह कंडीशनिंग कैम्प 8 मई से चलेगा।इसीडीसीए चयनसमिति सदस्य रामप्रकाश सिन्हा, सुबोध कुमार,संजय कुमार टुन्ना,इब्राहीम लोधी और अभिषेक कुमार छोटू,शिबू के देख रेख में कंडीशनिंग कैम्प का संचालन किया जाएगा।इसके लिए इसीडीसीए ने खिलाड़ी प्रतिनिधि मधुरेन्द्र सिंह व विवेक कुमार को बतौर कन्वेनर नियुक्त किया है।कंडीशनिंग कैम्प में खिलाड़ियों के बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण के साथ साथ उनके फिटनेस और आचरण पर चयनसमिति की नजर रहेगी। जिसके आधार पर 16 सदस्यीय पू.च.(व-16) क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा।ज्ञात हो कि ट्रायल प्रक्रिया में 125 से भी ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कंडीशनिंग कैम्प के उपरांत टीम लिस्ट इसीडीसीए जारी करेगा।मौके पर बीसीए टूनार्मेंट कमिटि कन्वेनर सह इसीडीसीए उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर गौतम,क्लब प्रतिनिधि अय्याज अहमद,खिलाड़ी प्रतिनिधि ब्यूटी कुमारी(महिला), गुलाब खान,मो.आलम,मनी बनर्जी,फैसल,रेहान इत्यादि की उपस्थिति रही।

## महिला कि हत्या के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजीं जेल

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा-शनिवार के दिन एक युवती से गांव के एक मनचले युवक ने छेड़खानी करने लगा । जिसकी विरोध युवती व उसके के मां के द्वारा विरोध करने पर मनचले युवक ने मां की हत्या कुदाल से मारकर कर दी। जहां युवती के बयान पर प्राथमिक दर्ज किया गया था। जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी थाना क्षेत्र के गंगवा गांव निवासी धनकेशवर महतो के पुत्र मंटू महतो को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि शनिवार के दिन स्वः परमा महतो की पुत्री से गांव के ही एक युवक ने छेड़खानी करने लगा जिसकी विरोध युवती के मां शिव पति कुंवर द्वारा विरोध करने पर उसकी हत्या कुदाल से मारकर कर दिया था। इस कांड में आरोपी की मां को भी नाम जद अभियुक्त बनाई है । जहां वह अभी फरार चल रही है ।

## लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने को नव युवती मतदाताओं ने लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छपरा इकाई के द्वारा चलाए जा रहे हैं ,मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जयप्रकाश महिला महाविद्यालय छपरा के सभागार में नव मतदाता युवती सम्मेलन(संवाद) का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर महिला मतदाताओं का सत प्रतिशत मतदान को लेकर कर चर्चा किया गया एवं सभी से आग्रह किया गया कि आगामी अपने क्षेत्र के चुनाव में अपने आसपास मोहल्ले ,कस्बे में रहने वाले सभी माता बहनों का वोट शतप्रतिशत हो इस हेतु आप सबको आगे आने की आवश्यकता है, और लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु आधी आबादी भी मजबूती के साथ अपना अवल श्रेणी से मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें इस दौरान शामिल सभी नव मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह ,प्राचार्य डा.मंजू सिन्हा, प्रो. नीतू कुमारी प्रो.अर्चना कुमारी ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता , जिला सह कार्यवाह, प्रहालद जी , संस्कृत भारती के प्रदेश सहमंत्री श्रवण जी नगर अनुकृति कुमारी ,मनीषा कुमारी तन्नू कुमारी ,अमृता कुमारी, शालू कुमारी ,खुशी कुमारी ,रीना कुमारी ,अमृता कुमारी,नेहा कुमारी,श्रेया पांडे,रिया,नितु,रितु ,शालू कुमारी इत्यादि सैंकडो.लोग उपस्थित थे ।



# करीना के यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनने पर खुश हैं प्रियंका

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान को हाल ही में यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यूनिसेफ के साथ अपनी शानदार यात्रा को लेकर करीना बेहद खुश हैं। अभिनेत्री साल 2014 से यूनिसेफ इंडिया के साथ जुड़ी हुई हैं। इतने वर्षों से वे सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में संगठन से जुड़ी थीं। अपनी इस उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ते वह इसकी नेशनल एंबेसडर बन गई हैं। उनकी दोस्त और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका चोपड़ा ने करीना कपूर को यूनिसेफ इंडिया की नेशनल एंबेसडर बनने पर बधाई दी है। देसी गर्ल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेबी की तस्वीर साझा कर एक नोट लिखा है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, परिवार में आपका स्वागत है करीना कपूर खान, बहुत योग्य। प्रियंका 2006 से यूनिसेफ के साथ जुड़ी हुई हैं। उन्हें 2010 और 2016 में बाल अधिकारों के लिए नेशनल और ग्लोबल यूनिसेफ गुडविल एम्बैस्डर नियुक्त किया गया गया था। वह पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों समेत कई मुद्दों की वकालत करती हैं।

करीना ने अभिनेत्री के पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद पीसीजे। जल्द ही फिर मिलेंगे। इसके साथ उन्होंने एक लाल दिल वाला इमोजी साझा किया है। यूनिसेफ इंडिया का नेशनल एंबेसडर नियुक्त होने पर करीना कपूर को कई सितारे शुभकामनाएं दे रहे हैं। इनमें मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा, आयुष्मान खुराना और उनकी ननद सबा पटौदी समेत कई लोग शामिल हैं।



# राणा दग्गुबाती ने एवेंजर्स से की कल्कि 2898 एडी की तुलना

साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती इन दिनों रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म के बारे में दिलचस्प खुलासा किया था। इसी साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने दोस्त नाग अश्विन और प्रभास की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर भी उत्साह जाहिर किया। साथ ही उन्होंने इस फिल्म के बारे में भी दिलचस्प जानकारी साझा की। वेट्टैयन के बारे में बात करते हुए राणा दग्गुबाती ने प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के बारे में भी कुछ दिलचस्प खुलासे किए। राणा ने खुलासा किया कि वे और कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन बचपन से दोस्त हैं। अभिनेता ने कहा कि वे लगातार नाग अश्विन के संपर्क में रहेंगे। उन्होंने नाग अश्विन के साथ अपनी लंबे समय से चली आ रही दोस्ती का खुलासा किया और फिल्म की वैश्विक अपील के बारे में उत्साह व्यक्त किया। नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी के बारे में बात करते हुए राणा ने कहा, अगला बड़ा पल कल्कि का है। न केवल भारत और भारतीय प्रवासी, बल्कि दुनिया में हर कोई कल्कि से जुड़ेगा। मैं लंबे समय से हमारी तरफ से एवेंजर्स मोमेंट का इंतजार कर रहा हूं। इसी बात ने मुझे इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित किया है। आम तौर पर कॉमिक-कॉन में बड़ी फिल्मों का प्रचार किया जाता है और इसलिए हमने वहां कल्कि 2898 एडी का प्रचार किया। इसके साथ ही राणा से कल्कि 2898 एडी में संभावित कैमियो निभाने के बारे में पूछा गया। इस पर जवाब देते हुए अभिनेता ने बताया कि उन्होंने फिल्म में कोई किरदार नहीं निभाया है।

# प्रीति जिंटा के लिए बेहद खास हैं सलमान



अभिनेत्री प्रीति जिंटा आज अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद अपने फैंस के संग सोशल मीडिया पर वक्त बिताती नजर आईं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आस्क मी एनीथिंग सेशन का आयोजन किया था। उस सेशन के दौरान प्रीति दिल खोलकर अपने फैंस के सवालों का जवाब देती नजर आईं। उन्होंने सलमान खान के बारे में बातें करते हुए कहा, सलमान मेरे सबसे अजीज दोस्त हैं। उनका दिल सोने का है।

### जमीन से जुड़े हैं सलमान

प्रीति जिंटा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, सलमान खान बेहद प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। वे हर किरदार को काफी सहजता से निभाते हैं। वे इतने बड़े स्टार होने के बावजूद जमीन से जुड़े हुए हैं। वे दोस्ती को पूरे दिल से निभाते हैं। एक्टिंग के अलावा संगीत में भी उनकी समझ लाजवाब है। मैं भविष्य में उनके साथ जरूर काम करना चाहूंगी। प्रीति जिंटा से उनके एक फैन ने पूछा कि वे शाहरुख खान के साथ कब काम करेंगी।

अभिनेत्री ने सवाल के जवाब में कहा, जैसे ही कोई अच्छी स्क्रिप्ट हाथ लगेगी हम जरूर साथ में काम करेंगे। शाहरुख एक जबरदस्त अभिनेता हैं और मुझे उनसे काफी कुछ सीखने को मिला है। आपको बताते चलें कि आने वाले दिनों प्रीति जिंटा लाहौर 1947 में नजर आने वाली हैं। दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



# फहाद फासिल की आवेशम की मुरीद हुईं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर ने हाल ही में मलयालम फिल्म आवेशम देखी है। इस फिल्म में फहाद फासिल अहम भूमिका में दिखाई दिए हैं। मृणाल ने इस फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर फिल्म की सराहना की है। मृणाल ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, क्या फिल्म है, मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आया। इसके साथ ही उन्होंने सभी से फिल्म देखने की अपील की है।



# कमल हासन ने सिम्बू के साथ दिल्ली में शुरू की ठग लाइफ की शूटिंग

कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मणिरत्नम के निर्देशन में बन रही फिल्म ठग लाइफ की शूटिंग जोरों से चल रही है। फिल्म पर लगातार नए अपडेट सामने आ रहे हैं। फिल्म के कलाकारों की टोली में एक ओर नए सितारें शामिल हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर इसकी शूटिंग अब जैसलमेर में खत्म हो चुकी है। अब फिल्म की शूटिंग से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। कमल हासन फिलहाल नई दिल्ली में मणिरत्नम की ठग लाइफ की शूटिंग कर रहे हैं। सिलंबरासन उर्फ सिम्बु टीम में शामिल हो गए हैं और टीम के साथ कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग कर रहे हैं। कमल हासन, सिम्बू, अभिरामी, नासर और वैयापुरी की एक फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कथित तौर पर ठग लाइफ की टीम ने एयरोसिटी दिल्ली के संकट मोचन हनुमान मंदिर में कुछ दृश्य फिल्माए। ठग लाइफ सेट से लीक हुई तस्वीर खूब साझा की जा रही हैं। जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा, वह था कमल हासन और सिलंबरासन का नया लुक। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में ठग लाइफ की टीम फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली पहुंची। पिछले दो सप्ताह से मणिरत्नम और टीम राजधानी में फिल्म पर काम कर रहे हैं। कथित तौर पर ठग लाइफ का दिल्ली शेड्यूल 12 मई तक चलेगा। बाकी शेड्यूल चेन्नई और दिल्ली में होंगे। मणिरत्नम द्वारा निर्देशित ठग लाइफ एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें कमल हासन मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर कमल ने फिल्म में तीन भूमिकाएं निभाई हैं, जिसे उन्होंने मणिरत्नम के साथ मिलकर लिखा है। इस फिल्म के जरिए 36 साल बाद कमल हासन और मणिरत्नम दोबारा साथ काम कर रहे हैं। वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो ठग लाइफ में कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी के अलावा तृषा, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि नास्सर, गौतम कार्तिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



# एक नए प्लान के साथ फिर से लौट रहा है फर्जी

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने वेब सीरीज फर्जी से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू किया था। यह पूरी तरह से एक क्राइम थ्रिलर सीरीज रही, जो कि दर्शकों को बेहद पसंद आई। अब इस सीरीज की दूसरी किस्त फर्जी 2 जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस बात से दर्शक बेहद उत्साहित हैं। इसका पहला सीजन सुपरहिट साबित हुआ था। पहले सीजन की सफलता के बाद से ही इसके दूसरे सीजन की दर्शकों ने डिमांड करना शुरू कर दिया था। फर्जी 2 जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। शाहिद कपूर ने कुछ समय पहले ही कंफर्म कर दिया था कि फर्जी का सीक्वल आने वाला है लेकिन उस समय उन्होंने वेब सीरीज की रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया था। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फर्जी 2 इस साल के आखिरी में या फिर 2025 की शुरुआत में रिलीज कर दी जाएगी।



# जॉली एलएलबी में अक्षय और अरशद के साथ दिखेंगी हुमा कुरेशी!



अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। ये फिल्म 2024 के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। अब ताजा रिपोर्ट में फिल्म की हीरोइन का नाम सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री हुमा कुरैशी इस फिल्म में अभिनय करती हुई नजर आएंगी। जॉली एलएलबी 2 में भी वह अक्षय के साथ दिखाई दी थीं उन्होंने इस फिल्म में पुष्पा मिश्रा का किरदार निभाया था।

# धड़ाधड़ फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं अभिनेता प्रभास

**पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस साल प्रभास की कई मेगा बजट फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जिनमें कल्कि 2898 एडी, सालार 2 और स्पिरिट शामिल हैं। यह तीनों ही फिल्मों का बजट काफी बड़ा है।**

**कल्कि 2898 एडी** – निर्देशक नाग अश्विन कि कल्कि 2898 एडी विज्ञान-कल्पना से जुड़ी एक फिल्म है। इस फिल्म में बाहुबली अभिनेता प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन अहम भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म के टीजर में अमिताभ के किरदार की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। उनके लुक पर गौर करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि बिग बी लंबे समय तक जीवित रहने वाले व्यक्ति के किरदार में हैं। उनका लुक लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज के गैंडालफ की भी याद दिलाता है। कल्कि 2898 एडी में कमल हासन का भी दमदार रोल होगा। यह फिल्म 27 जून 2024 को रिलीज होगी।

**सालार 2** – फिल्म सालार की आपार सफलता के बाद निर्देशक प्रशांत नील ने इस फिल्म का सीक्वल बनाने का फैसला लिया। इस फिल्म का सीक्वल सालार 2 के नाम से आएगा। इस फिल्म के पहले पार्ट ने रिलीज के बाद दुनियाभर में 600 करोड़ से अधिक की कमाई की। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन की अदाकारी को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। पहले भाग के दमदार प्रदर्शन के बाद फैंस को इसके दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार है। सालार 2 की शूटिंग इस साल मई के अंत तक शुरू हो जाएगी। बताया जा रहा है कि सालार के दूसरे भाग को हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शूट किया जाएगा। प्रभास और पृथ्वीराज फिल्म सालार 2 के पहले शेड्यूल में शामिल होंगे। होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का एक बड़ा हिस्सा इस साल शूट किया जाएगा। वहीं, बाकी के हिस्से 2025 की पहली तिमाही में शूट किए जाएंगे। फिलहाल निर्माता सभी इंडस्ट्री के नए कलाकारों को इस फिल्म में कास्ट करने की प्रक्रिया में हैं। इस फिल्म को दिसंबर 2025 में रिलीज किया जा सकता है।

**स्पिरिट** – स्पिरिट एक आगामी बॉलीवुड एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। इस फिल्म में प्रभास लीड रोल में नजर आयेंगें। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं। यह फिल्म 2025 में रिलीज हो सकती है। फैंस को प्रभास की हर एक नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।






# विदेशी ऑर्डर से सेवा क्षेत्र में वृद्धि 14 साल के शीर्ष पर, मजबूत मांग से मिला समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर दुनिया का भरोसा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरमी के बावजूद अप्रैल, 2024 में 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर एचएसबीसी इंडिया का सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले माह 60.8 रहा, जो 2010 मध्य के बाद सर्वाधिक है। मार्च, 2024 में सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 61.2 रहा था।

एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही। इसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ऑर्डर और आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू कंपनियों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से नए ऑर्डर मिले। इससे सितंबर, 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि रही। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है।



## कारोबारी भरोसा तीन महीने में सबसे ज्यादा

एक साल आगे के दृष्टिकोण के लिहाज से सेवा क्षेत्र की कंपनियों के बीच कारोबारी भरोसा अप्रैल में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। भंडारी ने कहा, मार्केटिंग संबंधी प्रयासों और दक्षता में वृद्धि के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की योजना एवं मांग की स्थिति अनुकूल रहने से कारोबारी आशावाद को बढ़ावा मिला है।

### धीमी रही कर्मचारियों की भर्ती की रफ्तार

नौकरियों के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि नए कारोबारी ऑर्डर में तेजी के बीच कुछ घरेलू सेवा प्रदाताओं ने अप्रैल में नई नियुक्तियां की। हालांकि, कुछ कंपनियों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। रोजगार सृजन की दर पिछले वित्त वर्ष के अंत की तुलना में धीमी रही।

### इनपुट लागत में बढ़ोतरी

वेतन और उच्च खाद्य कीमतों के कारण अप्रैल में कंपनियों को इनपुट लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ा। हालांकि, इसकी रफ्तार मार्च से धीमी रही। इससे कंपनियों का मार्जिन कम हो गया। बढ़ी लागत की भरपाई के लिए कंपनियों ने लागत का आंशिक बोझ ग्राहकों पर डाल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेखा झुनझुनवाला को शेयर बाजार में हुआ बड़ा नुकसान, शेयर के टूटने से 800 करोड़ डूबे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें यह नुकसान टाटा समुह के स्वामित्व वाली कंपनी टाइटन के शेयरों के टूटने से हुआ है। टाटा समूह के इस शेयर पर झुनझुनवाला परिवार ने बड़ा निवेश कर रखा है। झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न हिस्सेदारी 31 मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न की हिस्सेदारी थी। शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के दौरान टाइटन के शेयरों में उनकी होल्डिंग का कुल मूल्य 16,792 करोड़ रुपये था। सोमवार को टाइटन के शेयर 7त्न तक टूट गए। मार्च तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों में टाइटन के शेयरों में खरीदारी के प्रति निराशा दिखी। इस गिरावट से झुनझुनवाला परिवार को खासा नुकसान उठाना पड़ा। उन्हें टाटाइन के शेयर कमजोर होने से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान टाइटन के शेयर 3,352.25 के अपने निचले स्तर पर पहुंचने के बाद 3281.65 रुपये पर बंद हुए। इसके परिणामस्वरूप कंपनी का नेट वैल्यू 3 लाख करोड़ रुपये से कम होकर 2,91,340.35 करोड़ रुपये रह गया। टाइटन के शेयरों में इस गिरावट से शेयरों में झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी का मूल्य 15,986 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह झुनझुनवाला परिवार को करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

### 50 प्रतिशत विदेशी उड़ानों पर भारतीय एयरलाइन कंपनियों का होगा कब्जा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एयरलाइन कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 तक देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात की 50 प्रतिशत जरूरत को पूरा करने में सक्षम होंगी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को यह अनुमान लगाया है। एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी (जिसमें देश से होकर गुजरने वाला यातायात भी शामिल है) 2027-28 तक 50 प्रतिशत हो जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 43 प्रतिशत थी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सुधार भारतीय एयरलाइन द्वारा अतिरिक्त विमानों की तैनाती और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में नए मार्ग जोड़ने के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन की तुलना में बेहतर घरेलू संपर्क के बल पर होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय यातायात में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी के चलते भारतीय एयरलाइन कंपनियों की व्यावसायिक स्थिति मजबूत होगी, जो घरेलू क्षेत्र की तुलना में अधिक लाभदायक है। क्रिसिल के अनुसार, भारत का अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में करीब सात करोड़ तक बढ़ गया। यह वैश्विक महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है। वैश्विक महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में यह एक करोड़ के निचले स्तर पर आ गया था।

## भारत ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है। इससे पहले भारत ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को इस चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई थी। एनसीईएल कई राज्यों में सक्रिय एक सहकारी समिति है।

## मेरी निजी जिंदगी... पत्नी-पिता से विवाद के बीच गौतम सिंघानिया ने बताई राज की बात!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमंड के सीएमडी गौतम सिंघानिया ने निजी जिंदगी और कारोबार के अलग-अलग होने की बात कही है। पत्नी और पिता से विवाद के बीच उन्होंने कहा है कि उनका निजी जीवन उनके व्यवसायों से जुड़ा नहीं है। कोरोना महामारी के बाद से उनके कारोबार ने जोरदार बढ़त हासिल की। रेमंड कपड़ा और परिधान बनाने वाली प्रमुख कंपनी है। 58 साल के सिंघानिया अभी उनसे अलग हो चुकीं पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से सेटेलमेंट विवाद में उलझे हुए हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में अलग होने की घोषणा की थी। गौतम के पिता विजयपत सिंघानिया का झुकाव भी बहू की तरफ है। रेमंड के प्रमुख ने ईटी को दिए इंटरव्यू में बताया कि हाल ही में कुछ समूह कंपनियों के बोर्ड से नवाज मोदी को हटाया जाना उनके प्रति विश्वास की कमी के कारण था।

गौतम सिंघानिया बोले, मैं इस पर बात नहीं करना चाहता हूं कि हमारे बीच क्या हुआ है। सभी कारोबार बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका निजी जीवन निजी है। वह इसे व्यक्तिगत रूप से देखेंगे। उन्होंने दो प्यारी बेटियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उनके हित में बयानबाजी करने से इनकार किया है। गौतम सिंघानिया ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि उनका निजी जीवन व्यवसाय क्षेत्र में किसी के लिए भी प्रासंगिक नहीं है।

पिछले साल 22 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) में रेमंड का शेयर 1,666 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। ऐसी खबरें आई थीं कि नवाज मोदी सिंघानिया ने संपत्ति का 75त्न हिस्सा मांगा है। उस समय से शेयर में बेहतरी देखी गई है। 3 मई तक शेयर की कीमत 2,227.45 रुपये पर थी।

### तीन कंपनियों की रीस्ट्रक्चरिंग पर चर्चा

रेमंड समूह की तीन निजी कंपनियों जेके इन्वेस्टर्स (बॉम्बे), रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने अप्रैल की शुरुआत में नवाज मोदी सिंघानिया को अपने बोर्ड से हटा दिया था। गौतम सिंघानिया को फिर से एमडी नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी है। नवाज मोदी सिंघानिया ने सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति ने पिछले साल सितंबर में उनके और उनकी एक बेटी के साथ मारपीट की थी। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। जहां तक रेमंड में उनके निदेशक पद का सवाल है, तो गौतम सिंघानिया ने कहा कि यह कंपनी के बोर्ड पर निर्भर करता है। इसमें स्वतंत्र निदेशकों का अच्छा खासा समूह है।

### बढ़ रहा 10 हजार करोड़ रुपये का ग्रुप

गौतम बोले, 10,000 करोड़ रुपये का रेमंड ग्रुप तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका लाइफस्टाइल डिवीजन ग्रुप में प्रमुख हिस्सेदारी रखता है। इस डिवीजन में परिधान और फैब्रिक शामिल हैं। वहीं, नया रियल एस्टेट व्यवसाय बड़ा होने की संभावना दिखाता है। सिंघानिया ने कहा, हमारे समूह के व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं। अपनी शादी में चुनौतियों का सामना कर रहे सिंघानिया के अपने पिता विजयपत के साथ भी अच्छे रिश्ते नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने मार्च में उनके साथ एक फोटो शेयर की थी। गौतम सिंघानिया ने बताया कि वह अपने निजी जीवन को अपने काम में बाधा नहीं बनने देते। उन्होंने कहा, मैं हर दिन को वैसे ही लेता हूं जैसे वह आता है। मुझे लगता है कि अगर आप सही काम करते हैं, तो आपको अच्छी नींद आती है।

## एनर्जी मिशन मशीनरीज की पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ जुटाने की योजना; आईपीओ 9 मई को खुलेगा

### कंपनी रू. 131 से रु. 138 प्रति शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयर जारी करेगी; शेयर एनएसई के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे



**अहमदाबाद , एजेंसी।** शीट मेटल मशीनरी की विविध रेंज के डिजाइन और निर्माण में अहमदाबाद स्थित अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें गुजरात के साणंद में मौजूदा मेन्युफेक्चरिंग यूनिट में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क, नए प्लान्ट और मशीनरी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

आईपीओ में पब्लिक इश्यू के लिए रु. 131 से रु. 138 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 41.15 करोड़ की इश्यू आय में से कंपनी की योजना रु. 6.86 करोड़ का उपयोग गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद में स्थित मौजूदा विनिर्माण इकाई में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क के लिए, रु. 7.43 करोड़ नए प्लान्ट और मशीनरी की स्थापना के लिए, रु. 15 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरते के लिए करने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1000 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.38 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा नेट ऑफर के 35 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, एचएनआई क्वोटा ऑफर के 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है और क्यूआईबी हिस्सा नेट ऑफर के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा गया है। मार्केट मेकर का हिस्सा 1.50 लाख इक्विटी शेयर रखा गया है। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) सीएनसी, एनसी और कन्वेन्शनल मेटल फोर्मिंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण करती है जो औद्योगिक क्षेत्र की मेटल फेब्रिकेशन सॉल्युशन्स की आवश्यकता को पूरा करती हैं। कंपनी की मेटल फोर्मिंग मशीनों की श्रृंखला में प्रेस ब्रेक मशीन, शियरिंग मशीन, प्लेट रोलिंग मशीन, आयरनवर्कर मशीन, हाइड्रोलिक प्रेस और बसबार बेंडिंग, कटिंग और पंचिंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी की मशीनें विभिन्न उद्योगों में उपयोग की जाती हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, स्टील, प्री-इंजीनियर्ड इमारतें, फर्नीचर, एचवीएसी, कृषि उपकरण, सड़क निर्माण उपकरण, लिफ्ट, फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, मेटल वर्किंग वर्कशोप्स आदि शामिल हैं। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) ने भारत में 20 से अधिक राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में ग्राहकों को अपनी प्रोडक्ट्स बेची हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अमेरिका, स्विट्जरलैंड, रूस, नेपाल, केन्या, युगांडा, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य देशों सहित दुनिया भर के कई देशों में अपनी प्रोडक्ट्स का निर्यात किया है।

## सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में फ्री सर्टिफाइड सोना मसूरी पैडी (धान) सीड्स डिस्ट्रिब्यूशन इनिशिएटिव लॉन्च की

**जम्मू, एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एक अग्रणी पहल की घोषणा की है जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्टिफाइड सोना मसूरी धान के बीजों के मुफ्त वितरण के द्वारा किसानों को सपोर्ट करना है, जो क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी हाई क्वॉलिटी और उपज क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सर्वेश्वर का लक्ष्य एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड चावल की किस्मों के बीज उपलब्ध करवाकर कृषक समुदाय को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वेश्वर खरीद सुविधा केन्द्र में सोना मसूरी धान के सर्टिफाइड सीड्स का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह इनिशिएटिव स्थानीय कृषक समुदायों को मज़बूत बनाने और क्षेत्र में एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सर्वेश्वर फूड्स के समर्पण को दर्शाती है। जम्मू और कश्मीर में किसानों के सामने आने वाले इकनॉमिक चैलन्जेस के मद्देनजर, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने एक कम्पैशनट इनिशिएटिव की घोषणा की है। एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट टीम की देख-रेख में सर्वेश्वर ने निःशुल्क धान बीज वितरण का संकल्प लिया है। यह वितरण विशेष रूप से जम्मू के गैर-बासमती उत्पादक क्षेत्रों को टार्गेट करेगा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में किसानों के कल्याण और हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समर्थन देना है। सोना मसूरी चावल मध्यम अनाज वाले चावल की एक किस्म है जो मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में उगाया जाता है।

## एक्सालियॉन एक्टिव की शक्ति से लैस एफिकॉन बीएएसएफ भारतीय किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है

**सागर ।** छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है. अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं. एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से




जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है, जिससे यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन

लॉन्च किया गया था. भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है,

पाने में मदद मिलेगी। एशिया पैसिफिकस्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है. बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिककी सीनियरवाईसप्रेसिडेन्टसिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं. हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज़ सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं, जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी

## रैपिडो और मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

### आम चुनाव 2024 के दौरान भोपाल में मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड्स और रैली का किया आयोजन

**भोपाल।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचय कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई 2024 को भोपाल के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा रैपिडो ने शहर के निवासियों को मतदान के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए शहर प्रशासन के साथ साझेदारी भी की है।

100 बाईक टैक्सी कैप्टन्स के साथ इस रैली को प्लेटिनम प्लाज़ा अटल पथ, भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री अनुपम




कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट, भोपाल और श्री रितेश शर्मा, असिस्टेन्ट नोडल ऑफिसर, एसवीईईवी, भोपाल मौजूद रहे, और

# बाबा विश्वनाथ ने बुलाया है... जाना था कोलकाता पहुंच गए बनारस

## टीका-चंदन लगाकर भक्ति में लीन केकेआर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स को रविवार को 98 रन से हराने के बाद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम सोमवार की शाम कोलकाता के लिए रवाना हुई थी। टीम को 7 बजकर 25 मिनट पर कोलकाता पहुंचना था, लेकिन लखनऊ से कोलकाता की यह फ्लाइट खराब खराब मौसम के चलते लैंड ही नहीं कर पाई। विमान का कोलकाता में उतरना असंभव था, ऐसे में चार्टर्ड उड़ान को पहले गुवाहाटी की ओर रवाना किया गया और फिर वाराणसी मोड़ा गया, जिसके चलते पूरी टीम को एक रात वाराणस में गुजारनी पड़ी। अब इसे सुखद हादसा कहिए या भगवान का बुलावा, सुबह-सुबह पूरी टीम ने वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य दर्शन किए। पवित्र गंगा नदी में नौकायन किया और घाटों पर सैर की।

**देर रात पहुंचे वाराणसी** – केकेआर मीडिया टीम ने रात पौने नौ बजे बताया कि कोलकाता में खराब मौसम के कारण टीम की चार्टर्ड उड़ान को गुवाहाटी मोड़ दिया गया। इसके एक घंटे बाद कहा गया कि कोलकाता उड़ाने के लिए हरी झंडी मिल चुकी है, लेकिन फिर मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण उसे वाराणसी की ओर मोड़ दिया गया। रात एक बजकर 15 मिनट पर जारी अपडेट में कहा गया, 'उड़ान गुवाहाटी से कोलकाता जानी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण रात 11 बजे नहीं उतर सकी। खराब मौसम के कारण सारे प्रयास नाकाम रहे और अब वाराणसी की ओर। अभी अभी यहां उतरे हैं।' इस बीच कोलकाता नाइटराइडर्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज अपनी मां की खराब तबीयत के चलते अफगानिस्तान लौट गए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर उन्होंने इसकी जानकारी दी। गुरबाज ने एक्स पर पोस्ट लिखा, मां की बीमारी के चलते आईपीएल में एक छोटा ब्रेक लेकर मैं दोबारा जल्द से जल्द अपनी केकेआर फैमिली से जुड़ूंगा। संदेश और दुआओं के लिए आप सभी का शुक्रिया। अल्हम्दुल्लाह अब वह पहले से काफी बेहतर हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रहमनुल्लाह गुरबाज को अबतक इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। पिछले सीजन टीम के लिए ओपनिंग करने वाले गुरबाज की जगह इस बार इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज फिल साल्ट से पारी की शुरुआत करवाई जा रही है। साल्ट और सुनील नरेन की जोड़ी लगभग हर मैच में केकेआर को शानदार शुरुआत दिलाने में कामयाब रहती है।

# अरे कोई डीएनए टेस्ट कराओ यार... सूर्यकुमार यादव पर बोला क्रिकेटर वेन पार्नेल



**मुंबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़कर अपनी क्लास दिखाई। 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार (102*) ने 51 गेंदों पर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ा। इस तेजतर्रार बल्लेबाज ने वानखेड़े में प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करते हुए 12 चौके और 6 छक्के लगाए।

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (4), ईशान किशन (9) और नमन धीर (0) के विकेट शुरुआत में ही खो दिए। इसके बाद स्कोरबोर्ड पर केवल 31 रन थे। हालांकि, सूर्यकुमार ने अपने 360 डिग्री शॉट-मेकिंग के साथ दबाव को कम किया। उन्होंने डीप एक्स्ट्रा कवर पर विजयी शॉट के साथ अपना शतक पूरा किया। रोहित के बाद वह आईपीएल में दो शतक लगाने वाले मुंबई इंडियंस के दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस बीच उन्होंने टी20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में केएल राहुल और रुतुराज गायकवाड़ की बराबरी भी कर ली।

### टी20 में सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

9 - विराट कोहली
8 - रोहित शर्मा
6 - रुतुराज गायकवाड़
6 - केएल राहुल
6 - सूर्यकुमार यादव

क्रिकेट जगत सूर्यकुमार की इस पारी से काफी प्रभावित है, जो टी20 विश्व कप से ठीक पहले सही समय पर आई। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लिखा, पिछ्ले मैच में सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक बनाया था और शुरुआत में 15 गेंदों तक वह सचमुच 100 की स्ट्राइक रेट से खेल रहे थे और अंत में 160 रन बनाकर आउट हुए। आज भी उन्होंने जिम्मेदारी से शुरुआत की। प्रतिबद्धता और कौशल।

मोहम्मद कैफ ने भी सूर्या की तारीफ की और कहा कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले पैट कमिंस की धुनाई करके एक बड़ा बयान दिया है। कैफ ने एक्स पर लिखा, संघर्षरत मुंबई इंडियंस के लिए सूर्या का मैच जीतने वाला शतक उनके चरित्र का परिचय है। विश्व टी20 से पहले कमिंस का सामना करके उन्होंने एक मजबूत बयान दिया है।

आरसीबी के पूर्व तेज गेंदबाज वेन पार्नेल भी सूर्यकुमार की बल्लेबाजी की क्षमता से प्रभावित हैं। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ने कहा कि सूर्यकुमार टी20 प्रारूप में कितने अच्छे हैं, यह जानने के लिए डीएनए टेस्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा- क्या कभी किसी ने सूर्यकुमार यादव का डीएनए टेस्ट किया है? यह लड़का अलग है, बिल्कुल अलग।

पावरप्ले के अंदर मुंबई के 31 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार और तिलक वर्मा (32 गेंदों पर नाबाद 37) की जोड़ी ने मिलकर 143 रनों की नाबाद साझेदारी करके 22 गेंदें शेष रहते शानदार जीत दर्ज की। सूर्या ने टूर्नामेंट में पहले भी तीन अर्धशतक लगाकर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई थी, लेकिन वह नियंत्रण में दिखे और एसआरएच के गेंदबाजों की धुनाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को नाबाद शतक में बदल दिया।

# सचिन तेंदुलकर ने नाराज पड़ोसियों को खुश कर दिया, घर में निर्माण कार्य से गुस्सा थे आसपास के लोग





**मुंबई (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर गलत वजहों से चर्चा में हैं। सचिन के पड़ोसी उनसे नाराज है। पड़ोसियों का आरोप है कि क्रिकेट के भगवान की वजह से उनकी रात की नींद और दिन का चैन खो चुका है। सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर भी की जा चुकी है। दरअसल, दिलीप डिसूजा नाम के एक एक्स यूजर का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में कहा गया है कि सचिन के घर में निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान काफी तेज आवाज आ रही थी। पोस्ट में बताया गया कि रात नौ बजे के करीब भी निर्माण कार्य जारी था। इसी बात को लेकर पड़ोसी सचिन तेंदुलकर से नाराज थे।

प्रिय सचिन तेंदुलकर, फिलहाल रात के करीब 9 बज रहे हैं और आपके बांद्रा स्थित घर के बाहर जो सीमेंट मिक्सर पूरे दिन तेज आवाज करता रहा है, अभी भी वहीं है, अभी भी तेज आवाज कर रहा है। कृपया क्या आप अपने घर पर काम करने वाले लोगों से सही वक्त का पालन करने के लिए कह सकते हैं? आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये वह पोस्ट है जो दिलीप डिसूजा नामक यूजर के एक्स अकाउंट से पोस्ट किया गया।

हालांकि इसके कुछ ही देर बाद दिलीप डिसूजा अकाउंट से पूरे मामले में एक फॉलोअप पोस्ट भी शेयर की गई, जिसमें लिखा था कि उन्हें सचिन तेंदुलकर के ऑफिस से कॉल आया। उस कॉल पर बताया गया कि कोशिश की जाएगी कि कंस्ट्रक्शन वर्क के समय कम से कम आवाज हो।

सोशल मीडिया पर लोग इस पोस्ट के बाद लोग हमेशा की तरह दो गुट में बंट चुके हैं। कुछ लोगों का कहना है कि दिलीप डिसूजा का यह बस एक पब्लिसिटी स्टंट है तो वहीं कुछ लोगों ने सलाह दी कि डिसूजा को सचिन तेंदुलकर को टैग करने के बजाए बीएमसी को टैग करना चाहिए था। यहां बताना जरूरी हो जाता है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी के नियमों के मुताबिक निर्माण कार्य सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक जारी रखने की अनुमति है।

## टी20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ीः शास्त्री

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, 'दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

# ड्रेसिंग रूम में रोने लगे रोहित शर्मा! आंसुओं से डबडबाई आंखें, चेहरे पर साफ दिखी हताशा

**मुंबई (एजेंसी)।** वानखेड़े स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस की सात विकेट की जीत के बावजूद टी-20 क्रिकेट में



रोहित शर्मा की फॉर्म टेंशन दे रही है। इस सीजन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ शतक जड़ने के बाद से रोहित की खराब फॉर्म जारी है। एक महीने के बाद टी-20 विश्व कप शुरू होने वाला है, ऐसे में भारतीय कप्तान को लेकर चिंताएं लाजिमी है। बीती रात दुनिया के सबसे विस्फोटक ओपनर्स में शुमार रोहित शर्मा पांच गेंद में सिर्फ चार रन पर चलते बने। आउट होने के बाद उन्हें ड्रेसिंग रूम में निराश देखा गया। कैमरा जब उन पर फोकस हुआ तो पूरी दुनिया ने देखा कि रोहित कितने मायूस थे। चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। आंखें भी नम थीं, जिसे पोछते हुए वह साफ देखे जा सकते थे।

इस साल अचानक मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए गए रोहित शर्मा ने सीजन की अपनी पहली सात पारियों में 297 रन बनाए, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 49 रन और सीएसके के खिलाफ घरेलू मैदान पर नाबाद 105 रन शामिल थे। हालांकि, अपने अगले पांच मैच में वह सिर्फ 34 रन ही जोड़ सके हैं, जिसमें चार स्कोर सिंगल डिजिट में हैं। मुंबई में बीती रात रोहित विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की एक लैंथ गेंद पर आउट हो गए। वह इसे स्क्वायर के ऊपर से फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन शॉट खेलने में जल्दबाजी की और गेंद आसमान में ऊंची चली गई। विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन ने आराम से इसे पकड़कर रोहित का काम तमाम कर दिया।सोशल मीडिया मुंबई इंडियंस ड्रेसिंग रूम के अंदर रोहित के रोने की तस्वीरों और वीडियो से भरा हुआ है

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च

## ● नीले के साथ ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन, कॉलर पर तिरंगे के रंग

**एडिडास (एजेंसी)।** एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लॉन्च का वीडियो शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा के साथ कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी दिखाया गया। यह वीडियो धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम का है।

एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लॉन्च का वीडियो शेयर किया। वीडियो में कप्तान रोहित शर्मा के साथ कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी दिखाया गया। यह वीडियो धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम का है।

अगले महीने वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी-20 वर्ल्डकप में टीम इंडिया नई जर्सी में नजर आएगी। टीम की ऑफिशियल किट स्पॉन्सर एडिडास ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए नई जर्सी जारी की। नई डिजाइन की गई जर्सी नीले रंग की है। इसके साथ ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन है। वहीं, वी-शेप्ड कॉलर पर तिरंगे के रंग हैं।

# आज प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स



को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीनुल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर कृणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

### संभावित प्लेइंग 11

**सनराइजर्स हैदराबाद** – अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, मार्को जानसन, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, सनवीर सिंह, ट्रैविस हेड, मयंक अग्रवाल, नितीश कुमार रेड्डी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** – केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन

# बुमराह को आराम देने पर बोले कोच पोलार्ड, अभी आराम देने का कोई इरादा नहीं है

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।



टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है। लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

वहीं सनराइजर्स के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर मैच उनकी जद से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है। उसके जैसा बल्लेबाज मिलना मुश्किल है।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लेकर युवराज ने किया रोहित का समर्थन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के एमबेस्डर युवराज सिंह ने कप्तान रोहित शर्मा के समर्थन में सामने आए और अमेरिका और वेस्ट इंडीज में खिताब में उनके नेतृत्व करने के लिए समर्थन किया। युवराज ने मौजूदा कप्तान के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उन्हें एक बेहद प्रतिभाशाली युवा से भारतीय क्रिकेट के अग्रणी सितारों में से एक और आधुनिक समय का महान बल्लेबाज बनते हुए देखा है। युवराज ने कहा कि रोहित का नेतृत्व कौशल और दबाव में शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रभावित करेगी। यह आईसीसी आयोजनों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को समाप्त करने की संभावनाओं की कुंजी होगी।

युवराज ने कहा, रोहित की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। मुझे लगता है कि हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है, एक समझदार कप्तान जो दबाव में अच्छी तरह से निर्णय लेता है। वह निर्णय लेने वाला व्यक्ति है। जब हम (क्रिकेट विश्व कप) हारे थे तो वह कप्तान थे ) 50 ओवर का फाइनल (2023 में)। उन्होंने एक कप्तान के रूप में पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। मुझे लगता है

## हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है

कि हमें भारत की कप्तानी के लिए उनके जैसे व्यक्ति की जरूरत है।

आईसीसी आयोजनों में भारत की ट्रॉफी



का सूखा 2011 वनडे विश्व कप के बाद से चला आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी आयोजनों में भारत के लिए यह बहुत करीबी मामला रहा है, पिछले साल के एकदिवसीय विश्व कप में इसका उदाहरण सामने आया। चाहे वह 2022 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार हो, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल और पिछले साल का 50 ओवर का विश्व कप, भारतीय क्रिकेट को पिछले कुछ वर्षों में विश्व आयोजनों में कई दुखों का सामना करना पड़ा है।

2024 पुरुष टी20 विश्व कप में जाने के लिए, प्रशंसक अंतिम बाधा में हारने के बजाय रोहित और उनके लड़कों पर भरोसा कर रहे हैं कि वे जीत हासिल करेंगे। युवराज और रोहित के बीच का बंधन भारतीय सेटअप में मुंबईकर के शुरुआती दिनों से चला आ रहा है। यह कोई रहस्य नहीं है कि युवी ड्रेसिंग रूम में रोहित के सबसे करीबी दोस्तों में से एक थे और अब भी हैं। जब रोहित ने देश के लिए पदार्पण किया तो युवराज भारतीय टीम के सितारों में से एक थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज का विकेट गिरने के बाद युवा रोहित ने 2007 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिदृश्य में कदम रखा और आयरलैंड के खिलाफ विलो के साथ टीम के लिए अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की।

उनके क्रिकेट संबंध 2019 में पूर्ण रूप से सामने आए जब युवराज ने रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के साथ अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन में भाग लिया। इसके बाद युवराज ने जून 2019 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

### टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**रिजर्व** – शुबमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, अवेश खान।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही: अनु कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** बहुत प्रतीक्षित फिल्म हमारे बारह जिसमें अनुभवी अभिनेता अनु कपूर और टेलीविजन के लोकप्रिय अभिनेता पार्थ समथान मुख्य भूमिका में हैं, ने एक नया शीर्षक और आधिकारिक रिलीज़ की तारीख प्राप्त की है। पहले यह फिल्म हम दो हमारे बारह के नाम से जानी जाती थी, जिसे सेंसर बोर्ड के निर्देशानुसार अब हमारे बारह नाम दिया गया है। यह फिल्म 7 जून को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होने वाली है। इस घोषणा को चिह्नित करने के लिए फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जो दर्शकों को फिल्म के बारे में एक झलक देता है। हमारे बारह का निर्देशन कमल चंद्रा द्वारा किया गया है और इसका निर्माण राधिका जी फिल्म और न्यूटेक मीडिया एंटरटेनमेंट, रवि एस. गुप्ता, बिरेन्दर भगत, संजय नागपाल, और शिओ बालक सिंह ने किया है। फिल्म का सह-निर्माण त्रिलोकी प्रसाद ने किया है। इस फिल्म में अश्विनी कालसेकर, राहुल बग्गा , परितोष तिवारी, नवोदित अदिति भतपहरी और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में उत्साहित होकर, बहुमुखी अभिनेता अनु कपूर ने कहा, हमारे बारह पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह फिल्म कुछ जटिल और संवेदनशील विषयों पर आधारित है, और मुझे विश्वास है कि नया शीर्षक हमारी कहानी के साथ अधिक मेल खाता है। मैं दर्शकों को इस परियोजना का दिल और आत्मा अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।फिल्म के बारे में अधिक बात करते हुए, निर्माता रवि एस गुप्ता और बीरेंद्र भगत ने कहा, हमारे बारह का निर्माण करना एक विशेषाधिकार रहा है। इस कहानी को जीवंत करने के लिए सभी टीमों ने अथक परिश्रम किया है, और मैं इतनी सारी बाधाओं के बाद आखिरकार दर्शकों के साथ फिल्म साझा करने के लिए रोमांचित हूं। नया शीर्षक फिल्म के सार को दर्शाता है, और मुझे विश्वास है कि यह दर्शकों को पसंद आएगा। यह फिल्म हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या को उजागर करेगी और हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों के लिए एक आंख खोलने वाली फिल्म होगी।

### ओसामा बिन लादेन की फोटो और आईएस के झंडे रखने पर किसी को आतंकवादी नहीं मान सकते

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोई ओसामा बिन लादेन की तस्वीर रखता है और आईएसआईएस के झंडे उसके पास पाए जाते हैं तो सिर्फ इसी आधार पर उसके खिलाफ यूएपीए के तहत ऐक्शन नहीं हो सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जाता है। अदालत ने एनआईए बनाम अम्मर अब्दुल रहमान के केस की सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसी सामग्री मिलने भर से किसी को आतंकवादी नहीं कहा जा सकता। महज इसके आधार पर ही इतना कहना ठीक नहीं होगा कि वह व्यक्ति इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठन से जुड़ा है।

### पेपर स्प्रे बेहद खतरनाक हथियार है, कर्नाटक हाई कोर्ट ने कह दी बड़ी बात

**बेंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा है कि पेपर स्प्रे एक खतरनाक हथियार है। कोर्ट ने सी कृष्णैया शेट्टी ऐंड सन्स ब्रैंड के डायरेक्टर सी गणेश नारायण और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को खारिज करने से साफ इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने बेंगलुरु के शिवाजीनगर स्थिति शोरूम में तैनात गार्ड पर पेपर स्प्रे डाला था। इसके अलावा परिसर में काम करने वाले कुछ अन्य कर्मचारियों पर भी इसका इस्तेमाल किया गया था। जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई थी और इसके बाद सी गणेश की पत्नी विद्या नटराज ने पेपर स्प्रे डाल दिया। पीड़ित रणदीप दास ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने सी गणेश और उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। याचिकार्ता ने कोर्ट में कहा है कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया था और आईपीसी की धारा 100 के तहत सबको आत्मरक्षा का अधिकार मिला हुआ है। उन्होंने दावा किया कि दास ने उनकी संपत्ति से छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी।

# दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरस रही आग, पारा 40 डिग्री के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर के इलाके में तेजी से बढ़ती गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पारा और तेजी से चढ़ेगा। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री पार हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, रात में आंधी आने की भी संभावना जताई गई है। बीते 3 दिन से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है।

दिल्ली में सोमवार को तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। सोमवार को सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 59 से 23 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस था।

मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को तापमान एक बार फिर बढ़ेगा और इसके 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि मंगलवार देर रात धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है और 45 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस सफदरजंग में इस साल का अब तक का सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी का कहना है कि सप्ताह के शेष दिनों में अधिकतम तापमान 41 और 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहना चाहिए।

आईएमडी के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में सोमवार को दिन के दौरान तेज सतही हवाएं दर्ज की गईं, जिससे आसमान साफ होने के बावजूद पारा बहुत ऊपर नहीं चढ़ सका। यही कारण है कि हमने रविवार की तुलना में मामूली गिरावट देखी। मंगलवार को आसमान साफ रहेगा और इससे अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। सफदरजंग में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और शहर के अन्य हिस्सों में इससे भी अधिक हो सकता है।

श्रीवास्तव ने कहा कि किसी स्टेशन पर मैदानी इलाकों में लू चलने के लिए अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होना चाहिए, साथ ही सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हीटवेव मानदंडों को पूरा करने के लिए एक स्टेशन को 45 डिग्री सेल्सियस को पार करना होगा। देश के अन्य हिस्सों में ऐसी स्थिति होने के बावजूद, दिल्ली में इस साल अब तक गर्मी की लहर दर्ज नहीं की गई है। नोएडा में भी लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल दिखे। सोमवार को नोएडा का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले तीन डिग्री ज्यादा है। इस हफ्ते के अंत तक अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री तक रह सकता है। गुरुग्राम में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल



वहीं, गुरुग्राम में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। सोमवार को दिन में तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन चढ़ते ही जहां सूरज की तल्ख धूप ने लोगों को झुलसाया, वहीं लू के थपेड़ों ने हर वर्ग के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। सुबह 9 बजते ही सूरज का कहर शुरू हो जाता है, जो दोपहर तक अपने पूरे चरम पर होता है। गर्मी के बढ़ते कहर के कारण लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय बच्चे भी अपने घरों में दुबके रहते हैं। गर्मी के कारण दोपहर के बाद सड़कों व मार्केट में सन्नाटा छा गया। गर्मी से बेहाल लोगों को कूलर पंखों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। दरअसल, एक मई से ही शहर का पारा ऊपर चढ़ता जा रहा है। तेज गर्मी ने आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। शरीर को झुलसा देने वाली धूप से बचने के लिए लोग हर कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को शहर का अधिकत्तम तापमान 40.7 रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि रविवार से .3 डिग्री सेल्सियस की हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

## 1500 खरीदारों को नहीं दिया घर, बहन की आलीशान शादी में उड़ा दिए करोड़ों

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर की पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभास मेहला की अदालत में पेश किया। अदालत ने उनकी रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। ईडी ने छोकर की नौ दिन की और रिमांड मांगी। ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है।

राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाले गए हैं। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पांच दिन के रिमांड के दौरान चार लोगों को सामने बैठाकर पूछताछ की गई थी। अब रिमांड के दौरान सात और लोगों से भी पूछताछ करनी है। जबकि प्रबंध निदेशक के वकील ने ईडी के रिमांड मांगने का विरोध किया और उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप गलत है।

कोर्ट ने तमाम साक्ष्यों को देखते हुए ईडी को तीन दिन रिमांड की अवधि और बढ़ा दी। रिमांड के दौरान कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिए कि आरोपी को मेडिकल करवाना होगा। इसके अलावा रोजाना दोपहर को दो से तीन बजे के बीच उनके वकील उनसे मिल सकते हैं।

ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है। राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाला गया है। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है।

ईडी ने बताया कि साईं आईना फार्म प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी बैंक गारंटी देकर सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स को विकसित करने के लिए लाइसेंस लिया था। ईडीसी के नाम पर करीब 2.63 करोड़ और आईडीसी के नाम पर करीब 1.24 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी थी। 31 मई, 2023 को राजेंद्रा पार्क में माहिरा बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ फर्जी दस्तावेज पेश करके 163.41 करोड़ रुपये फ्लैट खरीदारों से वसूलने को लेकर एफआईआर दर्ज है। करीब 104.13 करोड़ रुपये का दुरुपयोग हुआ है। माहिरा होम्स समूह ने सेक्टर 63ए, 68, 95, 103 और 104 में अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत खरीदारों से करोड़ों रुपये वसूल किए हैं। सभी काम बंद होने के कारण करीब पांच हजार परिवार परेशान हैं। 14 जनवरी, 2021 को माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर के खिलाफ थाना सुशांत लोक में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई थी। ईडी ने प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत मामला दर्ज किया था।

## दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं मनोज तिवारी, दूसरे नंबर पर बिधूड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में भोजपुरी गायक से नेता बने 53 साल के मनोज तिवारी सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 28.05 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वह गाने गाकर, अभिनय करके और एक सांसद के तौर पर ये आय अर्जित करते हैं। दूसरे नंबर पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 21.08 करोड़ रुपये है। 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार, 71 साल के बिधूड़ी की आय 14.93 लाख रुपये थी। तीसरे स्थान पर चुनावी मैदान में पश्चिमी दिल्ली से उतरे आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा (69) हैं। उनकी कुल संपत्ति 19.93 करोड़ रुपये है। चौथे नंबर पर दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज हैं। ऑक्सफोर्ड रिटर्न वकील (40) के पास 19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है। इसके बाद आप से नाता तोड़कर बसपा का दामन थामने वाले राज कुमार आनंद का नंबर आता है। वे 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। नई दिल्ली सीट से पहली बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं बांसुरी स्वराज ने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास पास दो वाहन हैं, जिनमें 2023 में खरीदी गई हाई-एंड मर्सिडीज बेंज भी शामिल है। उनके पास हरियाणा के पलवल में संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा है, जिसकी कीमत 99.34 लाख रुपये है और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं - दो जंतर मंतर पर और एक हेली रोड पर स्थित हैं। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने साल 2022-23 में दाखिल आयकर रिटर्न में अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई।









दिल्ली की उत्तर पूर्व सीट से तिवारी के खिलाफ रण में उतरे कांग्रेस के कन्हैया कुमार की कुल संपत्ति 10.65 लाख रुपये है। उन्होंने जेएनयू से पीएचडी की है जो 2019 में पूरी हुई। वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की कमलजीत सहरावत ने अपने चुनावी हलफनामे में 1.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 27.60 लाख रुपये की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके पास हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला से कॉमर्स में मास्टर की डिग्री है। चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल (64) के पास 6.62 करोड़ रुपये की संपत्ति है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरे थर्ड जेंडर राजन सिंह (26) ने हाल ही में दक्षिणी दिल्ली सीट से पर्चा दाखिल किया। सिंह के चुनावी हलफनामे के अनुसार उनके पास कैश इन हैंड 1 लाख रुपये, 200 ग्राम सोना और बैंक खाते में लगभग 10,000 रुपये सहित कुल 15.10 लाख रुपये की चल संपत्ति है। वहीं पूर्वी दिल्ली से आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार (35) ने 21.41 लाख रुपये की चल संपत्ति घोषित की है। उनके पास कोई अचल संपत्ति नहीं है। वह दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्याम लाल कॉलेज से ड्रॉपआउट हैं।

## दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा वैश्विक मंदी का असर

**न्यूयार्क, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी अमरीकी अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मंदी का असर दिखने लगा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि नौकरी बाजार में कदम रखने से पहले अब भारतीयों को इंटर्नशिप करने के प्रस्ताव भी नहीं मिल पा रहे हैं। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि आइवी लीग विश्वविद्यालयों के छात्रों को भी इंटर्नशिप प्रस्ताव पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि आइवी लीग संयुक्त राज्य अमरीका में आठ प्रतिष्ठित निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक समूह है, जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, समृद्ध इतिहास और चयनात्मक प्रवेश प्रक्रिया के लिए जाना जाता है। इस समूह में ब्राउन यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, डार्टमाउथ कॉलेज, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और येल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। अनुभव हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अमरीका में कई छात्रों, शिक्षा सलाहकारों और भारतीय-अमरीकी पेशेवरों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक मंदी ने प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसरों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

## न्यूयॉर्क टाइम्स और रॉयटर्स को गाजा युद्ध कवरेज के लिए मिला पुलित्जर अवार्ड

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
पुलित्जर पुरस्कारों में गाजा में युद्ध को प्रमुखता से दिखाया गया, जिसमें इजरायल-हामा के संघर्ष को कवर करने वाले पत्रकारों को विशेष प्रशस्ति मिली।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल में हमास के घातक हमले की व्यापक और रहस्योद्घाटन कवरेज के साथ-साथ इजरायली सेना की व्यापक, घातक प्रतिक्रिया पर रिपोर्टिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग में पुलित्जर जीता। इस बीच रॉयटर्स ने 7 अक्टूबर के हमले और इजरायली प्रतिक्रिया के रॉ एंड अर्जेंट कवरेज के लिए ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी के लिए पुरस्कार जीता, जबकि एक विशेष प्रशस्ति पत्र में गाजा में युद्ध को कवर करने वाले पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को मान्यता दी गई। समिति ने कहा, इस युद्ध ने कवियों और लेखकों की भी जान ले ली है। जैसा कि पुलित्ज़र पुरस्कार पत्रकारिता, कला और पत्रों की श्रेणियों का सम्मान करते हैं, हम मानव अनुभव के अमूल्य रिकॉर्ड के नुकसान को चिह्नित करते हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय में दिए गए पुरस्कार ऐसे समय में दिए गए हैं, जब न्यूयॉर्क कॉलेज को फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस बुलाने के बाद प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बड़े पैमाने पर मीडिया को घटनास्थल से रोका और घटनाओं को कवर करने वाले छात्र पत्रकारों को गिरफ्तारी की धमकी दी। कोलंबिया के दो छात्र अखबार संपादकों ने सप्ताहांत में एक लेख में विश्वविद्यालय द्वारा अपनी रिपोर्टिंग को दबाए जाने को रेखांकित किया, जिसमें पुलिस से गिरफ्तारी की धमकियां और विश्वविद्यालय से वीडियो और तस्वीरें सौंपने की मांग शामिल थी। अन्य पुरस्कारों में प्रवासी बाल श्रम, कानूनी प्रणाली में नस्लीय असमानताओं और बंदूक हिंसा पर अमेरिकी पत्रकारों की रिपोर्टिंग को सम्मानित किया गया। लेखिका जेने ऐनी फिलिप्स ने अमेरिकी गृह युद्ध के दौरान और उसके बाद एक मां और बेटी के बारे में अपने उपन्यास नाइट वॉच के लिए फिक्शन पुरस्कार जीता, जबकि नॉनफिक्शन पुरस्कार नाथन थ्रॉल के ए डे इन द लाइफ ऑफ अबेद सलामाः एनाटॉमी ऑफ ए यरुशलम ट्रेजडी को दिया गया। समिति ने पश्चिमी तट पर इजरायल के कब्जे के तहत जीवन के सूक्ष्म रूप से प्रस्तुत और अंतरंग विवरण की सराहना की, जो एक फलस्तीनी पिता के चित्र के माध्यम से बताया गया है, जिसका पांच वर्षीय बेटा एक भीषण स्कूल बस दुर्घटना में मर जाता है।




# हमास की सीज फायर पर सहमति को इजराइल ने ठुकराया, राफा में सैन्य अभियान किया शुरू

**यरूशलम , एजेंसी।** इजराइली नेताओं ने गाजा पट्टी के राफा शहर में एक सैन्य अभियान को मंजूरी दे दी है और इजराइली सेना अब क्षेत्र में हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह कदम हमास द्वारा यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद आया कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह प्रस्ताव इजराइल की आवश्यक मांगों से बहुत दूर था, लेकिन फिर भी वह संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखने के लिए वार्ताकारों को भेजेगा।

हमास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। इस वजह से यह निश्चित नहीं है कि गाजा में सात महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए कोई समझौता हुआ है या नहीं। आगे और भी रक्तपात की आशंका को रोकने के लिए समझौता आशा की पहली किरण था। कुछ



घंटे पहले ही इजराइल ने लगभग 1,00,000 फलस्तीनियों को दक्षिणी गाजा शहर रफह को खाली करने का आदेश दिया था। इससे यह संकेत मिले थे कि जल्द ही हमला होगा। अमेरिका और इजराइल के अन्य प्रमुख सहयोगी देश रफह पर हमले का विरोध कर रहे हैं। इस शहर में लगभग 14 लाख फिलीस्तीनी शरण लिए हुए हैं, जो गाजा की आधी से अधिक आबादी के बराबर है।

हमास की घोषणा के बाद राफा में फिलीस्तीनी खुशी से झूम उठे थे। उन्हें इससे हमला टलने की उम्मीद थी। इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने हमास की प्रतिक्रिया पर कहा, हम प्रत्येक उत्तर की जांच कर रहे हैं और बहुत गंभीरता से जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच इजराइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा। इजराइल की योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमास का प्रस्तव इजराइल की रूपरेखा के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी हमास की प्रतिक्रिया की समीक्षा कर रहे हैं और क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा कर रहे हैं। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस बात की जांच कर रहा है कि क्या हमास इजराइल और अंतरराष्ट्रीय वार्ताकारों द्वारा किए गए समझौते के किसी संस्करण पर सहमत है या कुछ और है। प्रस्ताव का विवरण जारी नहीं किया गया है। पिछले हफ्ते इस क्षेत्र का दौरा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास पर समझौता करने के लिए दबाव डाला था। मिस्र के अधिकारियों के अनुसार हमास इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई के बदले में युद्ध खत्म करने और इजराइल की पूर्ण रूप से वापसी की अपनी प्रमुख मांग के लिए स्पष्ट गारंटी चाह रहा था। इजराइल डिफेंस फोर्सेस का दावा है कि गाजा के राफा इलाके में उसकी चार बटालियन मौजूद हैं। इजराइल के इस मिलिट्री ऑपरेशन को जंग के आखिरी पड़ाव के तौर पर देखा जा सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि राफा इलाके को जल्द खाली कराया जाएगा ताकि वहां जो भी सिविलियन्स मौजूद हैं, उन्हें नुकसान न पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राफा में इस वक्त 14 लाख लोग हैं। इनमें ज्यादातर वो लोग हैं तो इजराइली ऑपरेशन शुरू होने के बाद गाजा के अलग-अलग हिस्सों से भागकर यहां पनाह लेने पहुंचे हैं। हाल ही में इजिप्ट और अमेरिका के कुछ डिप्लोमैट्स इजराइल गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक- इन लोगों ने इजराइल को धमकी दी थी कि अगर उसने राफा में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया तो यूरोप और इजराइल के बीच सिक्योरिटी ट्रीटी रद्द कर दी जाएगी।

### राफा क्रॉसिंग के फलस्तीनी हिस्से पर इजरायली बलों का कब्जा, एक दिन पहले लोगों को दी थी चेतावनी

**यरूशलम , एजेंसी।**
इजरायली बलों ने राफा क्रॉसिंग के फलस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। इजरायल के आर्मी रेडियो ने मंगलवार को इसका दावा किया है। पुष्टि के लिए इजरायली सेना जल्द ही एक बयान भी पब्लिश करेगी। बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है। इससे एक दिन पहले यानी 6 मई को इजरायली सेना ने कहा था कि वह किसी भी वक्त राफा पर हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए सोमवार को इजरायली बलों ने फलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया था।बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129